राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 341
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 22 जून 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 यूरोपीय शहरों के तर्ज पर दिल्ली की सड़कों का सौंदर्यीकरण करवा रही है केजरीवाल सरकार, सिसोदिया ने शांतिवन से राजघाट तक की सड़क

पेज 5 रामपुर के रण में सीएम योगी का आजम पर तंज, बोले- 'रस्सी जल गई ऐंठन नहीं गई'

पेज 7 इथियोपिया में भयंकर गोलीबारी में 320 लोगों की मौत, हमले के पीछे ओरोमो लिबरेशन आर्मी का हाथ?

## छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर मुठभेड़, तीन जवान शहीद

### सीआरपीएफ की रोड ओपनिंग पार्टी ड्यूटी पर निकली थी, नक्सलियों ने घात लगाकर कर दिया हमला

एजेंसी

गरियाबंद। छत्तीसगढ़-ओडिशा की सीमा पर मंगलवार को सुरक्षाबलों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 3 जवान शहीद हो गए। दरअसल सीआरपीएफ की रोड ओपनिंग पार्टी ड्यूटी पर निकली थी। उसी दौरान हमला हो गया। जवानों ने भी नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। जानकारी मिली है कि नक्सलियों को पहले से इस बात की सूचना थी कि जवान यहां पर आने वाले हैं। इसलिए उन्होंने एंबुश (घात) लगाकर जवानों को फंसाया, फिर फायरिंग शुरू कर दी।



#### गरियाबंद जिले से लगे जंगल में नक्सलियों का हमला

जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद इलाके से लगे ओडिशा के नुवापाड़ा जिले में सीआरपीएफ 19 बटालियन के जवान रोड ओपनिंग ड्यूटी पर निकले थे। वो अभी भैंसादानी थाना क्षेत्र के बड़ापारा के जंगल के पास पहुंचे थे, तभी जंगल से नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

इसी फायरिंग में एएसआई-शिशुपाल सिंह, एएसआई-शिवलाल और कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र कुमार सिंह शहीद हो गए हैं। शिशुपाल सिंह उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले थे। शिवलाल महेंद्रगढ़ और धर्मेंद्र सिंह रोहतास के रहने वाले थे।

#### मौके पर करीब 100 नक्सली

**फायरिंग की आवाज आने पर जवानों ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। कहा जा रहा है कि मौके पर 100 से ज्यादा नक्सली मौजूद थे। फिलहाल सर्च अभियान तेज कर दिया गया है। साथी जवानों ने शहीद हुए जवानों के शव किसी तरह वहां से निकाले। जवानों के शव कैंप तक भेजे जा रहे हैं। नक्सलियों को कितना नुकसान हुआ है। अभी यह पता नहीं चल सका है।**

#### मुठभेड़ वाली जगह से हथियार भी मिले

मौके से कुछ हथियार भी बरामद किए गए गए हैं। घटनास्थल के पास में ही सीआरपीएफ का एक कैंप भी कुछ दिन पहले खुला है। यह इलाका नक्सलियों के कोर इलाके में गिना जाता है।

## मालदीव में योग दिवस कार्यक्रम में उपद्रव

### इस्लामिक कट्टरपंथियों ने योग कर रहे लोगों पर धावा बोला, राष्ट्रपति ने दिए जांच के आदेश

**माले।** कल दुनियाभर में 8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा गया। इस मौके पर मालदीव की राजधानी माले के गालोल्हू नेशनल फुटबॉल स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इस बीच इस्लामिक कट्टरपंथियों के एक ग्रुप ने स्टेडियम पर धावा बोल दिया। राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

कार्यक्रम के दौरान अचानक 100 से ज्यादा लोग स्टेडियम में झंडा लेकर दौड़ते हुए घुस आए और लोगों को भगा दिया। इस दौरान कट्टरपंथियों ने स्टेडियम में लगे योग से जुड़े पोस्टर-बैनर और बोर्ड तोड़ दिए। इतना ही नहीं इन लोगों ने कैमरे में रिकॉर्ड कर रहे लोगों पर भी हमला बोला। वीडियो में देखा जा सकता है कि कट्टरपंथियों ने अपने हाथों में कुछ तख्तियां और पोस्टर ले रखे थे। इस पर योग के विरोध में नारे लिखे गए थे। इस पर अंग्रेजी में लिखा था- योग इज शिर्क यानी इस्लाम में योग करना पाप है।




#### अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी

मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा- मालदीव पुलिस ने सुबह गालोल्हू स्टेडियम में हुई घटना की जांच शुरू कर दी है।

यह एक गंभीर चिंता का विषय है, और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कानून के सामने लाया जाएगा।

#### इंडियन कल्चर सेंटर ने कार्यक्रम आयोजित किया था

यह कार्यक्रम इंडियन कल्चर सेंटर की तरफ से आयोजित किया गया था। प्रोग्राम में हाई लेवल डिप्लोमैट्स और कई सरकारी अधिकारी भी मौजूद थे। मंगलवार सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ कट्टरपंथियों ने हमला कर दिया। इससे पहले भी कार्यक्रम रोकने की धमकी दी गई थी।

#### 2014 में मालदीव ने किया था योग दिवस का सपोर्ट

2014 में जब संयुक्त राष्ट्र ने योग दिवस को मान्यता दी थी, तब 177 देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया था। खास बात यह है कि मालदीव भी इन 177 देशों में शामिल था, इसके साथ ही उसने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को को-स्पॉन्सर करने के पक्ष में वोट दिया था।

## कांग्रेस नेता की शर्मनाक हरकत कैमरे में कैद, पुलिस पर थूका; वीडियो वायरल

एजेंसी

नई दिल्ली। ईडी द्वारा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पूछताछ का विरोध कर रहीं कांग्रेस की एक नेता की शर्मनाक हरकत कैमरे में कैद हो गई। महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा मंगलवार को सुरक्षा कर्मियों पर थूकते नजर आईं। उनकी यह हरकत कैमरे में कैद हो गई जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने भी उन पर निशाना साधा है।

बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता रेणुका चौधरी का वीडियो सामने आया था जिसमें वे एक पुलिस अधिकारी का कॉलर पकड़ते हुए दिख रही थीं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'नेशनल हेराल्ड' समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के एक मामले में चार दिनों की पूछताछ के बाद मंगलवार को फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में पेश हुए और जांच एजेंसी उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता भी लगातार अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई ने महिला कांग्रेस अध्यक्ष का वीडियो शेयर किया है।

वे ईडी के खिलाफ दिल्ली में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इस घटना पर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ट्वीट कर लिखा, शर्मनाक और निंदनीय। असम में पुलिस की पिटाई करने के बाद और हैदराबाद में उसका कॉलर पकड़ने के बाद अब महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा ने पुलिस और महिला सुरक्षा कर्मियों पर थूका।

केवल इसलिए थूक दिया क्योंकि राहुल से ईडी भ्रष्टाचार के लिए पूछताछ कर रही है। क्या सोनिया, प्रियंका और राहुल उन पर कार्रवाई करेंगे?

वहीं ऑल इंडिया महिला कांग्रेस ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, सत्ता के अहंकार में चूर तानाशाह मोदी सरकार हम पर जितना अत्याचार करेंगे।

हमारा जज़्बा उतना ही बढ़ता जाएगा! महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री @dnetta को जबरन हिरासत में लेती मोदी जी की कठपुतली पुलिस!

## अग्निपथ हिंसा में 1000 करोड़ की रेल संपत्ति तबाह

### 12 लाख लोगों की यात्रा रुकी, 1.5 लाख यात्री फंसे; 70 करोड़ रुपए रिफंड करने पड़े

नई दिल्ली। पिछले चार दिन से अग्निपथ योजना पर देश के कई हिस्सों में भारी बवाल मचा है। इसमें ट्रेनों को सबसे ज्यादा निशाना बनाया गया। इससे रेलवे की संपत्ति और यात्रियों के रिफंड को मिलाकर कुल एक हजार करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका है। यही नहीं, 12 लाख लोगों को यात्रा रद्द करनी पड़ी। 922 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द हुईं। 120 मेल ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द हुईं।

डेढ़ लाख यात्रियों को बीच रास्ते में ट्रेन छोड़नी पड़ी। 5 लाख से ज्यादा क्ष्क्ष्रद्द हुए। करीब 70 करोड़ रुपए का यात्रियों को रिफंड दिया गया। पूर्व मध्य रेल जोन को 241 करोड़ रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ। जिस सार्वजनिक संपत्ति को प्रदर्शनकारियों द्वारा अंधाधुंध निशाना बनाया जा रहा है,



उसमें करोड़ों करदाताओं की गाढ़ी कमाई लगी हुई है।

#### रेलवे को कैसे नुकसान हुआ?

चार दिनों में देश भर में 922 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें रद्द हुई हैं। यदि एक PNR पर 3 यात्री मानें तो कुल 5 लाख से अधिक PNR रद्द हुए हैं, हर ट्रेन में औसतन 1200 से 1500 तक यात्री चलते हैं, जिससे करीब 12 लाख लोगों की यात्रा कैंसिल हुई। रेल मंत्रालय ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि एक यात्री का किराया कम से कम 600 रुपए मानें तो कुल 70 करोड़ रुपए का रिफंड लौटाया जा रहा है। इसमें एसी 3, सेकंड एसी और फर्स्ट एसी के किराए को शामिल करें तो रिफंड 100 करोड़ रुपए का होगा। 827 पैसेंजर ट्रेनें कैंसिल रहीं। 120 मेल एक्सप्रेस ट्रेनें आंशिक रूप से कैंसिल रहीं, जिससे करीब डेढ़ लाख यात्रियों को बीच में ही ट्रेन छोड़कर यात्रा रद्द करनी पड़ी।

#### एक ट्रेन की लागत क्या होती है?

मेल एक्सप्रेस 24 कोच की होती है। इंजन 12 करोड़ रुपए का है। एसी कोच ढाई करोड़, स्लीपर जनरल कोच 2 करोड़ रुपए का होता है। एक ट्रेन 30 करोड़ रुपए की पड़ती है। विरोध में 21 ट्रेनें अलग-अलग जगह जलाई गईं।

#### सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में यूपी सबसे आगे

अग्निपथ योजना को लेकर विरोध प्रदर्शन 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। इस दौरान यूपी-बिहार में सार्वजनिक संपत्ति को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया गया। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट देखें तो ऐसे मामलों में 28ब्ब तक की कमी आई थी, लेकिन क्कसमेत 6 राज्यों में केस बढ़े थे। केस की संख्या में उत्तर प्रदेश (2217) सबसे ऊपर है। तमिलनाडु (668) दूसरे नंबर पर है।

#### उद्योगपतियों ने भी कहा-हिंसा और उपद्रव गलत

महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका, टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन व बायोकॉन की चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने अग्निपथ योजना का समर्थन किया। कहा- प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के अच्छे मौके हैं। हिंसा और उपद्रव गलत है।

## ग्रेटर नोएडा में भाजपा विधायक सहित 18 पर पर एफआईआर

### वेयरहाउस कब्जा करने पर कोर्ट ने दिया आदेश, आरोपियों में बीकानेरवाला के मालिक भी शामिल

ग्रेटर नोएडा। कोर्ट के आदेश पर ग्रेटर नोएडा में भाजपा विधायक सहित 18 लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ है। इसमें बिकानेरवाला के मालिक भी शामिल हैं। आरोपियों पर जालसाजी, धोखाधड़ी, संपत्ति पर अवैध कब्जा करना और जान से मारने की धमकी आदि की धाराएं लगाई गई हैं। बता दें, भाजपा विधायक वाराणसी के हैं। उनका नाम सौरभ श्रीवास्तव है।

दरअसल, दिल्ली के रहने वाले कुलदीप ने 9 जून को सूरजपुर कोर्ट में अर्जी दी। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी मैसर्स मथन सिंह एंड संस का दादरी में ऑफिस है। उनकी कंपनी ने दादरी की नई बस्ती में वेयर हाउस बनाया था।

2018 में वेयरहाउस किराए पर लेने के लिए प्रभाकर गुप्ता ने उनसे संपर्क किया। उसने बताया कि स्नेक्स और नमकीन बनाने वाली कंपनी बीकानेरवाला के मालिक श्याम सुन्दर गुप्ता और मनीष अग्रवाल उनके रिश्तेदार हैं। इसके बाद दोनों के बीच एग्रीमेंट साइन हो गया। उन्होंने वेयरहाउस किराए पर दे दिया।

#### अवैध गतिविधि करने का लगाया आरोप

कुलदीप ने बताया कि हमारी लीज डीड में 3 साल का लॉकइन पीरियड था। 3 साल बाद कंपनी को वेयरहाउस खाली कराने का अधिकार था। बीकानेरवाला के कर्मचारियों ने उनके वेयरहाउस में कई जगह पर तोड़फोड़ की। वेयरहाउस में अवैध तरीके से माल की पैकिंग भी किया करते थे।




#### नोटिस के बाद भी वेयर हाउस नहीं किया खाली

कुलदीप ने बताया कि हमने जब उनकी अवैध गतिविधि देखी तो बीकानेरवाला को 31 मार्च 2022 को वेयर हाउस खाली करने के लिए नोटिस दिया। इसके बाद उन्होंने वेयरहाउस खाली नहीं किया। उल्टा उन लोगों ने बड़ी ही चालाकी से वेयरहाउस पर कब्जा कर लिया। इसमें विनीत अग्रवाल, पंकज गोयल, श्याम सुंदर अग्रवाल व मनीष अग्रवाल शामिल रहे।

#### विधायक और उनके भाई पर कब्जा करने का आरोप

कंपनी के दूसरे डायरेक्टर मनवीर भाटी ने बताया कि वाराणसी के विधायक सौरभ श्रीवास्तव और उनके भाई अशोक माथुर 1 अप्रैल 2022 को गुंडों को लेकर के वेयर हाउस पहुंचे। ड्राइवर को पीटा और वेयरहाउस पर कब्जा कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस से लेकर हर जगह इसकी शिकायत की, लेकिन ई भी कार्रवाई नहीं हुई। भाजपा विधायक होने के चलते सभी लोग पल्ला झाड़ लेते थे। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

## द्रोपदी मुर्मू होंगी राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को देश में होने वाले 16वें राष्ट्रपति के चुनाव के लिए झारखंड की पूर्व राज्यपाल श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में आज देर शाम यहां पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक के बाद भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज की संसदीय बोर्ड की बैठक में हम सभी लोग इस मत पर आए कि भाजपा और राजग अपने सभी घटक दलों के साथ बातचीत करते हुए हम राष्ट्रपति के लिए अपना प्रत्याशी घोषित करें।

उन्होंने कहा कि पहली बार किसी आदिवासी महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी गई है। राजग की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को घोषित किया गया है।

मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को ओडिशा में एक आदिवासी परिवार में हुआ। उन्होंने रमादेवी वूमेंस यूनिवर्सिटी से उच्च शिक्षा प्राप्त की। वह 17 मई 2015 से 2021 तक झारखण्ड की राज्यपाल रही। वह झारखंड की पहली महिला राज्यपाल थी। वह पहली ओडिशा की नेता जिन्हें राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था।

इससे पहले वह वर्ष 2000 से 2009 तक ओडिशा विधानसभा की सदस्य रही। ओडिशा के मयूरभंज जिले की रहने वाली द्रौपदी मुर्मू ओडिशा में दो बार रायरंगपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की विधायक रही। वह राज्य सरकार में मंत्री भी रही। वह 1997 में ओडिशा में भाजपा के आदिवासी मोर्चा की उपाध्यक्ष थी।

उल्लेखनीय है कि विपक्ष की ओर से तृणमूल कांग्रेस के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया हैं।

## अग्निपथ योजना में भर्ती और प्रशिक्षण में कोई बदलाव नहीं : सेना

नयी दिल्ली। सशस्त्र सेनाओं ने आज एक बार फिर स्पष्ट किया कि तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती की नयी योजना अग्निपथ पूरी तरह पुरानी भर्ती प्रक्रिया के समान होगी और इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है, साथ ही सेना में रेजिमेंट व्यवस्था भी बरकरार रहेगी।

सशस्त्र सेनाओं की ओर से यह भी कहा गया कि यह पायलट परियोजना नहीं है और इसे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंजाम तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अखिल भारतीय चरित्र बरकरार रहेगा और भर्ती रैली पूरे देश में आयोजित की जायेंगी तथा देश के किसी भी जिले को इससे अछूता नहीं छोड़ा जायेगा।

सैन्य मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने वायु सेना, नौसेना और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दो दिन बाद ही मंगलवार को एक बार फिर मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने रविवार को भी अग्निपथ योजना के बारे में मीडिया से विस्तार से बात की थी।

सशस्त्र सेनाओं ने भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करने का खाका पेश किया और कहा कि जवानों की भर्ती के समय भर्ती मानदंडों में किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा और हर कसौटी पर सर्वश्रेष्ठ साबित होने वाले उम्मीदवारों को ही चुना जायेगा। ले. जनरल पुरी ने कहा कि अग्निपथ योजना गहन विचार मंथन और व्यापक विचार विमर्श के बाद लायी गयी है। उन्होंने कहा कि सेनाओं ने इस योजना पर विचार विमर्श के लिए 150 बैठकें की जो 500 घंटे चली, रक्षा मंत्रालय के स्तर पर 60 बैठकें हुई जो 150 घंटे हुई इसके अलावा सरकार में भी इस बारे में 44 बैठकें हुई जो 100 घंटे तक चली। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किये जाने वाले अग्निवीरों की ट्रेनिंग भी मौजूदा जवानों की तर्ज पर ही होगी और इसमें भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## चेक बाउंस

### ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बोले- दान देने वालों की भावना गलत नहीं, यह छोटी सी चूक

## राम मंदिर को दिए 22 करोड़ रुपये के चेक बाउंस

एजेंसी

अयोध्या। राम मंदिर निर्माण को लेकर चलाए गए निधि समर्पण अभियान में आए 22 करोड़ रुपए के 15000 चेक बाउंस हो गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी महाराज ने इस बारे में कहा कि चेक देने वालों की भावना गलत नहीं है। उनसे कहीं न कहीं चूक हुई है। वो अयोध्या के सर्किट हाउस में राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के समापन पर बोल रहे थे। महंत गोविंद देव गिरि ने कहा, 'चेक भरने में कई तरह की गलतियां हुई हैं। इनमें तारीख और अमाउंट लिखने में हुई गलतियों के अलावा कुछ चेक हस्ताक्षर नहीं मिलने से बाउंस हुए हैं। यह छोटी-मोटी चूक है। कभी-कभी श्रद्धालु चेक तो भेज देते हैं, लेकिन गलतियों पर ध्यान नहीं देते हैं।' उन्होंने कहा, ट्रस्ट चेक बाउंस होने को श्रद्धालुओं की गलत भावना नहीं मानता। राम मंदिर ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से कोई जबरदस्ती नहीं की थी। कोई वसूली नहीं की थी। सभी लोगों ने अपनी इच्छा से दान दिया था। दान में 3500 करोड़ रुपए मिले हैं।




#### समय पर गर्भगृह में स्थापित होंगे रामलला

महंत गोविंद देव गिरि ने कहा, 'हमें विश्वास है कि हम लोगों ने जो समय तय किया है, उसके अंदर रामलला को गर्भगृह में स्थापित कर देंगे। ट्रस्ट 67 एकड़ के विकास में जुटा है और उसके भीतर राम मंदिर बन रहा है। सरकार भी पूरे अयोध्या का विकास कराने में जुटी है। उन्होंने आगे कहा, अयोध्या में जो विकास और राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, यह एक-दूसरे के अनुरूप होने चाहिए। वैसा हो रहा है कि नहीं, इसलिए हम लोग बैठक में मंथन करते हैं। राम मंदिर परिसर में या अयोध्या में कोई चीज रिपीट नहीं होनी चाहिए। एक ही चीज का दो जगह निर्माण नहीं होना चाहिए।

#### राम मंदिर ट्रस्ट को दान में अब तक मिले 3500 करोड़

अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दान में अब तक 3500 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रबंधक प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बाउंस चेक की अलग से रिपोर्ट तैयार हो रही है। बताया जा रहा है कि अयोध्या में रहने वाले दानदाताओं के सबसे ज्यादा 2 हजार चेक बाउंस हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के निकट 3.1 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

अहमदाबाद। गुजरात में नर्मदा जिले के केवडिया गांव के पास 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। 182 मीटर ऊंचा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी भी केवड़िया गांव के पास स्थित है। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने मंगलवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भूकंप के झटके सोमवार रात महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र केवडिया से 12 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में था। स्मारक के जनसंपर्क अधिकारी राहुल पटेल ने बताया कि भूकंप के झटकों से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसे इस तरह से बनाया गया है कि शक्तिशाली भूकंप और चक्रवात से भी इसे नुकसान नहीं हो। गांधीनगर स्थित भूकंप अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने एक बयान में बताया कि भूकंप का केंद्र केवडिया से 12 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में था। आईएसआर ने कहा कि सोमवार की रात 10 बजकर सात मिनट पर 3.1 तीव्रता वाला भूकंप दर्ज किया गया, जिसका केंद्र दक्षिण गुजरात में केवड़िया से 12 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व (ईएसई) में 12.7 किलोमीटर की गहराई में था। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण जान-माल के किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### मनोज सिन्हा ने सैकड़ों लोगों के साथ किया योग

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को डल झील के पास सैकड़ों लोगों के साथ योगाभ्यास किया और लोगों से स्वस्थ्य रहने के लिए अपने दौनिक जिवन में योग को अपनाने की अपील की। सिन्हा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कहा कि डॉक्टरों ने योगाभ्यास को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी व्यायाम माना है। सिन्हा ने कहा, मानवता के लिए इस अमूल्य उपहार का प्रयोग शरीर, मन और बुद्धि के संतुलन के साथ-साथ कई प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए किया जा रहा है। योग मानवता के लिए आधुनिक जिवन की चुनौतियों को सफलतापूर्वक समाना करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वास्थ्य और कल्याण के साथ-साथ भावनात्मक स्थिरता के लिए एक बेहतरीन प्राचीन उपहार है।योग विश्व स्तर पर स्वास्थ्य के लिए लोगों में जन आंदोलन बन गया है। मैं सभी लोगों से योग को जीवन में शामिल करने की अपील करता हूं।

### संगरूर लोकसभा सीट पर मंगलवार शाम पांच बजे थम गया चुनावी शोरगुल

संगरूर। पंजाब की संगरूर लोकसभा सीट के उप चुनाव के लिए सत्तारूढ़ तथा विपक्षी दलों की ओर से अपनी पूरी ताकत झोंकने के साथ मंगलवार शाम पांच बजे चुनावी शोरगुल थम गया। इस उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गुरमेल सिंह, कांग्रेस दलवीर सिंह गोल्डी,भाजपा केवल सिंह ढिल्लों, शिरोमणि अकाली दल कमलदीप कौर राजोआना और अकाली दल (अमृतसर) के सिमरनजीत सिंह मान चुनाव मैदान में हैं। यह सीट श्री भगवंत मान के विधानसभा चुनाव जीतने और मुख्यमंत्री बनने के कारण रिक्त हुई। सांसद के तौर पर इस सीट का प्रतिनिधित्व श्री मान दो बार किया। चुनाव जीतने के लिये सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने उम्मीदवार के पक्ष में आज प्रचार के अंतिम दिन रोड शो किया और लोगों से वोट मांगे। कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर राजा वडिंग ने श्री गोल्डी के लिये जनसभाओं को संबोधित किया। शिअद प्रधान सुखबीर बादल ने कमलदीप कौर राजोआना के लिये वोट मांगे और भाजपा के उम्मीदवार ने भी रोड शो निकाला। श्री मान अपने लिये खुद वोट मांग रहे हैं। वैसे तो इस चुनाव में कहीं कोई मुद्दा नहीं है तथा विपक्षी दल अपनी स्थिति को मजबूत नहीं कर सके। अब देखने वाली बात है कि वोटर आप पर ही भरोसा जताते हुये वोट देगा। श्री मान ने सांसद रहते अच्छा काम करने का दावा किया और कहा है कि उन्होंने सांसद निधि का पूरा हिसाब जनता को दिया है। श्री मान लोगों को विश्वास दे चुके हैं कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जायेगी तथा पंजाब को भ्रष्टाचार मुक्त तथा गैंगस्टर मुक्त बनाया जायेगा।

### पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण मेंःभगवंत मान

संगरूर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि कांग्रेस और अकाली-भाजपा की सरकारों ने अपने निजी फायदे के लिए हमेशा प्रदेश की शांति को भंग करने की कोशिश की लेकिन अब राज्य सुरक्षित हाथों में है और कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है। श्री मान ने मंगलवार को संगरूर में पार्टी उम्मीदवार गुरमेल सिंह के पक्ष में प्रचार करते समय पत्रकारों से कहा कि पंजाब में लोगों के आपसी रिश्ते बेहद मजबूत हैं। लोग शांति पसंद हैं तथा नफरत फैलाने वालों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। लोकप्रिय पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू (सिद्धू मूसेवाला) की हत्या पर उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार केंद्रीय एजेंसियों और पांच अन्य राज्यों की पुलिस के साथ मिलकर मामले की गहराई से जांच कर रही है। जल्द आरोपी गिरफ्त में होंगे। आप सरकार के तीन महीने के कामकाज से विपक्ष पूरी तरह घबराया हुआ है। सभी विरोधी पार्टियां एक हो गई हैं और लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही हैं। केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार न केवल युवाओं का भविष्य खराब करने जा रही है, बल्कि इस योजना को लागू करने से सेना के अधिकारियों का मनोबल भी गिरेगा। इस योजना के तहत युवाओं के लिए 3-4 महीने का प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं है। केंद्र सरकार को देश की बेहतरी के लिए इस योजना को तुरंत वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को बांटने की राजनीति करती है,जबकि आप एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जो शांति और भाईचारे की वकालत करती है। उन्होंने दो बार सांसद और अब पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने के लिए संगरूर के लोगों को धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगरूर के लोग इंकलाबी हैं, उन्हें पूरा विश्वास की वे इस बार भी आम आदमी को ही चुनेंगे और गुरमेल सिंह को भारी मतों से जिताकर संसद भेजेंगे। उनके अनुसार आम आदमी पार्टी विकास के मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। हमारा उद्देश्य पंजाब के नौजवानों को रोजगार देना है, अच्छे स्कूल और अस्पतालों बनाने के साथ, भ्रष्टाचार और माफिया का सफाया कर पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाना है।

### कोविड के मामले बढ़े,गुरुग्राम में बनाये गये पांच कन्टेन्मेंट ज़ोन

गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में कोविड के मामले बढ़ने के कारण प्रशासन ने आज पांच कन्टेनमेंट ज़ोन बनाने की घोषणा की। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने स्वास्थ्य विभाग की जिला टास्क फोर्स की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले में बड़ी सभाओं और अन्य आयोजनों के लिए मंजूरी देते समय जिला प्रशासन अब स्वास्थ्य विभाग की सहमति भी लेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर वे निकट समय में कोई भी बड़ा आयोजन या सभा का प्लान कर रहे हैं तो वे कोविड नियमों का अवश्य ध्यान रखें। बैठक में इस बात पर चिंता व्यक्त की गई कि गुरुग्राम जिले का पॉजिटिविटी रेट पूरे उत्तर भारत में बड़े शहरों में सबसे अधिक है।
बैठक में तय किया गया कि जिन स्थानों पर मामले ज्यादा पाये जा रहे हैं, उन हॉटस्पॉट स्थानों का चयन करते हुए वहां पर कंटेनमेंट जोन बनाने की आवश्यकता है। ऐसे पांच स्थान चुने गये हैं।

### पंजाब फ्रंटियर के सभी प्रतिष्ठानों पर आठवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर के तहत पठानकोट से अबोहर तक सभी स्थानों / प्रतिष्ठानों में योग आसन सत्र, लिखित प्रश्नोत्तरी और योगासन प्रतियोगिताओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आठवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और पूर्ण समर्पण के साथ मनाया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि मुख्य कार्यक्रम जेसीपी अटारी, अमृतसर में आयोजित किया गया था, जहां मैसूर, कर्नाटक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभासी संबोधन के बाद, एक आम बीएसएफ अधिकारी, केन्द्र सरकार के मंत्रालय के अधिकारी, पंजाब सरकार के अधिकारी और अमृतसर के स्थानीय अधिकारियों और पुरुषों ने भाग लिया।

अफसरों ने दिए अग्निवीर पर अहम सवालों के जवाब

# नहीं बदलेगी रिक्रूटमेंट प्रक्रिया, अवॉर्ड भी मिलेगा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अग्निपथ स्कीम को लेकर चल रहे देशव्यापी विरोध के बीच रक्षा मंत्रालय ने आज फिर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान इसकी भर्ती प्रक्रिया और अन्य चीजों से जुड़े कई कंफ्यूजंस क्लियर किए गए।
रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि रिक्रूटमेंट प्रक्रिया में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है। अग्निवीरों को यह शपथपत्र देना होगा कि वह किसी तरह के प्रदर्शन या आंदोलन में शामिल नहीं रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है। यह पहले भी होता रहा है। इस मौके पर एयरमार्शल एसके झा ने कहा कि एयरफोर्स में अब केवल अग्रिवीर वायु के जरिए ही भर्ती होगी।
लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने कहा कि अग्निपथ योजना से तीन चीजें बैलेंस होंगी। पहली, इससे आर्म्ड फोर्सेज में यूथफुल प्रोफाइल जुड़ेंगे। दूसरे टेक्निकल सेवी और हालात को तेजी से अडॉप्ट करने में सक्षम लोग आर्मी से जुड़ेंगे और तीसरी बात इससे अग्निवीर भविष्य के लिए तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड डिसाइड करेगा कौन सेलेक्ट होगा। यह प्रक्रिया सेंट्रली होगी। हमको बेस्ट चाहिए क्योंकि देश की रक्षा का सवाल है। अग्निवीर अगर लड़ाई में शामिल होगा तो उसे परमवीर चक्र और ऐसे सम्मान मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हम युवाओं से कहेंगे कि यह देश की भक्ति का चांस हाथ से न जाने दें। देशभक्ति या फौज में काम करना जज्बा है, नौकरी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी अन्य देश में भारत जितनी विविधता नहीं है। हमारे यहां 50 फीसदी युवा 25 साल से कम आयु के हैं। हमें इनमें से अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना चाहिए।

#### मर्चेंट नेवी में जा सकेंगे अग्निवीर

इस दौरान वायुसेना की तरफ से कहा गया कि मिनिस्ट्री ऑफ शिपिंग और डीजी शिपिंग के साथ कई महीनों से बात चल रही थी। इसके तहत ऑर्डर जारी किया गया है, जो केवल अग्निवीरों के लिए है। इसके तहत अग्निवीर मर्चेंट नेवी में जा सकते हैं। इसके अलावा एक अन्य आदेश जारी किया गया है। इसके तहत भारतीय नौसेना और डीजी शिपिंग साथ काम करेंगे। अब अग्निवीर ही नहीं, अन्य नौसैनिक और सेलर्स भी मर्चेंट नेवी में जा सकेंगे। उन्होंने कहाकि अग्निवीरों को ऐसी ट्रेनिंग कराएंगे कि वो पूरी तरह से फ्यूचर रेडी हो जाएंगे। उसे समुद्र में ट्रेनिंग दी जाएगी। आगे चलकर वह पूरी तरह से सक्षम होगा।

# यशवंत सिन्हा ने तृणमूल कांग्रेस छोड़ी

कोलकाता। एक अप्रत्याशपित राजनीतिक घटनाक्रम के तहत आगामी राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के संभावित उम्मीदवार तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यशवंत सिन्हा ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सिन्हा ने कहा कि उन्होंने विपक्षी एकता को और बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत यह कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री रहे 84 वर्षीय श्री सिन्हा ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं ममता जी का आभारी हूं कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस में मुझे सम्मान और प्रतिष्ठा दी। अब एक समय आ गया है जब मुझे विपक्षी एकता को और बेहतर बनाने की दिशा में काम करने के लिए पार्टी से हट जाना चाहिए। मुझे यकीन है कि वह इस बात को स्वीकार करेंगी। श्री सिन्हा चंद्रशेखर सरकार में वित्त मंत्री रहे तथा श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में वित्त और विदेश मंत्रालय की बागडोर संभाली थी। उन्होंने 2018 में भाजपा छोड़ दी थी। पूरी संभावना है कि विपक्षी दल श्री सिन्हा को राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित करेंगे। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस सुप्रीमो शरद पवार, नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महात्मा गांधी के पोते एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्षी दलों के उनके उम्मीदवार होने के प्रस्तावों को ठुकरा दिया था।

### हाईकोर्ट स्थानांतरण को लेकर राज्य सरकार उचित निर्णय ले सकती है : प्रो. बघेल

नैनीताल। उत्तराखंड के नैनीताल दौरे पर आये केन्द्रीय न्याय एवं विधि राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. बघेल ने माना कि भीड़भाड़ से पर्यटक नगरी नैनीताल पर दबाव बढ़ रहा है और राज्य सरकार उच्च न्यायालय के स्थानांतरण को लेकर उचित निर्णय ले सकती है। प्रो. बघेल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नैनीताल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नैनीताल एक महत्वपूर्ण पर्यटक शहर है। वर्तमान में यहां 30 से 40 हजार पर्यटक देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन आ रहे हैं। शहर पर भारी दबाव है। अत्यधिक वाहनों की आवाजाही से छोटे शहर में नियमित जाम की स्थिति से दो चार होना पड़ रहा है। उन्होंने माना कि यहां अत्याधुनिक बहुमंजिला पार्किंग की जरूरत है। उन्होंने इस प्रकरण को केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के समक्ष रखा है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तराखंड नवोदित राज्य है। यहां जन सुविधाओं के साथ साथ शहर के पुरातन (हेरिटेज) स्वरूप को भी देखना जरूरी है। नैनीताल शहर और जनहित को देखते हुए राज्य सरकार उच्च न्यायालय के स्थानांतरण (शिफ्टिंग) को लेकर उचित निर्णय ले सकती है। इससे पहले प्रो. बघेल ने नैनीताल के डीएसए मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया और योगिक क्रियायें कीं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से सभी केन्द्रीय मंत्रियों को योग दिवस के मौके पर ऐतिहासिक महत्व के अलग अलग प्रदेशों में भेजा गया है। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पुरातन परंपरा है। हमारे ऋषि मुनियों ने पहले ही योग के महत्व को प्रतिपादित किया है। उन्होंने आगे कहा कि योग मानव को प्रकृति से जोड़ता है और तन-मन को स्वस्थ बनाता है। योग ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांध दिया। योग कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों व छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# यशवंत सिन्हा होंगे राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार, कांग्रेस ने भी किया समर्थन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर पूर्व टीएमसी नेता यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर लग गई है। एनसीपी नेता शरद पवार कि अध्यक्षता में विपक्षी दलों की मीटिंग में यह फैसला लिया गया है। इस बैठक में यशवंत सिन्हा भी मौजूद थे। इससे पहले विपक्ष ने जिन तीन नामों को आगे किया था उन्होंने उम्मीदवार बनने से इनकार कर दिया था। इनमें शरद पावर, फारूक अब्दुल्ला और गोपालकृष्ण गांधी का नाम शामिल था। यशवंत सिन्हा ने पहले ही पार्टी से इस्तीफे की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि समय आ गया है कि अब वह एक बड़े राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए पार्टी से हटकर विपक्षी एकता के लिए काम करें। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम सभी विपक्षी दलों ने मिलकर फैसला किया है कि राष्ट्रपति चुनाव में यशवंत सिन्हा हमारे उम्मीदवार होंगे।

रमेश ने कहा कि यशवंत सिन्हा एक योग्य प्रत्याशी हैं। वह भारत की धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक तानेबाने को मानते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें दुख है कि मोदी सरकार राष्ट्रपति उम्मीदवार पर एक राय बनाने के लिए गंभीर चर्चा नहीं कर सकी। बता दें कि उनके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने की चर्चा तभी से शुरू हो गई थी जब उन्होंने ममता बनर्जी को धन्यवाद देते हुए पार्टी छोड़ने का फैसला कर लिया।

आज भाजपा ने भी राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार तय करने के लिए संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। हालांकि अभी कोई नाम सामने नहीं आया है। इससे पहले एनडीए की तरफ से राष्ट्रपति पद पर एक राय बनाने के लिए राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा को विपक्ष से बातचीत करने की जिम्मेदारी दी गई थी। हालांकि सत्ता और विपक्ष में इस पर एक राय नहीं बन पाई।

#### जेडीयू का भी मिलेगा समर्थन?

जानकारों का कहना है कि यशवंत सिन्हा के नाम पर मुहर इसलिए लगाई गई क्योंकि विपक्ष जिनका नाम प्रस्तावित करता था, वे इनकार कर रहे थे। ऐसे में किसी ऐसे चेहरे की जरूरत थी जो कि तैयार भी हो और उसपर विवाद भी न हो। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि यशवंत सिन्हा का समर्थन जेडीयू भी कर सकती है क्योंकि वह बिहार से आते हैं। दो बार ऐसा हो चुका है कि नीतीश कुमार ने लीक से हटकर उम्मीदवार का समर्थन किया है। एनडीए का हिस्सा होते हुए भी उन्होंने प्रणव मुखर्जी का समर्थन किया था। वहीं बात करें पिछले चुनाव की तो उन्होंने रामनाथ कोविंद का समर्थन किया जबकि वह उस समय महागठबंधन का हिस्सा थे।

# सांगली मास सूइसाइड; परिवार के नौ सदस्यों को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में 13 गिरफ्तार

पुणे। महाराष्ट्र के सांगली में सोमवार को दिल दहलाने वाली घटना सामने आई थी। यहां एक ही परिवार के नौ सदस्यों ने एक साथ आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक परिवार के नौ सदस्यों को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सांगली जिले के म्हैसाल गांव में दो भाइयों सहित परिवार के कुल नौ लोग सोमवार को दो मकानों में मृत पाए गए थे। दोनों भाइयों में एक शिक्षक था जबकि दूसरा भाई पशु चिकित्सक था। उन्होंने बताया कि राजधानी मुंबई से करीब 350 किलोमीटर दूर स्थित गांव में दोनों भाइयों के मकानों में 'सूसाइड नोट' भी मिले हैं। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों भाइयों ने कई लोगों से काफी पैसा उधार लिया था।

सांगली के पुलिस अधीक्षक दीक्षित गेदाम ने संवाददाताओं को बताया, 'सूसाइड नोट यह दिखाता है कि परिवार ने कुछ लोगों से धन उधार लिया था और उसे लौटाने में उन्हें मुश्किलें आ रही थीं।' अधिकारी ने कहा, 'उन्हें इस वजह से परेशान किया जा रहा था और इसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है।'

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी कारोबार के लिए पैसा उधार लिया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमने 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है जिनसे परिवार से धन उधार लिया था। परिवार को उन लोगों द्वारा परेशान किया जा रहा था,जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया।'' उन्होंने कहा कि पुलिस ने इन 25 लोगों में से 13 लोगों को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले भी पैसे उधार देने के मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम बनाई गयी है। यह पूछे जाने पर कि क्या परिवार ने एक साथ जहरीला पदार्थ खा लिया था, उन्होंने कहा कि इस संबंध में जांच चल रही है।

# तृणमूल कांग्रेस ने सुरक्षा की मांग को लेकर याचिका दायर की

एजेंसी

अगरतला। तृणमूल कांग्रेस ने त्रिपुरा में 23 जून को होने वाले चार विधानसभा उपचुनाव के दौरान पार्टी नेताओं और मतदाताओं की सुरक्षा की मांग को लेकर मंगलवार को त्रिपुरा उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की। तृणमूल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुबल भौमिक ने अपनी याचिका में राज्य के सभी आधिकारिक पोर्टलों और वेबसाइटों से मुख्यमंत्री माणिक साहा के विज्ञापनों को हटाने के लिए निर्देश दिये जाने की भी मांग की है।न्यायालय ने हालांकि अभी सुनवाई की तारीख तय नहीं की है। याचिका में कहा गया है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के गुंडे तृणमूल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं पर हमले कर रहे हैं, लेकिन प्राथमिकी दर्ज करने के बावजूद अब तक एक भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं चुनाव आयोग इस तरह की हिंसा का मूक दर्शक बना हुआ है।

भौमिक ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री की तस्वीरें राज्य के विभिन्न आधिकारिक पोर्टलों/वेबसाइटों पर प्रदर्शित की जा रही हैं।

# पाकिस्तान से भी जुड़े सिद्धू मूसेवाला मर्डर के तार, शूटरों को सीमा पार से भेजे गए थे हथियार



नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में एक बड़ा खुलासा हुआ है। इस हाई प्रोफाइल हत्याकांड के तार कनाडा के बाद अब पाकिस्तान से भी जुड़ते दिख रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को आरोपियों से पूछताछ में यह जानकारी मिली है कि मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार उन्हें सीमा पार से सप्लाई किए गए थे।
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मूसेवाला की हत्या के मामले में दो शूटरों समेत तीन लोगों को हाल ही में गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रियव्रत उर्फ फौजी (26), राज्य के झज्जर जिले के कशिश (24) और पंजाब के भटिंडा निवासी केशव कुमार (29) के रूप में हुई है।
स्पेशल सेल के स्पेशल सीपी एच.जी.एस. धालीवाल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया था कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल दो मुख्य शूटरों समेत उनके मॉड्यूल हेड को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल सेल की टीम ने इनको 19 जून को गिरफ्तार किया था। स्पेशल सेल को शूटरों की निशानदेही पर अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर के साथ 8 हाई एक्सप्लोसिव ग्रेनेड मिले हैं। यह ग्रेनेड लॉन्चर एके-47 पर भी लगाया जा सकता है।
9 इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर एक असॉल्ट राइफल 20 राउंड के साथ मिले हैं। इसके अतिरिक्त 3 पिस्टल और 36 राउंड गोलियां मिली हैं। यह हथियार इन्होंने हरियाणा के एक गांव छिपाकर रखे थे।
स्पेशल सेल ने बताया कि इन शूटरों ने मूसेवाला को मारने के लिए पूरी तैयारी की थी। इसके लिए इन्होंने इन्होंने घातक हथियारों के साथ ग्रेनेड, डेटोनेटर भी साथ में रखे थे। इन शूटरों ने इरादा कर रखा था कि अगर बंदूकों से बात नहीं बनती तो जरूरत पड़ने पर ग्रेनेड का भी इस्तेमाल करते।

# मिट्टी बचाओ अभियान : सद्गुरु जग्गी वासुदेव का एक आध्यात्मिक और जरूरी आंदोलन

एजेंसी

नई दिल्ली। ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव की मुहिम मिट्टी बचाओ अभियान में देश और दुनिया के लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।
मिट्टी बचाओ, मिट्टी और धरती को बचाने के लिए एक वैश्विक जागरुकता अभियान। इस अभियान का उद्देश्य दुनिया भर में 3.5 अरब से अधिक लोगों के समर्थन के साथ सरकारों को नीतिगत स्तर पर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है। इस बारे में सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने खुद लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

#### सद्गुरु का लोगों के नाम संदेश

दरअसल, अभियान के बीच अपने एक संदेश में सद्गुरु जग्गी वासुदेव का कहना है कि मैं इस ग्रह पर पैंसठ सालों से हूं। लोग मुझे योगी बताते हैं। लेकिन एक योगी का मतलब है कि आपने होशपूर्वक किया है, अपने व्यक्तित्व की सीमाओं को मिटा दिया। अब इसलिए मैं अपने जीवन और मेरे जीवन को प्रभावित करने वाली हर चीज को जानता हूं। लोग स्वाभाविक रूप से कहेंगे, ठीक है, हर कोई इस ग्रह पर रह चुका है।
जो जीवन का समर्थन करता है और जो जीवन का समर्थन नहीं करता वह हमेशा दिखाई देता है. अगर मैं सिर्फ जमीन पर चलता हूं, तो मुझे पता है कि वहां क्या हो रहा है।
उन्होंने कहा कि जो यहां हो रहा है उसे



देखकर काफी दुख हुआ है। हम मिट्टी को एक अक्रिय पदार्थ मान रहे हैं। जबकि यह एक सजीव प्रणाली है, सबसे बड़ी जीविका प्रणाली जिसे हम इस ब्रह्मांड में जानते हैं। हर साल औसतन 27 हजार प्रजातियां मिट्टी के आवास में विलुप्त हो रही हैं क्योंकि लोग ऊंची एड़ी का जीवन जी रहे हैं। जब मैं ऊंची एड़ी वाला जीवन कहता हूं, तो मैं महिलाओं के फैशन के बारे में बात नहीं कर रहा। मैं इस बारे में बात कर रहा हूं कि लोग सब कुछ कैसे कर रहे हैं।

#### मिट्टी हमारे अस्तित्व का स्रोत है

भारत में आज भी योगी संस्कृति के कारण किसानों के कदम आगे बढ़ने से पहले वे अपनी भूमि के लिए झुकते हैं क्योंकि वे मिट्टी को अपनी मां मानते हैं। मिट्टी एक एकजुट करने वाली शक्ति है।
आज हमने अपने जीवन के कई पहलुओं को इंसानों के बीच अंतर करने के लिए पाया है, आपस में भिड़ना और संघर्ष करना। अगर लोगों को समझ में नहीं आता कि ब्रह्मांड क्या है, उन्हें कम से कम यह समझना चाहिए कि मिट्टी एक एकीकरण ताकत है। मिट्टी हमारे अस्तित्व का स्रोत है। हम सभी मिट्टी से आते हैं, हम मिट्टी से दूर रहते हैं और जब हम मरते हैं, हम वापस मिट्टी में चले जाते हैं।

#### आंदोलन के जरिए दुनियाभर को जागरूक करने की कोशिश

अंत में एक दूसरे को ध्यान में रखते हुए, हमने सेव सॉयल मूवमेंट की शुरुआत की। एक भाग के रूप में, आंदोलन के तहत, हम दुनिया भर में 3.5 अरब नागरिकों को छूने की कोशिश कर रहे हैं। सभी राजनीतिक दलों और सरकारों को लंबे समय तक चलने के लिए प्रभावित करना है। इस आंदोलन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू किसी के खिलाफ नहीं है। मैं आंदोलन को न केवल एक पारिस्थितिक प्रक्रिया के रूप में उपयोग करना चाहता हूं, बल्कि मानवता को एकजुट करने की एक सचेत प्रक्रिया के रूप में करना चाहता हूं।
बता दें कि भारत के पचास सबसे प्रभावशाली लोगों में शुमार सद्गुरु एक चर्चित अध्यात्मिक योगी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक सद्गुरु को 2017 में भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया जा चुका है।
इन दिनों वे मिट्टी बचाओ अभियान को लेकर चर्चा में हैं। इस अभियान का मुख्य मकसद दुनियाभर में नीतिगत सुधार के जरिए कृषि भूमि में कम से कम 3 से 6 प्रतिशत जैविक तत्व का होना जरूरी बनाए जाने के लिए जागरूक करना है।

### योग का प्राचीन विज्ञान विश्व के लिए भारत का अमूल्य उपहार : नायडू

हैदराबाद। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू योग ने मंगलवार को योग के प्राचीन विज्ञान को विश्व के लिए भारत का अमूल्य उपहार निरुपित करते हुए सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इससे लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।
नायडू मंगलवार को सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सैकड़ों अन्य प्रतिभागियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने योगाभ्यास किया और प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने योग के अर्थ को जुड़ना या एकजुट होना बताते हुए स्वास्थ्य समाधान के रूप में योग पर और शोध करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा, योग मन और शरीर तथा मनुष्य और प्रकृति के बीच एकता और सामंजस्य पर जोर देता है। मैं सभी से समाज के सभी वर्गों के बीच एकता और सद्भाव के लिए काम करने का आग्रह करूंगा। गीता को उद्धृत करते हुए, उन्होंने योग को कार्य में उत्कृष्टता के रूप में वर्णित किया और अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए देश को आगे ले जाने का मंत्र बने। उन्होंने कहा, यदि आप अपने चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं, तो राष्ट्र निश्चित रूप से तेजी से आगे बढ़ेगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम - मानवता के लिए योग के बारे में चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने समग्र शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और जनता के बीच कल्याण सुनिश्चित करने में योग की भूमिका पर जोर दिया। कोविड-19 महामारी के कारण बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस महामारी ने कुल मिलाकर योग को हमारे स्वास्थ्य को दुरुस्त और बेहतर बनाने में और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है।

## शार्ट न्यूज

### आदेश गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश के सभी शक्ति केन्द्रों पर आयोजित किया योग शिविर



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में आज दिल्ली के सभी शक्ति केंद्रों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया। आज श्री आदेश गुप्ता एवं प्रदेश महामंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग शिविर में भाग लिया। प्रदेश कार्यालय में योग दिवस के रुप में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विष्णु मित्तल एवं कार्यालय मंत्री श्री हुकम सिंह सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा साल 2015 से शुरु किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज सिर्फ देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में इसका असर दिखाई दे रहा है। योग एक साधना है। उन्होंने सभी से रोजमर्रा के जीवन में योग को शामिल करने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिदिन आप योग करें ताकि आप स्वस्थ्य रहें। आदेश गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। पिछले 8 सालों से पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है और इसके तहत आज देश का एक बहुत बड़ा भाग योग के प्रति समर्पित है जिसका असर है कि आज सुबह से लगातार योग की तस्वीरें पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी आ रही हैं। इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता हैं जिन्होंने संयुक्त राज्य संगठन में 2014 योग की महत्ता को बताया था और इसे अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रुप में मनाने की बात कही थी जिसके बाद आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रुप में मनाने पर मुहर लगी। आज दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर हुए योग शिविर में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी एवं श्री सुनील यादव, प्रदेश मंत्री श्री गौरव खारी, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष श्री वासु रूखड़, महिला मोर्चा अध्यक्षा श्रीमती योगिता सिंह, पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष श्री कौशल मिश्रा, किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री विनोद सहरावत, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष श्री संतोष पाल, एससी मोर्चा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र गोठवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो. हारुन सहित सभी सांसद, विधायक, प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों ने भी योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### एनएचपीसी ने 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**नई दिल्ली।** एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी ने 21 जून 2022 को पूरे उत्साह के साथ अपने सभी स्थानों पर 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा सिंह के साथ एनएचपीसी आवासीय परिसर, सूरजकुंड, सैक्टर- 41, फरीदाबाद में आयोजित एक सामूहिक योग सत्र में भाग लिया। श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (परियोजनाएं) ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा चौबे, श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री गोयल एवं श्री ए.के. श्रीवास्तव, सीवीओ ने भी 300 से अधिक एनएचपीसी कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री ए.के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने कहा कि स्वस्थ मन और शरीर के विकास के लिए योग बहुत उपयोगी है। उन्होंने सभी से आगे भी योग को अपनी दिनचर्या में अपनाने को कहा जिससे कार्य आसान होगा और जीवन में तनाव कम होगा। योग सत्र का संचालन 'भारतीय योग संस्थान और अनुसंधान केंद्र', नई दिल्ली के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा किया गया। एनएचपीसी द्वारा 8 जून 2022 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के अंतर्गत निगम मुख?यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों और परियोजनाओं में अपने कार्मिकों के लिए लाइव और ऑनलाइन योग सत्रों की एक श्रृंखला का आयोजन भी किया गया।

### केन्द्रीय विद्यालय पीतमपुरा में योग दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया



नई दिल्ली। केन्द्रीय विद्यालय पीतमपुरा मे 8 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष मे जब पूरे देश मे योग दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है के बीच यह आयोजन और भी विशिष्ट हो गया। कार्यक्रम मे विद्यालय प्राचार्य समस्त शिक्षक एव विद्यार्थी सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ ईश्वर के आह्वान के साथ हुआ तत्पश्चात विदयालय की संगीत शिक्षिका एवं विद्यार्थियो द्वारा प्रस्तुत सुमधुर योग गीत द्वारा कार्यक्रम अग्रसर हुआ।इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय संगठन की माननीय आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डेय द्वारा प्रेषित संदेश भी पढा गया।विद्यालय के शिक्षक श्री पी के त्रिपाठी ने अपने सम्बोधन मे योग को भारतीय दर्शन और संस्कृति की सर्वोच्च उपलब्धि के रुप मे बताते हुए उसके इतिहास की महत्वपूर्ण जान कारी देते हुए वर्तमान मे इसकी वैश्विक स्वीकृति, संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किये जाने से लेकर आज तक की यात्रा 8वे संस्करण तक आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तदुपरात योग शिक्षिका श्रीमती अंजलि के निर्देशन मे सभी विद्यार्थियो शिक्षको ने सामूहिक योगाभ्यास किया। यौगिक अभ्यास के साथ इनके महत्व एवं इनके निरंतर अभ्यास से होने वाले लाभो की जानकारी भी दी गई कि मन और शरीर का संतुलन न केवल हमे शारीरिक रुप से स्वस्थ रखता है अपितु ध्यान आदि के द्वारा हमारा मानसिक और आध्यात्मिक उत्कर्ष भी होता है। प्राचार्य महोदय द्वारा भी अपने सम्बोधन मे सभी विद्यार्थियो एवं शिक्षको से आह्वान किया गया योग दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम इसे अपनी दिनचर्या का भाग बनाए और तभी हम सब आने वाली पीढी को स्वस्थ और भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत बना सकते है। कार्यक्रम का समापन श्री नवीन कुमार जैन जी द्वारा सभी आगंतुको एवं सहभागियो के आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

### दिल्ली में सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों पर लगी रोक 1 जुलाई से होगी लागू

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार का पर्यावरण विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) से बने 19 चिह्नित उत्पादों पर लागू रोक को अमल में लाने के लिए एक जुलाई से अभियान चलाएगा। विभाग इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले सभी मैन्युफैक्चरर्स, सप्लायर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं विक्रेताओं पर कार्रवाई करेगा। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से बनने वाले उत्पादों के विनिर्माण से जुड़े पक्षों को सख्त निर्देश दे दिए गए हैं। इनके अलावा स्टॉक रखने वालों, आपूर्तिकर्ताओं एवं वितरकों को भी इन उत्पादों के कारोबार से दूर रहने को कहा गया है। इसका उल्लंघन करने वाली कंपनियों को जुलाई के पहले सप्ताह में चलाए जाने वाले अभियान में बंद कर दिया जाएगा। सिंगल यूज वाले प्लास्टिक से बने 19 उत्पादों को इस पाबंदी के दायरे में रखा गया है। इनमें गुब्बारों, झंडों, कैंडी, आइसक्रीम में लगने वाली प्लास्टिक स्टिक, थर्माकॉल से बनी प्लेट, कप, गिलास, प्लास्टिक के चम्मच, कांटे, चाकू, तश्तरी के अलावा मिठाई के डिब्बों, निमंत्रण पत्र और सिगरेट पैकेट की पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली फिल्म और 100 माइक्रॉन से कम के प्लास्टिक या पीवीसी बैनर भी शामिल हैं।

## दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल ने कनॉट प्लेस के चरखा पार्क में योग कार्यक्रम में भाग लिया

### 9 नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने लगभग 20,000 प्रतिभागियों के साथ 75 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में भारत की आजादी के 75 साल के जश्न के एक हिस्से के रूप में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने 45 स्कूलों के साथ पार्कों, उद्यानों, कामकाजी महिला छात्रावासों आरडब्ल्यूए/एमटीए क्षेत्र जैसे 30 अन्य स्थानों सहित कुल 75 स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर लगभग 20,000 प्रतिभागियों ने योग के सामान्य प्रोटोकॉल में योगासनों का प्रदर्शन किया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद का मुख्य कार्यक्रम कनॉट प्लेस- नई दिल्ली में चरखा पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना के साथ अध्यक्ष- पालिका परिषद, श्री भूपिंदर सिंह भल्ला, उपाध्यक्ष - श्री सतीश उपाध्याय, सदस्य-श्री कुलजीत सिंह चहल, श्रीमती. विशाखा सैलानी और सचिव-श्री विक्रम सिंह मलिक के साथ अन्य विभागाध्यक्षोंऔर कर्मचारियों ने भाग लिया और सामान्य योग प्रोटोकॉल में योगासन किये।

इस मुख्य कार्यक्रम के अलावा, योग दिवस लोधी गार्डन, नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन, सिंगापुर पार्क, संजय झील, आसियान पार्क, कॉमनवेल्थ पार्क, डीआईजेड गार्डन, केशव पार्क, वाल्मीकि मंदिर पार्क और नई दिल्ली के कई अन्य स्थानों पर भी मनाया गया। जिसमें मॉर्निंग वाकर, जॉगर्स, स्थानीय निवासियों और योग प्रेमियों ने भाग लिया और योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए योगासन किये।

पालिका परिषद ने तालकटोरा गार्डन में गायत्री परिवार, लोधी गार्डन में पतंजलि और नेहरू पार्क में आर्ट ऑफ लिविंग के साथ योग दिवस प्रदर्शन के सहयोग से ये कार्यक्रम आयोजित किया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अटल आदर्श विद्यालयों और नवयुग स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों ने भी अपने-अपने स्कूलों में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया, जिसमें सभी आयु वर्ग और कक्षाओं के छात्रों ने योग शिक्षकों और सहयोगी योग संस्थाओं के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योग किया। पालिका परिषद ने मेसुरु, कर्नाटक से माननीय प्रधानमंत्री जी के भाषण के पांच स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण की व्यवस्था भी की थी।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उत्सव में भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पालिका परिषद ने योग मैट और टी-शर्ट उपलब्ध कराने के साथ-साथ पीने योग्य पानी, मोबाइल शौचालय, एम्बुलेंस और प्राथमिक चिकित्सा डेस्क सहित आवश्यक नागरिक और बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था योग कार्यक्रम स्थलों पर की थी। परिषद ने सभी योग कार्यक्रम स्थानों पर लगभग 100 नोडल अधिकारियों की देखरेख में लगभग 3000 कर्मचारियों को तैनात किया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने 14 जून से नेहरू पार्क, तालकटोरा गार्डन और लोधी गार्डन में सहयोगी योग संस्थानों के सहयोग से योग बिल्ड-अप शिविर आयोजित करके इस कार्यक्रम को आयोजित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के सफल आयोजन के लिए 18 जून से 20 जून तक पालिका परिषद स्कूलों में ये बिल्ड-अप कैंप भी आयोजित किए गए थे।

## 'ग्लोबल विलेज' की अवधारणा ने हमें 'वर्चुअल वर्ल्ड' में पहुंचाया

### आईआईएमसी के छात्र सूरज तिवारी की पुस्तक विश्वविद्यालय जंक्शन का विमोचन

आनंद राय गौरवशाली भारत



नई दिल्ली। हिंदी के प्रख्यात कवि एवं ललित निबंधकार श्री अष्टभुजा शुक्ल ने कहा है कि आज कागज पर लिखने की संभावनाएं खत्म होती जा रही हैं। हम आभासी समय में जी रहे हैं। ग्लोबल विलेज की अवधारणा ने हमें वर्चुअल वर्ल्ड में पहुंचा दिया है। श्री शुक्ल मंगलवार को भारतीय जन संचार संस्थान के छात्र श्री सूरज तिवारी की पुस्तक विश्वविद्यालय जंक्शन के विमोचन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक का प्रकाशन यश पब्लिकेशंस ने किया है। इस अवसर पर भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह, हिंदी पत्रकारिता विभाग के पाठ्यक्रम निदेशक प्रो. आनंद प्रधान, डॉ. राकेश उपाध्याय, यश पब्लिकेशंस के निदेशक श्री जतिन भारद्वाज एवं पुस्तक के लेखक श्री सूरज तिवारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए श्री अष्टभुजा शुक्ल ने कहा कि एक वक्त था जब साहित्य का केंद्र दिल्ली हुआ करता था। दिल्ली पर गालिब ने भी अपनी कविता लिखी। लेकिन अब दिल्ली में साहित्य का जो केंद्रीकरण हो रहा था, उसका अब विकेंद्रीरण हो रहा है। छोटे शहरों, नगरों और कस्बों के लोग न सिर्फ अच्छी किताबें लिख रहे हैं, बल्कि सफल भी हो रहे हैं।

श्री शुक्ल ने कहा कि कच्ची उमर में पक्का लिख लेने वाला अच्छा लेखक नहीं होता। युवाओं के लिए लिखने से ज्यादा पढ़ना महत्वपूर्ण है। छपी हुई किताब को स्पर्श करना शब्दों की जीवित सत्ता से आपका परिचय कराता है। उन्होंने कहा कि हड़बड़ी के समय में गड़बड़ी की संभावना ज्यादा होती है। इसलिए लेखक को चाहिए कि वह जो लिख रहा है, उसका मूल्यांकन करे।

इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी ने कहा कि लेखक के लिए अपने अनुभव का दायरा बढ़ाना बहुत जरूरी होता है। अच्छी कहानियां शहरों से नहीं, बल्कि गांवों से आती हैं। लोक का अनुभव लेखक को समृद्ध बनाता है। उन्होंने कहा कि अगर लेखक का समाज से रिश्ता नहीं होगा, तो वह पत्रकारिता और साहित्य किसके लिए करेगा। लेखन का मूल तत्व ही समाज है।

कार्यक्रम का संचालन श्री देवेंद्र मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री प्रगति चौरसिया ने दिया। इस अवसर पर आईआईएमसी के सभी विभागों के विद्यार्थी मौजूद थे।

## पकृति की खूबसूरत देन है योग : केजरीवाल

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने योग को प्रकृति की खूबसूरत देन करार देते हुए लोगों से आह्वान किया कि स्वस्थ और निरोगी जीवन के लिए खुद भी योग करें और दूसरों को भी प्रोत्साहित करें। केजरीवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहाँ लोगों के साथ योगाभ्यास करने के लिए आज "दिल्ली की योगशाला" में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश का वह शहर बन गया, जहां पार्कों में सबसे ज्यादा लोग योग करते हैं। अब हमें हजारों की संख्या को लाखों में लेकर जाना है। हमने दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में सारा इलाज फ्री कर दिया है। अब हमारा मकसद है कि दिल्ली का हर व्यक्ति योग करे, ताकि कोई बीमार ही न पड़े। अगर योग हमारी जिंदगी का हिस्सा बन जाए, तो बीमारियां भी दूर रहती हैं और तनाव भी दूर होता है। मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों से "दिल्ली की योगशाला" का हिस्सा बनने के लिए अपील करते हुए कहा कि अगर आप भी योग करना चाहते हैं, तो हमें 9013585858 पर फ़ोन कीजिए। दिल्ली सरकार आपको मुफ़्त में योग टीचर मुहैया कराएगी। उन्होंने कहा कि जिंदगी के लिए सबसे जरूरी हवा है। भगवान ने हवा फ्री कर रखी है। अब पता नहीं आने वाले समय में ऐसे पूंजीपति आएं और हवा पर भी टैक्स लगा दें। हम तो लोगों को फ्री में योग सिखाएंगे, आलोचना करने वाले करते रहें। योगाभ्यास के उपरांत मुख्यमंत्री ने सभी देशवासियों और पूरी दुनिया के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग करने के बाद बहुत शांति मिलती है। योग करने से तन दुरूस्त होता है और मन शांत होता है। यदि योग जिंदगी का हिस्सा बन जाए, तो तन-मन दोनों में सकून मिलता है।

## एमआरजी स्कूल रोहिणी में योग सत्र का आयोजन

प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान, एमआरजी स्कूल ने इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम मानवता के लिए योग को रेखांकित करते हुए योग केंद्रित वातावरण का निर्माण किया। विद्यालय की योग शिक्षिका सुश्री निशा ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसन करने का निर्देश दिया। आसनों को छात्रों और अभिभावकों के लिए आसानी से समझने योग्य बनाने के लिए सुश्री इप्शिता और सुश्री युक्ति द्वारा चरण-दर-चरण प्रदर्शन किया गया। पैसिफिक मॉल D21 ने अपने विशेष कार्यक्रम योग महोत्सव के जरिये लाखों लोगों को प्रोत्साहित किया पैसिफिक मॉल डी21 ने भारतीय संस्कृति के प्रतिक योग के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग महोत्सव का आयोजन किया। लोगों को योग के लिए प्रेरित करने और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए मॉल द्वारा यह पहल की गई थी। इस महोत्सव में द्वारका उप शहर के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इसके आयोजन में अग्रणी गोल्ड जिग और द्वारका कनेक्ट ने अपना सहयोग दिया। योग विशेषज्ञ के तौर पर पुरस्कार विजेता और लिम्का बुक रिकॉर्ड धारक, संदीप भूंडू और अनामिका आनंद ने इस कार्यक्रम की शुरुआत की और यहाँ आये उत्साही लोगों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, उत्कटासन, अधो-मुख संवासन, त्रिकोणासन जैसे कई लाभप्रद योग आसन सिखाए।

## यूरोपीय शहरों के तर्ज पर दिल्ली की सड़कों का सौंदर्यीकरण करवा रही है केजरीवाल सरकार, सिसोदिया ने शांतिवन से राजघाट तक की सड़क का किया निरीक्षण

### दिल्ली के सड़कों को शानदार बनाकर देंगे उन्हें नई पहचान, लोगों को दिल्ली की सड़कों पर चलने का मिलेगा सुखद अनुभव

विवेक राय गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर बनाने और दिल्लीवासियों को सड़कों पर चलने का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार दिल्ली की सड़कों को यूरोपियन स्टाइल सड़कों की तरह खूबसूरत बनाने पर तेजी से काम कर रही है। इस बाबत उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शांतिवन से राजघाट रेडलाइट तक पायलट फेज में चल रहे 500 मीटर लम्बाई के सड़क सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट की धीमी गति को लेकर श्री सिसोदिया ने संबंधित अधिकारी को फटकार लगाई व निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए ताकि इस स्ट्रेच पर लगाए जा रहे पौधों को बरसात के मौसम में फायदा मिल सकें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य दिल्ली सरकार के अधीन सभी सड़कों को शानदार बनाना है, हमें अपने सड़कों को नई पहचान देनी है और इन्हें सुंदर बनाना है ताकि लोगों को इनपर चलने-घुमने का सुखद अनुभव मिल सके। इन सड़कों पर लोगों के लिए बहुत सी सुविधाएं मौजूद होंगी। लोगों के बैठने के लिए ओपन स्पॉट्स होंगे व पूरे स्ट्रेच को हरा-भरा बनाने के लिए पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सड़कों का सौंदर्यीकरण कर हम इन्हें यूरोपियन स्टाइल का बनाना चाहते है ताकि ये दिल्ली को एक नई पहचान दे सके। सिसोदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में स्ट्रीट स्केपिंग के इस महत्वकांक्षी परियोजना के तहत पीडब्ल्यूडी द्वारा अभी पायलट फेज में दिल्ली के 16 सड़कों का वहां की जरूरतों के अनुसार सौंदर्यीकरण किया जा रहा है व इनके पूरा होने के पश्चात दिल्ली के 540 किमी. रोड स्ट्रेच का भी इसी के तर्ज पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि राजधानी में दिल्ली सरकार के अधीन लगभग 1300 किलोमीटर की सड़कें है बाकि अन्य सड़कें एमसीडी व डीडीए के अधीन है। सड़कों के री-डिजाइन के बाद सड़क के आस-पास हरियाली काफी बढ़ जाएगी। सड़क की एक इंच जमीन भी खाली नहीं होगी, जहां पर घास न लगी हो। इससे सड़क पर धूल से होने वाले प्रदूषण की समस्या खत्म होगी। अभी सड़कों पर धूल उड़ने की समस्या से लोगों को समस्या होती है। सड़क के किनारे खाली जमीन पर ग्रीन बेल्ट या घास लगाई जाएगी, ताकि हरियाली की वजह से सड़कें खूबसूरत दिखें और धूल से होने वाला प्रदूषण खत्म किया जा सके।

## एमसीडी पार्क प्रीत विहार में मनाया गया योगा दिवस

नई दिल्ली। आज रौशनी ट्रस्ट व सेंटर ऑफ साइट की टीम द्वारा एक बहोत बड़ा योगा का प्रोग्राम IPEX प्रीत विहार के MCD park मे मनाया गया। प्रोग्राम की शुरुआत भजनों से की गई। योग गुरु एकांशी अग्रवाल जी के सांधिय में लगभग 1000 लोगो ने योगा को किया।

सुनील कुमार गुप्ता ने कहा की योग एक कला है जो हमारे शरीर मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है युवक आवश्यक है क्योंकि यह हमें फिट रखता है तनाव को कम करने में मदद करता है और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखता है और एक स्वस्थ मन ही अच्छी तरह से ध्यान केंद्रित करने में सहायता कर सकता है योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है योगा एक दवा की तरह होता है जोकि ब्रह्मांड में जितने भी बीमारियां हैं उन सब का निदान करता है यद्यपि उस उन बीमारियों का भी इलाज करता है जो डॉक्टर अपने प्रिसक्रिप्शन के थ्रू नहीं कर सकते इसीलिए योगा को प्रत्येक दिन के जीवन में उतारिए यह आपको केवल शारीरिक रूप से फिट नहीं करता है बल्कि आपके दिल दिमाग और आत्मा को भी शांत रखता है।

मेहमानों व रौशनी ट्रस्ट के समर्पित कार्यकर्ताओं का स्वागत रौशनी ट्रस्ट के चेयरमेन सुनील कुमार गुप्ता ने हार पहनाकर किया।

इस अवसर पर सेंटर फॉर साइट के द्वारा आंखों का चेकअप और निवा बूफा इंश्योरेंस कंपनी द्वारा हेल्थ चेक अप कैंप भी लगाया गया इसके अंतर्गत पूर्वी ईस्ट दिल्ली के पूर्व मेयर श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल जी, दिल्ली प्रदेश भाजपा के माइनॉरिटी सेल उप प्रधान मो. नफीस अहमद जी, दिल्ली प्रदेश भाजपा की प्रवक्ता सारिका जैन जी, IPEX महासंग से प्रधान प्रमोद अग्रवाल जी, पास्ट जोनल चैयरमेन हिमांशी पांडेय जी, शाहदरा जिला भाजपा के सयोंजक व केंद्र सरकार के सुशासन प्रकल्प से विकास गाबा जी, शाहदरा जिला भाजपा से मंत्री गौरव कपूर जी, दिल्ली स्टेट प्रेजिडेंट ऑफ IMCC से CA श्री राम अटल जी, नदी संवाद के संयोजक श्री जीव कांत झा जी, सेंटर फॉर साइट से देवेश भारद्वाज जी, समाज सेविका राखी वर्मा जी, MCD SI देवेंद्र जी, MCD से ही ASI सुनील जी, राजपाल जी,BSES से मैनेजर दीवान चंद जी, चीफ इंजीनियर दिल्ली जल बोर्ड से B P सारस्वत जी, ICICI प्रूडेन्नतियल से मोती चौबे जी व रौशनी के समर्पित कार्यकर्ता सुनील सरीन जी, R K जैन जी, मुरारी सिंह जी, R K शर्मा जी, सुरेश चंद दीक्षित जी, R P शर्मा जी, गुलशन अरोरा जी, मदन लाल मुंद्रा जी, ब्राह्मपाल जी, वीवी शर्मा जी, जय कुमार राजा जी, रामनाथन जी, अनिल कपूर जी व दीपक अरोरा जी इन सबका सुनील कुमार गुप्ता जी ने हार पहनाकर स्वागत किया।

लोगो मे योगा के प्रति काफी उत्साहा था लोग सुबह 5 :30 बजे से पार्क मे आना शुरु कर दिया था। लगभग 1000 के करीब लोगो ने आज योगा का लाभ उठाया व सबका कहना था कि बहोत आनंद आया व समय समय पर इस तरह के प्रोग्रम होते रहने चाहिए। अंत मे सुनील कुमार गुप्ता जी ने सभी का धन्यवाद किया व कहा आप सबके सहयोग से ही ये इतना बड़ा प्रोग्राम सफल तरिके से हो पाया। अंत प्रोग्राम का सम्पापन राष्ट्रीय गान से किया गया।

### दिल्ली में संपत्ति खरीदना होगा महंगा

## सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट होगी खत्म

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार संपत्तियों के सर्कल रेट पर दी जा रही 20 फीसदी छूट को अब और आगे नहीं बढ़ाएगी। इससे संपत्ति की खरीद से लेकर पंजीकरण तक पर ज्यादा पैसा खर्च करना होगा।

सरकार ने कोरोना महामारी के कारण अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए एक अप्रैल 2021 से 30 सितंबर 2021 तक छूट की घोषणा की थी। यह छूट सभी संपत्ति श्रेणी यानी आवासीय, वाणिज्यिक और औद्योगिक तीनों वर्गों में दी गई थी। उसे फिर 31 दिसंबर 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया था। सरकार ने लोगों को राहत जारी रखने के लिए जनवरी 2022 से फिर दूसरी बार 30 जून 2022 तक के लिए इसे बढ़ाया था।

पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्था- सरकार का मानना है कि सर्कल रेट जारी रखने के फैसले से संपत्ति बाजार में लंबे समय से जारी आर्थिक सुस्ती को खत्म करने में मदद मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट रही है। दिल्ली समेत आसपास के इलाकों में संपत्तियों के दाम बढ़े हैं, जिसके कारण सरकार के लिए 30 जून के बाद छूट देना संभव नहीं होगा। दिल्ली में संपत्तियों को आठ श्रेणियों में बांटकर उसका सर्कल रेट तय किया गया है।

## फिर थमी दिल्ली मेट्रो की रफ्तार, तकनीकी गड़बड़ी के कारण येलो लाइन पर 1 घंटे तक बाधित रही सेवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के एक हिस्से पर तकनीकी खराबी के कारण मंगलवार दोपहर को करीब एक घंटे तक सेवाएं बाधित रहीं। सूत्रों ने बताया कि ओएचई (ओवरहेड उपकरण) संबंधी कोई समस्या पैदा हो गई थी। येलो लाइन दिल्ली के समयपुर बादली और गुरुग्राम के हुडा सिटी सेंटर को जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने दोपहर करीब एक बजे ट्वीट किया, येलो लाइन संबंधी ताजा जानकारी: समयपुर बादली और विश्वविद्यालय के बीच सेवाओं में विलंब। अन्य सभी लाइन पर सेवाएं सामान्य। डीएमआरसी ने दोपहर करीब दो बजे एक अन्य ट्वीट कर बताया कि सामान्य सेवाएं बहाल हो गई हैं। मेट्रो की ब्लू लाइन पर जून में कई बार सेवाएं बाधित हुई हैं। ब्लू लाइन दिल्ली के द्वारका सेक्टर 21 और नोएडा के इलेक्ट्रानिक सिटी को जोड़ती है। यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन से इसकी एक शाखा गाजियाबाद के वैशाली तक जाती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अधिकारियों ने बताया था कि मंडी हाउस में एक ट्रेन में आई गड़बड़ी के कारण रविवार को सेवाएं कुछ देर बाधित रहीं। इससे पहले, नौ जून को ब्लू लाइन पर एक बड़ी तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण यात्री दो घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे थे। इसी लाइन पर छह जून को तकनीकी गड़बड़ी के कारण डेढ़ घंटे सेवाएं बाधित रही थीं।

## पंजाब नेशनल बैंक ने मनाया 8वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



नई दिल्ली। देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए शारीरिक और मानसिक कल्याण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस दिन, पीएनबी परिवार एक साथ आया और सभी क्षेत्रों, मंडलियों और पीएनबी प्रधान कार्यालय में तनाव प्रबंधन, विश्राम तकनीकों और श्वास अभ्यास पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई इंटरैक्टिव योग सत्रों में भाग लिया।

भारत आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, इस साल की थीम, योग फॉर ह्यूमैनिटी लोगों के भीतर सहानुभूति और एकजुटता पैदा करने पर केंद्रित है। इस विषय का चयन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया, करुणा और एकता के साथ कोविद -19 के दौरान कष्टों को कम करने के लिए एक साथ आने के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में किया था।

स्टाफ सदस्यों को धन्यवाद देते हुए, पीएनबी के एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल ने कहा एक संगठन की सफलता दक्षता, उत्पादकता और फोकस बढ़ाने के मामले में सीधे अपने कर्मचारियों के स्वास्थ्य से संबंधित है। योग, एक 3000 साल पुरानी प्रथा, दिमागीपन, विश्राम और लचीलेपन को बढ़ाने के लिए एक सिद्ध उपकरण है जो मन और शरीर की एकता की ओर जाता है इसलिए, भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र-अनिवार्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विचार को 177 अन्य देशों द्वारा समर्थित किया गया था।

'योग' शब्द संस्कृत के युज शब्द से बना है, जिसका अर्थ है एकजुट होना। पीएनबी में हम एक टीम, एक सपना के आदर्श वाक्य में विश्वास करते हैं और इसलिए योग का सार हमारे एकता के दर्शन के साथ उचित रूप से मेल खाता है। इसलिए, अपने कर्मचारियों के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक कल्याण के प्रति पीएनबी की प्रतिबद्धता के आगे, हम समग्र विकास प्राप्त करने के लिए इस अभ्यास को अपनी दिनचर्या का दैनिक हिस्सा बनाने के लिए खुद की पुष्टि करते हैं। प्रधान कार्यालय में योग सत्र में पीएनबी के एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल, कार्यकारी निदेशक - विजय दूबे, मुख्य महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य बैंक कर्मचारी उपस्थित थे। इस वर्ष पीएनबी की पहल समुदाय की समग्र भलाई के लिए योग की एक प्राचीन भारतीय प्रथा के विषयों को विकसित और फैलाकर एक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संपादकीय

# योग को धर्म-सियासत से दूर रखें, तो बेहतर?

बाबा रामदेव की कोशिशों के बदौलत ही योग को आधिकारिक मान्यता केंद्र सरकार से मिली। सरकार ने भी उनका फायदा चुनावों में जमकर उठाया, इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। ऋषि परंपराओं से लेकर आजतक योग शरीर को चंगा रखने का मजबूत माध्यम रहा है और आगे भी रहेगा। पर, ये देखकर दुख होता है इसे शारीरिक जरूरतों से इतर व्यावसायिक, धार्मिक और सियासत में लोग जकड़ते जा रहे हैं। कायदा तो यही बनता है कि योग पर किसी का सर्वाधिकार पेटेंट ना हो और न ही कोई इसकी ठेकेदारी करे। योग को स्वस्थ काया तक ही सीमित रखना चाहिए। उसकी आड़ में राजनीतिक जरूरतें पूरी नहीं करनी चाहिए। योग गुरू कहलाकर समूचे संसार में प्रसिद्धि पा चुके बाबा रामदेव ने निश्चित रूप से योग का प्रचार जबरदस्त तरीके से किया। इस दरम्यान उन्होंने बड़ा व्यवसाय स्थापित किया, बाजार में हजारों प्रोड्क्टस उतार दिए जिसका टर्नओवर लाखों-करोड़ों में नहीं, बल्कि कई अरबों में पहुंच चुका है। बाबा रामदेव की कोशिशों के बदौलत ही योग को आधिकारिक मान्यता केंद्र सरकार से मिली। सरकार ने भी उनका फायदा चुनावों में जमकर उठाया, इस सच्चाई से भी इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इससे योग विज्ञान का कुछ समय बीतने के बाद नुकसान हुआ। योग सत्ता पक्ष और विपक्ष में बंटकर भाजपा और कांग्रेस हो गया। जब पहला योग दिवस मना, तो कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों ने आयोजन का वॉकआउट किया। यहां तक उन्होंने खुद और अपने कार्यकर्ताओं को भी योग करने से दूर रखा। पर सत्ता पक्ष शुरू से इस दिवस को हर्षोल्लास से मनाती आई है। बहरहाल, कोई कहे बेशक कुछ न, पर सियासत ने योग को धर्म से छोड़ने की भी कोशिशें की हैं। योगासनों में भी धर्मों की एबीसीडी खोज लीं। दूसरा, सबसे दुखद पहलू योग के साथ ये जुड़ा, योग का व्यावसायिककरण कर दिया गया। कईयों की दुकानें योग की आड़ में चल पड़ी हैं। बड़े-बड़े प्रतिष्ठान, कॉलेज, स्कूल, प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो गए हैं, जहां योग सीखाने के नाम पर मोटा माल काटा जा रहा है। योग गुरूओं की तो फौज की खड़ी हो गई। बड़े-बड़े नेताओं ने अपने लिए पर्मानेंट एक-एक योग प्रशिक्षक हायर कर लिया। कुल मिलाकर योग को पूरी तरह से स्टेटस सिंबल बना डाला। यानी मध्यम वर्ग और गरीबों की पहुंच से बहुत दूर कर दिया। गौरतलब है, योग विधा पांच हजार पूर्व ऋषि परंपराओं से मिली हमारे लिए अनमोल धरोहर है। ज्यादा पुराने समय की बात नहीं, सिर्फ आजादी तक का इतिहास खंगाले तो पता चलता है कि उस वक्त तक भी चिकित्सा विज्ञान ने उतनी सफलता नहीं पाई थी जिससे अचानक उत्पन्न होने वाली बिमारियों से तुरंत इलाज कराया जा सके। उस वक्त भी जड़ी-बुटियों और नियमित योगासन पर ही समूचा संसार निर्भर था। अंग्रेजी दवाओं को विस्तार कोई चालीस-पचास के दशक से जोर पकड़ा था। तब मात्र एकाध ही फार्मा कंपनियां हुआ करती थी, जो अंग्रेजी दवाईयों का निर्माण करती थीं। विस्तार अस्सी के दशक के बाद आरंभ हुआ। आज तीन से चार हजार के करीब फार्मा कंपनियां अंग्रेजी दवा बनाने में लगी हैं, बावजूद इसके योग का बोलबाला बढ़ा है। जानकार मानते हैं कि अंग्रेजी दवाईंया तुरंत असर तो करती हैं लेकिन शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कितनी कमजोर कर देती है, शायद इस सच्चाई से लोग अनभिज्ञ होते हैं। बड़ी-बड़ी फार्मा कंपनियों के मालिक भी नियमित योगासन करते हैं, क्योंकि उनको योग के फायदे अच्छे से पता होते हैं। योग को एक नहीं, बल्कि हजारों बड़ी और गंभीर बीमारियों से लड़ने का हथियार माना गया है। वक्त फिर से पलटा है। लोग धीरे-धीरे पुरानी दवा पद्धतियों की ओर लौटने लगे हैं। सालों पुरानी हेल्थ प्रॉब्लम से छुटकारा पाने के लिए मरीज योग की मदद लेने लगे हैं। अनुभवी डॉक्टर्स भी अपने पेशेंट को डेली रूटीन में योग शामिल करने की सलाह देते हैं। ऐसे कई केस सामने आए हैं।

# अनियंत्रित सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है!

अनियंत्रित सोशल मीडिया नींद में कमी, बाधित और विलंबित नींद , स्मृति हानि और खराब शैक्षणिक प्रदर्शन से जुड़ा है। अनियंत्रित सोशल मीडिया का उपयोग उपयोगकर्ताओं के शारीरिक स्वास्थ्य को और भी अधिक सीधे प्रभावित कर सकता है। इसी पर ईयर टू हियर प्लेटफार्म पर, चर्चा जारी है! माननीय ऋचा मेहता पेज 3 सेलिब्रिटी और इस अद्भुत सामाजिक पहल की संस्थापक द्वारा दिया गया विषय , इस पर कई बौद्धिक सदस्यों द्वारा चर्चा की गई ! हाल ही में, ईयर टू हियर की नेशनल एडवाइजर डॉ. माधवी बोरसे, और माननीय गेस्ट स्पीकर्स, विकास परेडवाल जो कि एक फिटनेस कोच और फ्रीलांसर है और मेकअप आर्टिस्ट संजना राणा ने मिलकर इस पर चर्चा की !

सभी ने कहा की, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया जिम्मेदार है। यह व्यवस्थित अध्ययन मानसिक स्वास्थ्य पर सामाजिक नेटवर्क के उपयोग के प्रभावों का सार प्रस्तुत करता है। 50 पेपरों को गूगल स्कॉलर डेटाबेस से शॉर्टलिस्ट किया गया था, और विभिन्न समावेशन और बहिष्करण मानदंडों के आवेदन के बाद, 16 पेपर चुने गए और सभी पेपरों का मूल्यांकन गुणवत्ता के लिए किया गया। आठ पेपर क्रॉस-सेक्शनल अध्ययन थे, तीन अनुदैर्ध्य अध्ययन थे, दो गुणात्मक अध्ययन थे, और अन्य व्यवस्थित समीक्षाएं थीं। निष्कर्षों को मानसिक स्वास्थ्य के दो परिणामों में वर्गीकृत किया गया- चिंता और अवसाद। सोशल मीडिया गतिविधि जैसे कि मानसिक स्वास्थ्य डोमेन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए बिताया गया समय। हालांकि, क्रॉस-अनुभागीय डिजाइन और नमूने की पद्धतिगत सीमाओं के कारण, काफी अंतर हैं। ब्यूटीशियन संजना राणा जी ने कहा की मनुष्य सामाजिक प्राणी है जिसे जीवन में प्रगति करने के लिए दूसरों के सहयोग की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, अन्य लोगों के साथ सामाजिक रूप से जुड़े रहने से तनाव, चिंता और उदासी दूर हो सकती है, लेकिन सामाजिक संबंध की कमी मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है ! वही विकास परेडवाल जो कि एक फिटनेस कोच भी है, उन्होंने कहा सोशल मीडिया हाल ही में लोगों की दैनिक गतिविधियों का हिस्सा बन गया है; उनमें से कई प्रतिदिन मैसेंजर, इंस्टाग्राम, फेसबुक और अन्य लोकप्रिय सोशल मीडिया पर घंटों बिताते हैं। इस प्रकार, कई शोधकर्ता और विद्वान लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर सोशल मीडिया और अनुप्रयोगों के प्रभाव का अध्ययन करते हैं! ईयर टू हियर की नेशनल एडवाइजर डॉ. माधवी बोरसे जी ने कहा इस बात से कोई इंकार नहीं है कि सोशल मीडिया अब कई लोगों के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। सोशल मीडिया के कई सकारात्मक और सुखद लाभ हैं, लेकिन इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। हालांकि, कई अध्ययनों में भारी सोशल मीडिया और अवसाद, चिंता, अकेलापन, आत्म-नुकसान और यहां तक कि आत्मघाती विचारों के बढ़ते जोखिम के बीच एक मजबूत संबंध पाया गया है। सोशल मीडिया नकारात्मक अनुभवों को बढ़ावा दे सकता है जैसे- आपके जीवन या उपस्थिति के बारे में अपर्याप्तता।

**चलो अपनों के साथ वक्त बिताए,**
**कैसे बिताना है,**
**स्वयं को और सभी को सिखाएं,**
**हर वक्त सोशल मीडिया मैं घूम ना रहकर,**
**सोशल मीडिया के लिए एक वक्त बनाएं,**
**स्वयं को तनाव मुक्त पाएं,**
**वास्तविक जीवन मैं भी जीते जाए!!**

# सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों पर क्या कहता है कानून? केस दर्ज तो भूल जाइए सरकारी नौकरी

अभिनय आकाश



हिंसा कभी भी अनुकूल परिणाम नहीं देती है। इसका नतीजा हमेशा गलत ही होता है। वैसे तो भारत में सरकारी सेवा के मामले में पुलिस केस दर्ज होने को लेकर कोई एक कानून नहीं है। लेकिन अलग अलग राज्यों में सेवा नियम बने हुए हैं।

भारतीय सेना को भविष्य की जरूरत के अनुसार सजाने-संवारने और तैयार करने के लिए केंद्र सरकार ने अग्निपथ योजना शुरू की है। तमाम रक्षा और सैन्य विशेषज्ञ इसे सेना के सुधारों को लेकर क्रांतिकारी कदम बता रहे हैं। लेकिन योजना के कई प्रावधानों को लेकर विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिल रहा है। सरकार जल्द ही ये योजना लागू करने जा रही है। साथ ही लोगों की सारी आशंकाओं को भी निर्मूल साबित करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। देश के कई राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों के दौरान सरकारी और निजी संपत्ति को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। रेलवे ने आज 500 से ज्यादा ट्रेनों को रद्द कर दिया। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक, प्रदर्शनकारी रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अब तक दर्जनों ट्रेनों को जला दिया गया है। पटरियां उखाड़ दी गईं। और ट्रेनों में पथराव किया जा रहा है। अग्निपथ योजना के विरोध में रेलवे ट्रैक जलाने और तोड़फोड़ करने वाले युवाओं का फ्यूचर खतरे में पड़ सकता है। इनके लिए सेना के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो सकते हैं।

अग्निपथ भर्ती योजना की घोषणा के बाद से व्यापक हिंसा हुई है। पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणियों के बाद राष्ट्र ने हिंसा भी देखी थी। इन सभी मामलों में दंगाइयों ने सड़कों पर उतरकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। करोड़ों रुपये की सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट किया। पिछले तीन दिनों में प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रेनों में आग लगाने की घटना भी देखने को मिली। इस प्रकार के मामलों से निपटने के लिए, सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की रोकथाम अधिनियम 1984 में पेश किया गया था। संसद द्वारा अधिनियमित अधिनियम सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की रोकथाम और उससे जुड़े मामलों के लिए लाया गया था। यह अधिनियम 28 जनवरी 1984 को प्रभावी हुआ।

सार्वजनिक संपत्ति की परिभाषा- सार्वजनिक संपत्ति का अर्थ है कोई भी संपत्ति, चाहे वह अचल हो या चल (किसी भी मशीनरी सहित) जो स्वामित्व में हो, या उसके कब्जे में हो या उसके नियंत्रण में हो।

केंद्र सरकार

राज्य सरकार

कोई भी स्थानीय प्राधिकरण

केंद्रीय, अनंतिम या राज्य अधिनियम द्वारा स्थापित या उसके अधीन कोई भी निगम

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 में परिभाषित कोई भी कंपनी। ये ऐसी कंपनियां हैं जो सरकार के पास होती हैं जिसमें केंद्र या राज्य सरकार के पास 51 प्रतिशत से कम चुकता शेयर पूंजी नहीं होती है। आईटी में एक कंपनी भी शामिल है जो सरकारी कंपनी की सहायक कंपनी है।

### सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली शरारतें

जो कोई भी प्रकृति की सार्वजनिक संपत्ति के संबंध में कोई कार्य करके शरारत करता है, उसे पांच साल तक की कैद और जुर्माने से दंडित किया जाएगा।

आग या विस्फोटक पदार्थ से सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली शरारत- जो कोई भी आग या विस्फोटक पदार्थ द्वारा अपराध करता है, उसे कठोर कारावास से दंडित किया जाएगा, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नहीं होगी, लेकिन जुर्माने के साथ इसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है।

अधिनियम में यह भी कहा गया है कि उपरोक्त अपराधों के आरोपी या दोषी व्यक्ति को, यदि हिरासत में है, तो उसे जमानत पर या अपने स्वयं के मुचलके पर रिहा नहीं किया जाएगा, जब तक कि अभियोजन पक्ष को ऐसी रिहाई के लिए आवेदन का विरोध करने का अवसर नहीं दिया गया हो।

धारा 427 भारतीय दंड संहिता (आईपीसी)- जो कोई भी शरारत करता है और 50 रुपये या उससे अधिक की राशि को नुकसान पहुंचाता है, उसे दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा।

**धारा 425 आईपीसी :** जो कोई इस आशय से, या यह जानते हुए कि वह जनता या किसी व्यक्ति को गलत तरीके से नुकसान पहुंचा सकता है, किसी भी संपत्ति को नष्ट करता है, या किसी भी संपत्ति में या इस तरह के किसी भी बदलाव का कारण बनता है। इसकी स्थिति के रूप में इसके मूल्य या उपयोगिता को नष्ट या कम कर देता है, या इसे हानिकारक रूप से प्रभावित करता है, शरारत करता है।

इसके अलावा और किसी भी तरह के बवाल में शामिल होने पर आईपीसी की धारा 147 और 148 के तहत केस दर्ज हो सकती है। भारतीय डंड संहिता 1860 की धारा 148 में घातक आयुध से लैस होकर दंगा करना परिभाषित किया गया है। आपीसी की धारा 148 के अनुसार कोई घातक आयुध का उपयोग करके दंगा करने पर तीन साल की सजा हो लकती है। या फिर आर्थिक जुर्माना भी लगाया जा सकता है। या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

### हिंसक प्रदर्शन में शामिल युवाओं का क्या होगा भविष्य?

हिंसा कभी भी अनुकूल परिणाम नहीं देती है। इसका नतीजा हमेशा गलत ही होता है। वैसे तो भारत में सरकारी सेवा के मामले में पुलिस केस दर्ज होने को लेकर कोई एक कानून नहीं है।

लेकिन अलग अलग राज्यों में सेवा नियम बने हुए हैं। जिसके तहत कहा जा रहा है कि जो लोग विरोध के नाम पर उपद्रव कर रहे हैं, वे सेना तो क्या, किसी भी सरकारी नौकरी में जाने के लायक नहीं रहेंगे। कोई भी पुलिस केस दर्ज होने के बाद भविष्य चौपट हो जाता है।

सेना में फिजिकल, लिखित परीक्षा में पास कर सिलेक्ट होने के बाद जब स्थानीय थाने से पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाता है, तो चयन अस्वीकृत कर डिस्कवालिफाई कर दिया जाता है। इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति या अभ्यर्थी छोटे-मोटे अपराध में शामिल हुआ हो और उससे सीआरपीसी की धारा 107 और 151 के तहत बॉन्ड भरवाकर वादा लिया जाता है कि वो आगे कभी अपराध में शामिल नहीं होगा।

# गांव-गांव तक पहुंचा चुनावी दंगल, चुनावी दाव पेंच में उलझते लोग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज होते ही गाँव में एक चुनाव दाव की कसक शुरू हो जाती है ।सभी के मन में एक ऐसा जन प्रतिनिधि की आस होती है जो उनके साथ-साथ सम्पूर्ण गाँव को विकास की धारा में बहा सके द्य एक आम वोटर इससे ज्यादा चाहेगा भी क्या ? बेचारा बस इस उम्मीद में अपना वोट दे देता है कि कभी न कभी तो इन जनप्रतिनिधियों हमारी सुध आएगी , कभी तो उनके कदम हमारी झोपडी की ओर होगा।

समाज में बदलाब के लिए आगे आने वाले लोग - समाज में तीन तरह के लोग होते है, पहले गरीब, मजदूर, दिहाड़ी करने वाले यूँ कहे तो समाज का सबसे निचले पायदान में जीवन यापन करने वाले लोग, इन लोगो को जन प्रतिनिधियों से बड़ी आस होती है कि ये इनका जीवन बदले में मदद करेंगे द्य देश में सबसे बड़ी संख्या भी इस तबके का ही है; इनके वोट के दम पर ही लगभग सभी जन प्रतिनिधियों की साख होती है द्य बड़े-बड़े लालच, प्रलोभन वादे एवं आश्वाशन में यही तबका सबसे ज्यादा ठगा भी जाता है द्य यदि बात करे तो यह समाज का ऐसा हिस्सा है जो अपने काम करवाने के लिए बड़े नेता एवं जिला स्तर के जन प्रतिनिधि तक पहुँच ही नहीं पाता है। इनका काम भी कभी इतना बड़ा नहीं होता कि ये जिला के जन प्रतिनिधियों के पास जाये। पहुँच बस गाँव और ग्राम पंचायत तक; इतने में ही संतुष्ट हो जाता है द्य दूसरा तबका माध्यम वर्गीय परिवारों की; ये तबका में वे सभी लोग आ जाते है जो आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कुछ सक्षम होते है द्य गाँव की सही राजनीति में इनका बड़ा दखल होता है। अपना काम बनाने के लिए इनका संपर्क सभी से होता है। किसी भी चुनाव में इनका सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व इनका ही होता है। किसी भी निर्णायक दौर तक जाने के लिए इनकी भूमिका अभूतपूर्व होती है । यही व्यक्ति सही राजनीति का आनंद भी लेता है। तीसरा तबका आर्थिक रूप से पूर्ण सक्षम परिकार का आता है। ये अपने काम, रोजगार, बिजनेस आदि में इतने उलझे होते है कि इनको ग्राम स्तरीय राजनीती से ज्यादा लेना-देना नहीं होता है। ये किसी भी चुनाव में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं करते है और करते भी है तो इनका पक्ष निर्णायक होता है।

आपसी मतभेद से हो रहे संवंध खराब - गाँव में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के चलते पंचायत स्तर पर पंच, सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायद सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे गरिमामयी पदों के लिए जैसे होड़ लग जाती है। आरक्षण की घोषणा होते ही सब अपनी-अपनी रणनीति बनाना प्रारंभ कर देते है ।जिसकी जैसी पहुँच उसका वैसा वर्चस्व; सब अपने-अपने समीकरण तैयार करने लगते है।

कोई जीतने के लिए चुनाव में उतरता है तो कोई, किसी को हराने के लिए चुनावी मैदान में खड़ा किया जाता है। सब अपने-अपने हिसाब से गाँव का विकास का सपना देखते है; गाँव चुनावी प्रतिनिधियों से समर्थको में बट जाता है। एक गाँव जहाँ सब अपने सुख दुःख की बाते साँझा करते थे; एक दूसरे का हालचल पूछते थे अब वह अपने विपक्ष प्रतिनिधियों के गुट में होने से आपसी वैमनसता पाल लेते है । चुनाव में कोई एक की जीत होती परन्तु गाँव में कुछ दिन तक आपसी सम्बन्ध में दरार बनी रहती है द्य कभी-कभी ये सम्बन्ध इतने ख़राब हो जाते है की कोई बड़ी घटना भी घटित हो जाती है।

युवा कर सकते है बड़ा बदलाब - आज नई-नई तकनिकी से युवाओं का हाथ भरा हुआ है। मोबाइल एवं कम्पुटर ने सारा देश का ज्ञान एक जगह समेट कर रख दिया है द्य क्या अच्छा है और क्या ख़राब है के बारे में अब ज्यादा समझाने की जरुरत नहीं बची द्य तकनीक ने सभी को इतना करीब ला दिया है कि किसी सन्देश को पहुँचाने ने मिनट भी नहीं लगते और हजारों की संख्या में लोगो को जानकारी पता हो जाती है। अब युवाओं को हम अधूरे ज्ञान से संबोधित नहीं कर सकते; अब उनके हाथ कई प्रकार की जानकारी एवं कौशल बरा पड़ा है।

उद्धव सरकार पर संकट, शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे कई विधायकों संग सूरत पहुंचे




# चौराहों पर संगीत - विश्व संगीत दिवस 21 जून 2022 पर देश भर में सफल उत्सव मनाया गया



भारत आदि अनादि काल से प्रतिभाओं का धनी रहा है। यहां हर क्षेत्र में ऐसी अनेक गौरवशाली प्रतिभाएं हैं अगर हम उनका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे के यहां कुछ ही नहीं बल्कि हर नागरिक में एक शौर्य प्रतिभा समाई हुई है जिसका अंदाज़ शायद उस प्रतिभावान व्यक्ति को भी नहीं होगा।

साथियों हमें रानू मंडल नाम याद होगा कुछ वर्ष पहले वह पश्चिम बंगाल के राणाघाट स्टेशन में भीख मांगती थी। एक दिन किसी ने रेलवे स्टेशन पर उनकी वीडियो सूट की और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस वीडियो में वह गीत गा रही थी। एक प्यार का नगमा है! रानू का यह गीत गाते हुए वीडियो काफी वायरल हो गया था।..इसके बाद उसकी किस्मत ऐसे चमकी जिसके बाद वह सीधे बॉलीवुड में चली गई। जहां पहुंचना किसी के लिए आम बात नहीं था। जहां से एक भीख मांगने वाली औरत कहां से कहां पहुंच गई। सोशल मीडिया ने उसको एक ही रात में स्टार बना दिया था। उसके बाद उन्हें फिल्म में गाने का मौका भी मिला। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से ऐसे गुमनाम कलाकारों को समर्पित बातों की चर्चा और उनकी प्रतिभाओं का विश्लेषण करेंगे।

साथियों बात अगर हम सड़क ट्रेन मंदिरों फुटपाथों चौराहों पर अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों की करें तो, हम सब ने उनकी अभूतपूर्व प्रतिभा देखी होगी कि कितनी मीठी वाणी में गीत गाते हैं, दो पत्थरों डिब्बों या अन्य वेस्ट चीजों से अभूतपूर्व संगीत बजाते हैं जैसे कोई अद्वितीय वाद्य हो और इस कला का प्रदर्शन देख हम उन्हें पांच दस रुपया दे देते हैं जिनमें उनकी रोजी-रोटी चलती है परंतु हमने उनकी उस कला को शिखर तक पहुंचाने, उन्हें साथ देने की कभी सोचे नहीं या सोचे भी तो कितनी रानू मंडल जैसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाएं ? यह एक सोचनीय प्रश्न है ? हालांकि सरकारी समय-समय पर कुछ प्रोत्साहन उत्सव चलाती रहती है।

साथियों बात अगर हम विश्व संगीत दिवस की करें तो 21 जून 2022 को, कुल 110 देशों में ही मनाया गया जर्मनी, इटली, मिस्त्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि सहित भारत ने भी गुमनाम प्रतिभाओं कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने कॉल टू एक्शन उत्सव पीआईबी के अनुसार केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्री के सानिध्य में विश्व संगीत दिवस 21 जून 2022 के उपलक्ष में मनाया, इसके माध्यम से इस उत्सव के लिए गुमनाम प्रतिभाओं को मौका देने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आगुंतकों से अनुरोध किया गया था कि वे अपने विवरण के साथ अपनी कला के प्रदर्शन की एक छोटी क्लिप भी भेजें। संगीत के प्रमुख संस्थानों, सांस्कृतिक केंद्रों, एसएनए पुरस्कार विजेताओं और प्रख्यात संगीतकारों से भी ऐसी दुर्लभ प्रतिभाओं का पता लगाने और उनकी पहचान करने का अनुरोध किया गया था। सभी प्रविष्टियों की समीक्षा करने और भेजी गई सिफारिशों पर विचार करने के बाद 21-25 जून 2022 तक 5 दिवसीय उत्सव के लिए कुल 75 प्रदर्शन कार्यक्रमों का चयन किया गया।

साथियों बात अगर हम सड़क ट्रेन मंदिरों फुटपाथ व चौराहों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की करें तो, आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष का उत्सव मनाने और कीर्तिगान करने तथा विश्व संगीत दिवस होने के अवसर पर देश भर से दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्रों की प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए संगीत नाटक अकादमी एक उत्सव ज्योतिर्गमय का आयोजन किया। इस उत्सव में सड़क पर प्रदर्शन करने वाले, ट्रेन में मनोरंजन करने वाले और मंदिरों से जुड़े कलाकार भी शामिल हुए। केंद्रीय संस्कृति, ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दुर्लभ वाद्य यंत्रों के निर्माण पर 5 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है जो शैक्षिक और इंटरैक्टिव दोनों साबित होगी। इस महोत्सव में देश के कोने-कोने से कलाकार भाग लेंगे।दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्र बजाने के अनुभव के साथ-साथ उन्हें तैयार करने के कौशल को संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने तथा उन गुमनाम कलाकारों को पहचान देने के उद्देश्य से इस उत्सव की परिकल्पना की जा रही है, जो शायद ही कभी लाइमलाइट देखते हैं। संगीत नाटक अकादमी का भारत से लुप्त हुई कलाओं को उबारने का यह एक अनूठा प्रयास है और यह अनूठी पहल विश्व संगीत दिवस के उत्सव के बाद भी जारी रहेगी।

साथियों संगीत भारत के हर गली और कोने में सुनाई देता है। खुले आसमान के नीचे अपनी बांसुरी और ताली बजाते हुए राहगीरों का मिलना कोई अचरज वाली बात नहीं है। चाहे बारिश हो या धूप ये लोग आसानी से मिल जाते हैं। जिन्हें रोज़मर्रा की ज़िंदगी में थोड़ी सी भी नीरसता दूर करने लिए शायद ही कभी धन्यवाद दिया जाता है। हमारे पास दुर्लभ संगीत वाद्ययंत्रों का ढेर भी है जो अपनी कम होती लोकप्रियता और घटते संरक्षण के कारण धीरे-धीरे सार्वजनिक डोमेन से दूर होते जा रहे हैं।

साथियों बात अगर हम विश्व संगीत दिवस मनाने की करें तो इसको मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके से लोगों को संगीत के प्रति जागरूक करना है ताकि लोगों का विश्वास संगीत से न उठे। इसको मनाने का उद्देश्य अलग-अलग तरीके सेम्यूजिक का प्रोपेगैंडा तैयार करने के अलावा एक्सपर्ट व नए कलाकारों को इक्ठ्ठा करके एक मंच पर लाना है। विश्व भर में, इस दिन संगीत और ललित कला को प्रोत्साहित करने वाले कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।संगीत हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो न केवल मन को शांति पहुंचाता है बल्कि हमें खुश रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ऐसे में हर वर्ष विश्व संगीत दिवस मनाया जाता है।

### तुम्हे रोक भी लेता

मैं चाहता तो तुम्हे रोक भी लेता, पर
तुम तो बस एक खयाल थी,
तुम्हे ढूंढ लेता मैं शायद खुदमे,पर
तुम तो खुद पर सवाल थी।
किस तरह देखता चेहरा फिर से तुम्हारा
किस तरह पाता अब सहारा तुम्हारा,
किस मोड़ पर तुम्हारी राह देखता,
किस तरह से तुम्हारी आह देखता।
सोचता तुम्हें तो सोचता कैसे,
रोकता तुम्हे तो रोकता कैसे ?
मिल रहा था तुम्हारी परछाई से काफी था,
मिल रहा था हमारी तन्हाई से काफी था, अब किस रास्ते मे ढूँढू तुमको बताओ ना,
याद आती है तुम्हारी जान, वापस आजाओ ना।
एक बार बस एक बार!
मुझे मुझसे मिलवा दो,
तुम्हारे बिना आती ही नही,
मुझे मेरी नींद लौटा दो,
आओ न मुझे याद आती है तुम्हारी,
खुशबू तुम्हारे बाद भी आती है तुम्हारी।
शायद! शायद! कुछ किस्सा तुम्हारा मुझमे बाकी है,
शायद! शायद! इक किस्सा तुम्हारा मुझमें बाकी है।
मुझे अब भी तुमसे मुहब्बत है,
मुझे अब भी तुम्हारी आदत है,
अब दुनिया से कोई गिला नही मुझे,
तुम्हें भी तो मुझसे शिकायत है।

## शार्ट न्यूज

### इटावा- जिला खनन अधिकारी को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी

इटावा। इटावा में जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह को एक दबंग खनन माफिया ने फोन पर मौत के घाट उतारने की धमकी दी है। पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह ने मंगलवार को बताया कि जिला खनन अधिकारी के सरकारी मोबाइल नम्बर पर किसी दबंग ने जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले को लेकर के मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। क्राइम ब्रांच और दो अन्य टीमें दबंग शख्स की खोजबीन करके उसकी गिरफ्तारी की कोशिश में जुटी हुई है। क्राइम ब्रांच के अलावा तीन टीमें खनन माफिया की गिरफ्तारी की कोशिश में लगी हुई है। फोन पर धमकी देने वाला अपना नाम नहीं बता रहा है लेकिन वह खनन अधिकारी को लगातार निष्पक्ष ढंग से काम करने के लिए धमका रहा है। जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह धमकी के मामले की जानकारी जिलाधिकारी व एसएसपी को देने के साथ-साथ थाना सिविल लाइन में मुकदमा दर्ज कराया है। खनन अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश पर उनके टीम के जरिए मध्य प्रदेश की चंबल सीमा पर ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा था। रविवार रात उनके सीयूजी फोन नंबर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके धमकी दी गई कि सीमा पर उनके द्वारा बहुत चेकिंग की जा रही है। रोजाना ट्रक बंद किए जा रहे हैं जो ठीक नहीं है। अगर यह बंद नहीं किया तो तुम्हें जान से मारकर जेल चला जाऊंगा। उन्होंने उस व्यक्ति से नाम व पता पूछा लेकिन उसने नहीं बताया। अधिकारी ने कहा कि सिविल लाइन पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। वह धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। अवैध रूप से खनन का परिवहन करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### बरेली के मेडिसिटी अस्पताल के डॉक्टर समेत चार पर केस दर्ज, गनशॉट छिपाने का आरोप

बरेली। बरेली में युवक की हत्या मामले में तथ्य छुपाने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल पिछले दिनों मधोबाडी में छात्र के साथ मोहल्ले के कुछ लड़कों ने मारपीट की थी। इस उससे दस हजार रंगदारी मांगी गई जिसे ना देने पर उन युवकों ने उसे गोली मार दी थी। आरोप है कि मेडिसिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर ने घटना को छुपा दिया। हंगामे के बाद हॉस्पिटल के कागज में गन शॉट की बात सामने आई। इसकी शिकायत कोर्ट में की गई थी जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर बारादरी थाने में डॉक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। माधोबाड़ी की रहने वाली रजनी ने बताया कि उनका बेटा पियूष 9वी का छात्र है। आठ मार्च को रात करीब आठ बजे वह घर से टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान मोहल्ले के रहने वाले निखिल कुमार नवादा शेखान के सौरभ और हिमांशु ने उसे रोक लिया। तीनों ने उससे दस हजार की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उसे पीटा और तमंचे से गोली मार दी। मोहल्ले वालों ने इसकी जानकारी दी। जिस पर गंभीर हालत में उसे मेडिसिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि तीनों ने हॉस्पिटल के डॉक्टर आदित्य माहेश्वरी से साठ गांठ कर ली। गोली के निशान को छिपाते हुए वहां टांके लगवा दिये। हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने बताया कि गोली लगी है। जिसको लेकर वहां काफी बातचीत की गई। पता लगा कि पियूष को गोली लगी है। इसके बाद मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में शिकायत की। कोर्ट के आदेश पर थाना बारादरी में डा आदित्य माहेश्वरी, निखिल सौरभ और हिमांशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला की सिर पर गोली मारकर हत्या

मेरठ। मेरठ के श्याम नगर गली नंबर तीन में महिला की घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार देर रात वारदात को अंजाम दिया गया। मंगलवार सुबह महिला का भाई घर पहुंचा तो खून से सना शव मिला। इसके बाद भाई पुलिस को सूचना दी। फिलहाल यह पता नहीं चल सका कि गोली किसने मारी है। जानकारी के अनुसार, श्याम नगर गली नंबर तीन में सायमा फिलहाल हाजी दिलशाद शौकत के मकान में किराए पर रह रही थी। हाजी दिलशाद बसपा नेता है और हाल ही में उन्होंने विधायक का चुनाव भी लड़ा था। इसी मकान में कई अन्य किराएदार भी रहते हैं। सायमा और उसकी सात साल की बेटी लायबा सोमवार रात अपने कमरे में सोई हुई थी। मंगलवार सुबह करीब छह बजे सायमा का भाई फरमान कमरे पर आया, तो सायमा कर लहूलुहान शव मिला। सायमा के सिर में गोली मारी गई थी। बराबर में ही दूसरी चारपाई पर लायबा सोई हुई थी और उसको वारदात की जानकारी नहीं हुई। इसके बाद फरमान ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद सीओ कोतवाली अरविंद कोतवाली अरविंद चौरसिया मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी बुलाया गया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका कि सायमा को किसने गोली मारी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी विनीत भटनागर ने बताया कि महिला की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### रायबरेली : युवक देखने गया था अपना प्लाट, रेलवे ट्रक पर मिली लाश

रायबरेली। रायबरेली में मंगलवार की सुबह इलाहाबाद लखनऊ रेलखंड पर कस्बे के निकट ओम नगर कॉलोनी के पीछे रेलवे लाइन पर एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। शिवगढ़ थाने के पांडेपुर गांव का रहने वाला सुरेश कुमार 44 वर्ष पुत्र रामविलास बछरावां कस्बे में किराए पर कमरा लेकर परिवार सहित रहता था। परिजनों के मुताबिक सुरेश लालगंज रोड पर एक प्लाट खरीदा था और सुबह वही देखने गया था। थोड़ी देर बाद सूचना मिली कि सुरेश का शव रेलवे लाइन के किनारे पड़ा है। बताते हैं कि मृतक ने कुछ दिन पूर्व प्लाट खरीदा था उसमें विवाद चल रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। इस बारे में थानाध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि मामले की सूचना मिली है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हत्या की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी।

### रिश्वत लेते दरोगा कैमरे पर हुआ कैद, वीडियो वायरल होने पर सस्पेंड

**लखनऊ।** लखनऊ के मड़ियांव कोतवाली की अजीज नगर चौकी पर तैनात दरोगा संतोष सिंह पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। मंगलवार को ट्विटर पर इससे जुड़ा वीडियो वायरल हुआ। जिसके आधार पर डीसीपी उत्तरी ने दरोगा को निलंबित किया है। विभागीय जांच एसीपी अलीगंज सै. अली अब्बास को दी गई है। एसीपी के अनुसार, मंगलवार की सुबह नौ बजे करीब लखनऊ कमिश्नरेट के ट्विटर हैण्डल पर एक वीडियो भेजा गया। जिसमें अजीज नगर पुलिस चौकी में कुछ लोग खड़े दिखाई पड़ रहे हैं। वीडियो में हरे रंग की टी-शर्ट पहने युवक जेब से पांच-पांच सौ रुपये के नोट निकाल कर दरोगा की तरफ बढ़ाता है। जिसे दरोगा लेते हुए वीडियो में दिखाई पड़ रहे हैं। एसीपी के मुताबिक वायरल वीडियो की जानकारी होने पर जांच की जा रही है। वीडियो ट्वीट कर अजीज नगर चौकी इंचार्ज संतोष सिंह पर आरोप लगाए हैं। जिसकी जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### सीतापुर में सड़क हादसा, बस के कुचलने से पति-पत्नी की मौत

सीतापुर। सीतापुर में थाना क्षेत्र कमलापुर के कुर्सीनपुरवा गांव के निकट नेशनल हाईवे पर एक अनियंत्रित वाहन ने साइकिल सवार बुजुर्ग दम्पति को रौद दिया जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान चालक वाहन को लेकर भाग निकलने मे सफल रहा। दुर्घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची कमलापुर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उनकी शिनाख्त करने का प्रयास शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों केनुसार मंगलवार की सुबह करीब दस बजे कमलापुर कस्बे की तरफ से आ रहे साइकिल सवार बुजुर्ग दम्पति को विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात अनियंत्रित बस ने उन्हें रौद दिया, जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि शवों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। वाहन की तलाश के लिये टीम गठित की गई है।

## रामपुर के रण में सीएम योगी का आजम पर तंज, बोले- 'रस्सी जल गई ऐंठन नहीं गई'

**रामपुर।** आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन है। आज सीएम योगी ने रामपुर में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के समर्थन में अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएं कीं। विलासपुर के बाद मिलक में जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने आजम खान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- कोरोना काल में हमने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। जो जेल में थे, उनको भी फ्री में इलाज मिला। वे उस समय कहते थे कि जेल ही जन्नत है। आज कहते हैं जेल नरक थी। मैं जानता था वे लोग इतनी जल्दी रंग बदलते हैं कि गिरगिट भी शरमा जाए। रस्सी जल गई, लेकिन ऐंठन नहीं जा रही है।

सीएम योगी ने कहा कि हम बचपन में सुनते थे। रामपुर का चाकू, हापुड़ का पापड़, आगरा का पेठा, अलीगढ़ के ताले, ये सब उत्तर प्रदेश के इन जिलों की पहचान थे। रामपुर का चाकू कमाल का था लेकिन यह सपाइयों के हाथ में लगा तो गरीबों की जमीनों पर डकैती डालने लगा। भाजपा की सरकार बनी तो ये जमीन भू-माफियाओं से लेकर गरीबों को वापस दिलाई गई। उन्होंने कहा कि गरीब, गरीब होता है। किसान किसान होता है। युवा-युवा होता है और महिलाएं, महिलाएं होती हैं। उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि हमने रामपुर के चाकू का इस्तेमाल यहां के गरीबों के सम्मान और गरिमा के लिए किया है। हम रामपुर की धरोहर से खिलवाड़ नहीं होने देंगे।



उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने रामपुर की पहचान का दुरुपयोग किया लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। कुछ लोगों ने रामपुर की धरोहर को नष्ट करने का प्रयास किया। आज कानून उनका हिसाब कर रहा है। सीएम ने कहा कि सरकार के 5 सालों में दो साल कोरोना से लड़ने में निकल गए। कोरोना काल से हम गरीबों को फ्री राशन दे रहे हैं। बिना जाति-मजहब के भेदभाव के हमने सभी के लिए काम किया है। पहले मुख्यमंत्री आवास पर पेशेवर अपराधियों का सम्मान होता था लेकिन भाजपा की सरकार बनी तो उसी मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवाणी का पाठ होता है।

#### अखिलेश ने बनाई दूरी

यूपी में दो लोकसभा सीटों (रामपुर और आजमगढ़) पर हो रहे उपचुनाव से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दूरी बनाई है। वे न तो वो आजमगढ़ गए और न ही रामपुर में अभी तक कोई रैली की है।

#### अग्निवीर पर बोले सीएम योगी

सीएम योगी ने रामपुर की जनसभाओं में अग्निपथ योजना की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हमारे समय में भेदभाव किसी के साथ नहीं होता है। यूपी का कोई भी नौजवान जब नौकरी पर लगता है तो यूपी का नौजवान होता है। यही कारण है कि 5 साल में 5 लाख नौजवानों को हमने सरकारी नौकरी दी। 1.61 करोड़ नौजवानों को हमने निजी क्षेत्र में निवेश कराकर रोजगार और नौकरी के साथ जोड़ा। 60 लाख परम्परागंज उद्यमियों को भी बैंकों के साथ जोड़कर प्रोत्साहित किया। इतने बड़े पैमाने पर यूपी में नौकरी कभी नहीं आई और हम आभारी है प्रधानमंत्री मोदी जी के कि उन्होंने डेढ़ साल में 10 लाख नौजवानों को अग्निवीर बनाकर देश की सेना, पैरामिलिट्री और पुलिस बल में सेवा का बेहतरीन अवसर देने की जो कार्यवाही उनके द्वारा शुरू हुई हुई है उसका स्वागत किया जाना चाहिए लेकिन विपक्ष है कि मानता नहीं। वो गुमराह करने में जुट गया है। यही कारण है कि इन विपक्षी दलों को देश की जनता बार-बार सबक सिखा रही है। यूपी में तो अभी-अभी जनता ने इन्हें संदेश दिया है। कांग्रेस दो सीटों पर सिमट गई। लोकसभा चुनाव में सपा का भी यही हाल होने वाला है।

## लखनऊ में 15 प्रतिशत महंगा होगा ऑटो और टेंपो सफर

लखनऊ। ऑटो-टेंपो और टैक्सियों से सफर करने वालों को जल्द ही जेब हल्की करनी होगी। परिवहन विभाग आठ साल बाद यात्री किराया बढ़ाने जा रहा है। परिवहन आयुक्त की अगुवाई में किराये में बढ़ोतरी का फॉर्मला बनाने वाली समिति ने प्रदेशभर से ब्योरा जुटा लिया है। इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अफसरों की मानें तो 12-15 फीसदी किराया बढ़ने की संभावना है। समिति की रिपोर्ट के अनुसार नए किराये की गणना पूर्व में ऑटो-टेंपो और टैक्सी का किराये, वर्तमान ईंधन कीमत और मजदूरी की दरों के आधार पर की गई है। जुलाई के पहले सप्ताह में राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में नए किराये पर मुहर लग जाएगी।

#### 15 से महंगा हो सकता है सफर

राज्य परिवहन प्राधिकरण सचिव ममता शर्मा ने बताया कि ऑटो-टेंपो और टैक्सी का किराया बढ़ाने के लिए समिति की रिपोर्ट का परीक्षण बाकी



है। इसके बाद 22 जून को एसटीए की बैठक के बाद नए किराये को मंजूरी दे दी जाएगी। ऐसे में 15 जुलाई तक ऑटो-टेंपो और टैक्सी का सफर महंगा हो सकता है।

#### न्यूनतम दूरी के लिए ऑटो 20, टेंपो 10 रुपये वसूल रहे

आठ साल से किराया नहीं बढ़ाने से नाराज ऑटो-टेंपो चालक ईंधन की कीमतें बढ़ने के बाद सवारियों से मनमाना किराया भी वसूल रहे हैं। ऑटो न्यूनतम दूरी के लिए 20 रुपये तो टेंपो न्यूनतम दूरी के लिए 10 रुपये प्रति किमी किराया वसूल रहे हैं।

लखनऊ ऑटो रिक्शा-थ्री व्हीलर महासंघ अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि पहले एक किमी का किराया 25 रुपये, इसके बाद हर आधे किमी का किराया 12 रुपये करने का प्रस्ताव परिवहन विभाग को सौंपा है।

#### रोजाना सवा दो लाख यात्री ऑटो से चलते हैं

लखनऊ में मेट्रो चलने के बावजूद अधिकांश रूटों पर ऑटो-टेंपो की यातायात की लाइफ लाइन हैं। शहर में आरटीओ से पंजीकृत तकरीबन 4092 रोजाना सवा दो लाख यात्री लाते- ले जाते हैं, जबकि 2375 टेंपो करीब सवा लाख यात्रियों के आवागमन का प्रमुख साधन हैं।

#### ज्यादा किराया मांगने पर यहां करें शिकायत

ऑटो-टेंपो चालक तय किराया से ज्यादा मांगें या वसूले तो परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नंबर 18001800151 पर वाहन नंबर के साथ शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत सोमवार से शनिवार तक सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक दर्ज होगी। आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने बताया कि शिकायत के बाद यात्रियों के बयान के आधार पर वाहन स्वामी के खिलाफ ओवरचार्जिंग पर कार्रवाई की जाती है।

#### ऑटो महासंघ के फॉर्मूले पर किराया बढ़े तो राहत

ऑटो महासंघ अध्यक्ष पंकज दीक्षित की ओर से किराया बढ़ाने के लिए अपना फॉर्मूला राज्य परिवहन प्राधिकरण को सौंपा है। इसमें सीएनजी की बढ़ती कीमत, चालकों का वेतन, वाहन मरम्मत, बीमा, फिटनेस आदि का शुल्क बीते वर्षों में कई गुना बढ़ा है। इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर किराया बढ़े तो भी आम जनता को राहत मिलेगी। तब ऑटो चालक मनमानी किराया नहीं वसूलेंगे।

## मुद्दा नहीं तो अग्निपथ का विरोध करने लगा विपक्ष : गंगवार

एजेंसी

इटावा। उत्तर प्रदेश के गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं है और इसी लिये उसने सैन्य भर्ती अभियान अग्निपथ योजना का विरोध करना शुरू दिया है।

गंगवार ने मंगलवार को यहां योग कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए सरकार ने अग्निपथ योजना का विरोध करने में लगे हुए है। हालांकि आज का युवा समझदार है और वह किसी के झांसे में नहीं आयेगा। उन्होने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुये एक पुराने गाने की चंद लाइन गुनगुनाई कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना ..... ।

उन्होने कहा कि लाइलाज बीमारियो से जूझने वाले लोग योग के बल पर आज भी बेहतर जिंदगी बसर कर रहे है। नुमाइश पंडाल मे योगा समारोह मे शामिल होने वाले ऐसा संकल्प लेकर जाये वो प्रतिदिन योगा के माध्यम से अपने आप को बेहतर रखने का प्रयास करेंगे।

इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और इटावा से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रो. रामशंकर कठेरिया के अलावा बड़े पैमाने पर स्थानीय नागरिक सरकारी कर्मचारी अधिकारी आठवे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल हुए ।

## भाजपा बताये कि उनके कितने सदस्य अपने बच्चों को भेज रहे हैं अग्निपथ में

लखनऊ। सैन्य भती के लिये अग्निपथ योजना को युवाओं का अपमान बताते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि अग्निवीर के फायदे गिनाने के बजाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अपने उन सदस्यों और समर्थकों की सूची जारी करनी चाहिये जो अपने बच्चों को इस योजना में भेज रहे हैं। यादव ने ट्वीट किया भाजपा जिस तरह अपने समर्थकों से 'अग्निवीर' के तथाकथित फ़ायदे गिनवाने में लगी है, उससे अच्छा होगा कि भाजपा अपने उन सदस्यों-समर्थकों की सूची जारी करे जो इस योजना में अपने बच्चों को भेज रहे हैं। प्रवचन देने से अच्छा है भाजपाई ख़ुद उदाहरण पेश करें। भाजपा युवाओं का अपमान बंद करे। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की सैन्य भर्ती को लेकर अग्निपथ योजना के विरोध में पिछले दिनो उत्तर प्रदेश और बिहार समेत देश के कुछ इलाकों में प्रदर्शन हुये थे। सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने अल्प अवधि की इस योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। उधर सेना ने अग्निपथ योजना का विरोध में हिंसक प्रदर्शन करने वालों को अग्निपथ योजना का लाभ नहीं दिये जाने की घोषणा की है। तीनो सेनाओं के प्रमुखों ने कहा कि सेना अनुशासन चाहती है जहां हिंसा और प्रदर्शन करने वालो की कोई जगह नहीं है।

## शादी में आई लड़की से गैंगरेप, 11 दिन बाद मुकदमा, 16 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी

एजेंसी

**बहराइच।** बहराइच में खैरीघाट थाने की पुलिस ने 11 दिन पूर्व एक किशोरी के साथ हुए रेप मामले में रविवार की दोपहर में केस दर्ज कराया गया था। इसके 16 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

खैरीघाट थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय बेटी गांव में ही 11 जून की रात एक घर में शादी समारोह में गई थी। लघुशंका को जाने पर वहां मौजूद एक युवक अपहरण कर विद्यालय में ले गया। वहां पहले से दो युवक मौजूद थे। छतरपुर निवासी मुनान उर्फ प्रमोद कुमार व मिथुन ने किशोरी के साथ गैंग रेप किया। जबकि बकैना निवासी अमरजीत ने छेड़छाड़ की, और अश्लील वीडियो बनाया। किशोरी के मुताबिक लगभग दो घंटे बाद उसे छोड़ा गया, तो वह सीधे घर गई। दूसरे दिन अपनी मां को वारदात के बारे में जानकारी दी। 20 जून को पीड़िता ने मां के साथ थाने जाकर अपने साथ हुई वारदात की नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तत्काल इस मामले में छेड़छाड़, गैंगरेप, धमकी, पाक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर किशोरी को महिला सिपाही की अभिरक्षा में मेडिकल को भेजा। एसएचओ निखिल कुमार मिश्रा, सिपाही अजय यादव, श्याम जी यादव ने दबिश देकर आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

## सोनभद्र में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण का अनूठा अभियान

सोनभद्र ।उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिला प्रशासन ने प्लास्टिक कचरा के निस्तारण का अनूठा अभियान शुरू किया है जिसके अनुकूल परिणाम प्राप्त होने लगे हैं।

जिलाधिकारी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान 'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' के पहले दिन ही लोगो ने घरों के आसपास और खेतों में पड़े 1128.70 किग्रा प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर दिया है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने बताया कि 'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' अभियान अब जिले में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिले के लगभग ढाई लाख घरों पर बोरिया टांग दी गई है जिसमें प्लास्टिक कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 20 से 25 तारीख तक उन बोरियों में इकट्ठे हुए प्लास्टिक को एकत्रित कर ग्राम पंचायत में एक बड़े बोरे/झाल में रखा जा रहा है।

20 जून को पहले दिन प्लास्टिक के कलेक्शन के अभियान में पूरे जिले के 36591 घर कवर किए गए जिसमें लगभग 1128.70 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया है।

उन्होने ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से अपील की कि वे अपनी प्लास्टिक उसी बोरे में डालें। किसी ग्राम पंचायत में प्लास्टिक के एकत्रीकरण में कोई समस्या आ रही है तो जनपद वार रूम का नंबर 7398040073 सार्वजनिक किए जा रहे हैं।

अगर प्लास्टिक की बोरी भर जाती है और कलेक्शन में कोई समस्या आती है उस नंबर पर फोन अथवा व्हाट्सएप करके अवगत कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया कि ग्राम पंचायत अपने ग्राम पंचायत को प्लास्टिक मुक्त करे और प्रदेश और देश में एक अनूठी मिसाल पेश करे।

जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। जिले को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी का सहयोग है। अब स्थिति यह है कि ग्राम पंचायतों में लोग खुद अपने घरों के आसपास, खेतों में जो भी प्लास्टिक फैले हुए हैं उसको भी बिन कर अपने बोरियों में डाल रहे हैं। ग्राम पंचायत सफाई कर्मियों एवं गांव में लोगों के माध्यम से घर घर से प्लास्टिक इकट्ठा कर एक जगह एकत्रित किया जा रहा है। जनपद के 36591 घरों में 1128.70 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया। यह अभियान लगातार 5 दिन चलाया जाना है।

## बहराइच में बाघ ने किया किसान पर जानलेवा हमला

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत हरखापुर गांव में मंगलवार को खेत में काम कर रहे किसान पर जंगल से निकलकर आए बाघ ने हमला कर दिया। किसान के शोर मचाने पर अन्य लोग दौड़े। तब किसान को छोड़कर बाघ जंगल की ओर चला गया। गम्भीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सटे गांवों में बाघ और तेंदुए का हमला जारी है। मंगलवार को कोतवाली मुर्तिहा के हरखापुर गांव निवासी बदलू पुत्र बिरजू बहेलिया खेत में काम कर रहा था। तभी जंगल से निकलकर एक बाघ आ गया। बाघ ने किसान के सिर को जबड़े में पकड़ लिया। बाघ के हमला करते ही किसान ने संघर्ष करते हुए शोर मचाया। आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण हल्ला मचाते बदलू को बचाने दौड़े। इस पर बाघ किसान को नोचकर भाग गया। घायल किसान को सीएचसी मोतीपुर पहुंचाकर भर्ती कराया गया।

## अग्निपथ योजना को लेकर झांसी पुलिस बरत रही है पूरी सतर्कता

झांसी। देश और प्रदेश में केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के बीच वीरांगना नगरी झांसी की पुलिस पूरी सतर्कता बरत रही है और कानून व्यवस्था पर नजर रखते हुए पुलिस के आला अधिकारी लोगों से मिलकर समझाइश के काम में ही लगे हैं।

इसीक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शिवहरि मीणा ने पुलिस अधीक्षक (जीआरपी झांसी) मो़ इमरान खान और मण्डल सुरक्षा आयुक्त (डीएससी) रेलवे आलोक कुमार के साथ मिलकर सोमवार को भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की।

लाउडहीलर के माध्यम से अग्निपथ योजना को लेकर आम नागरिकों एवं युवाओं को जागरुक किया गया। इस दौरान एसपी सिटी झांसी, एडीएम, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी सदर सहित पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके अतरिक्त जनपद के सभी रेलवे स्टेशन, रेलवे ट्रैक, रेलवे पुल आदि को चैक किया गया एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गयी।

एसएसपी ने एसपी सिटी, एडीएम, एसडीएम, क्षेत्राधिकारी सदर के साथ खण्ड विकास कार्यालय बबीना में ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी, लेखपाल तथा सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के साथ मीटिंग की और अग्निपथ योजना के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। मीटिंग के सभी प्रतिभागियों ने हाथ उठाकर इसके लिए सहमति दी कि उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहे युवाओं को जागरुक किया जायेगा।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसएसपी के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में आने वाले रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## औरैया में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे हादसा, 25 घायल

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के ऐरवाकटरा क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज बस और डंपर की टक्कर से 25 यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बहराइच से 56 सवारियां लेकर जयपुर जा रही बस सोमवार और मंगलवार की रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर नगला दौलत गांव के पास माइल नम्बर 136 पर आगे जा रहे डंपर से टकरा गयी। इस हादसे में 25 सवारियां घायल हो गयीं जिसमें नेपाल के भी कुछ यात्री शामिल हैं। भीषण टक्कर की आवाज सुन ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू करते हुए सवारियों को बस से निकाला और यूपीडा की एम्बुलेंस की सहायता से सभी गंभीर घायलों को उपचार के लिये रिम्स सैंफई व अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐरवाकटरा में भिजवाया।

## कोरोना काल में योग के महत्व को दुनिया ने जाना : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनुशासन की सीख देने वाले योग के महत्व को पूरी दुनिया ने कोरोना के कठिन समय में अच्छी तरह जाना। आठवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर मंगलवार को राजभवन प्रांगण में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि ऋषि मुनियों की जीवन पद्धति का अहम हिस्सा रहे योग को आज दुनिया के 200 देश अपना चुके हैं। कोरोना संक्रमण काल में पूरी दुनिया ने जाना कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करने में योग की अहम भूमिका है। योग न सिर्फ अनुशासन सिखाता है बल्कि मानवता के लिये बेहद जरूरी है। उन्होने कहा कि भारत के लोग तो पहले से ही योगाभ्यास कर रहे थे और यही कारण है कि यहां के लोगों ने कोरोना महामारी का डट कर मुकाबला किया वहीं दुनिया ने जाना कि योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढाने में कारगर है। हमे अपने ऋषि मुनियो की विरासत पर गर्व होना चाहिये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से ही योग को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता हासिल हुयी है। आज के दिन योग दिवस योगा फार ह्यूनिटी यानी मानवता के लिये योग की थीम पर मनाया जा रहा है।इस मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वस्थ जीवन के लिये नियमित रूप से योगाभ्यास करने की अपील की और कहा कि राजभवन प्रांगण को योग के लिये हर रोज सुबह पांच से सात बजे के बीच खोला जायेगा। उधर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसार मौर्य और केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने रेजीडेंसी में योगाभ्यास किया जबकि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रयागराज में योग क्रिया में हिस्सा लिया। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ले अयोध्या में राम मंदिर परिसर में योग किया वहीं केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आगरा के फतेहपुर सीकरी मे, पशुपति कुमार पारस ने मेरठ के हस्तिनापुर में, रामदास अठावले ने कुशीनगर स्थित बौद्ध मंदिर में और अनुप्रिया पटेल ने बनारस स्थित सारनाथ में योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश में एक अनुमान के मुताबिक करीब पांच करोड़ लोगों ने सुबह सवेरे पार्को और अन्य सार्वजनिक स्थलों में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शिरकत की और मन, बुद्धि और तन को स्वस्थ रखने की इस विधा को नियमित दिनचर्या का अंग बनाने का संकल्प लिया।

## शार्ट न्यूज

### खाद्य तेलों में टिकाव

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं मांग निकलने से मसूर दाल, उड़द दाल, अरहर दाल और गुड़ के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 68 रिंगिट फिसलकर 5193 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल का जून वायदा 1.35 सेंट की गिरावट लेकर 72.47 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पॉम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले दिवस के स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में मिश्रित रूख दिखा। गुड़ 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि चीनी के भाव पड़े रहे। दाल-दलहन ः दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मसूर दाल 100 रुपये, उड़द दाल 50 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गयी जबकि चना, चना दाल और मूंग दाल के भाव स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : चना 4500-4550, दाल चना 5500-5600, मसूर काली 8600-8700, मूंग दाल 8200-8300, उड़द दाल 9700-9800, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2270-2370 रुपये और चावल ः 2500-2600 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3580-3690, चीनी एम. 3700-3800, मिल डिलीवरी 3460-3560 और गुड़ 3700-3800 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16316 रुपये, मूंगफली तेल 20330 रुपये, सूरजमुखी तेल 20879 रुपये, सोया रिफाइंड 17363 रुपये, पाम ऑयल 16264 रुपये और वनस्पति तेल 17289 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### कीमती धातुओं में तेजी

मुंबई। वैश्विक बाजार की तेजी से समर्थन पाकर आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 181 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 896 रुपये प्रति किलोग्राम चमक गई अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.01 प्रतिशत बढ़कर 1838.39 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि अमेरिकी सोना वायदा 0.19 प्रतिशत उतरकर 1832.10 डॉलर प्रति औंस रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 1.20 प्रतिशत चढ़कर 21.84 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 181 रुपये बढ़कर 50835 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 156 रुपये की तेजी लेकर 50825 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। इस बीच चांदी 896 रुपये की बढ़त के साथ 61640 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चांदी मिनी 803 रुपये चमककर 61880 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### जैन इरिगेशन के अंतरराष्ट्रीय कारोबार का सिंगापुर की कंपनी में विलय

जलगाँव। सिंचाई प्रौद्योगिकी कंपनी जैन इरिगेशन सिस्टम्स लि.ने सिंचायी यंत्रों के अपने अंतरराष्ट्रीय कारोबार को सिंगापुर की निवेश कंपनी टेमासेक के स्वामित्व वाली रिवुलिस पीटीई लिमिटेड 'रिवुलिस' को बेचने के करार की मंगलवार को घोषणा की। जैन इरिगेशन ने एक बयान में कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी जैन इंटरनेशनल ट्रेडिंग बीवी और रिवुलिस ने निश्चित लेनदेन समझौते किए हैं। इसके तहत जैन इरिगेशन के इंटरनेशनल ईरिगेशन बिजनस (आईआईबी) का अब रिवुलिस के साथ विलय किया जाएगा और इससे एक वैश्विक कंपनी का निर्माण होगा। नयी कंपनी सिंचाई और जलवायु क्षेत्र में 75 करोड़ डॉलर वार्षिक के राजस्व के साथ दुनिया में अपने क्षेत्र की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी होगी। यह सौदा नकद और स्टॉक लेनदेन हासिल किया जा रहा है। कंपनी का कहना है कि नकद आय का उपयोग जैन इरिगेशन के समेकित ऋण को 45 प्रतिशत तक घटाने के लिए उपयोग किया जाएगा। इसमें 22.5 करोड़ डालर के पुनर्गठित और आईआईबी सहित समूह की कंपनियों के पूरे ऋण शामिल हैं। इस करार के तहत विलय के बाद बनी नयी कंपनी में जैन इरिगेशन समूह की 22 प्रतिशत और शेष 78 प्रतिशत टेमासेक के पास रहेगी। जैन इरिगेशन के प्रबंध निदेशक अनिल जैन ने कहा, हम इस गठबंधन में प्रवेश करके बहुत खुश हैं। टेमासेक एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त निवेश कंपनी है। हम आशा करते हैं कि रिवुलिस के साथ विलय से इस क्षेत्र में एक विश्व अग्रणी कंपनी तैयार होगी।

### पेट्रोल-डीजल के दाम 31 वें दिन भी स्थिर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों तेजी आने के बावजूद मंगलवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया, जिससे लगातार 31 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में ऊतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड मंगलवार को 1.76 प्रतिशत की बढ़त लेकर 116.14 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 2.30 प्रतिशत की तेजी के साथ 112.08 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

### इस स्मॉल कैप कंपनी के शेयरों में दिखी 15 प्रतिशत की तेजी, ये है वजह

नई दिल्ली। शेयर बाजार में आग लगातार दूसरे दिन रौनक देखने को मिल रही है। मंगलवार दोपहर तक सेंसेक्स 1000 अंक से अधिक की बढ़त बना चुका था। निफ्टी भी 15,650 अंक को पार चुका था। NSE में Suven Life Science के शेयरों में भी मंगलवार को 15 की तेजी देखने को मिली। लेकिन स्टॉक में यह तेजी एक खबर की वजह से है। मंगलवार कंपनी एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि 24 जून 2022 को कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक हैं। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि इश्यू शेयर के जरिए वो फंड इकट्ठा करने जा रही है। बता दें, कंपनी का ट्रेनिंग विंडो कंपनी के डायरेक्टर्स, प्रमोटर्स तथा नामित व्यक्तियों के लिए 21 जून से 26 जून तक बंद रहेगा। यह 27 जून को फिर से खुलेगा। आज सुबह BSE में कंपनी का स्टॉक अपने पिछले बंद से 13त्र की उछाल के साथ 72.15 रुपये पर कारोबार कर रहा था। BSE में यह आज 73.45 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच कर कारोबार कर रहा था। बता दें, इस कंपनी की स्थापन 1989 में हुई थी। इस स्मॉल कैप कंपनी का मार्केट कैप 1032.22 करोड़ रुपये का है।

### रिलायंस समेत दो अन्य पर सेबी ने लगाया 30 लाख रुपये का जुर्माना, इस डील को लेकर जानकारी छिपाने का मामला

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं दो व्यक्तियों पर जियो-फेसबुक डील के बारे में शेयर बाजारों को सीधे जानकारी नहीं देने पर कुल 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी ने एक आदेश में कहा कि जियो-फेसबुक सौदे के बारे में शेयर बाजारों को सीधे जानकारी न देकर समाचारपत्र में इसकी जानकारी दी गई थी। इसे सेबी के प्रावधानों का उल्लंघन बताते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज और सावित्री पारेख एवं के सेतुरामन पर संयुक्त रूप से 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का फैसला लिया गया है। सेबी के आदेश के मुताबिक, जुर्माने की रकम को 45 दिनों के भीतर जमा करना होगा। सेबी की अधिनिर्णय अधिकारी बर्नाली मुखर्जी ने इस आदेश में कहा कि जियो प्लेटफॉर्म में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने के लिए फेसबुक के 43,574 करोड़ रुपये निवेश करने के सौदे के बारे में समाचार 24-25 मार्च, 2020 को आया था।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलो में गिरावट, दलहन-दालों में नरमी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी बताई गई। खाद्य तेलों में नरमी रही। पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड में भाव कम हुए। मांग घटने से दलहन नरम बताए गए। वहीं दालों में गिरावट दर्ज की गई। आज उड़द दाल सस्ती बिकी। चावल में खरीदी बनी रही।

### किराना बाजार

शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3570 से 3610 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी तथा साबूदाना में मांग सुधार लिए रही।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल में मांग सुस्ती से नरमी दर्ज की गई। आज पाम तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से भाव मजबूत बताए गए।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए रहे। मसूर घटकर बिकी। दालों में गिरावट रही। उड़द दाल तथा उड़द मोगर के दाम मन्दे बोले गए। चावल में पूछपरख बढ़त लिए रही।

### किराना

शक्कर 3570 से 3610 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 170 से 195 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी



खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 4850 से 5450, पैकिंग में 5800 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6300 से 6500, रायडा 6100 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1570 से 1590, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1335 से 1340, सोयाबीन साल्वेंट 1295 से 1300 पाम तेल 1385 से 1390 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4650 से 4675, मसूर 6800 से 6825, तुअर निमाड़ी 5300 से 6000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 6300 से 6400, तुअर (कर्नाटक) 6450 से 6550, मूंग 5900 से 6000, मूंग हल्की 5000 से 5500, उड़द 6800 से 7300, उड़द मीडियम 5500 से 6500, उड़द नया 6600 से 7000, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 5750 से 6250, तुअर दाल सवा नंबर 8100 से 8200, तुअर दाल फूल 8300 से 8500, तुअर दाल नई 8800 से 9500, आयातित तुअर दाल 7900 से 8000, मसूर दाल 7950 से 8250, मूंग दाल 7500 से 7800, मूंग मोगर 8400 से 8700, उड़द दाल 8700 से 9000, उड़द मोगर 9400 से 9700 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10000 से 11000, तिबार 8000 से 8500, दुबार 7000 से 7500, मिनी दुबार 6500 से 7000, मोगरा 3500 से 4500, बासमती सैला 6500 से 9000, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2500 से 2650, हंसा सैला 2450 से 2650, हंसा सफेद 2350 से 2450, पोहा 3700 से 4100 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1390 से 1400, मैदा 1320 से 1330, आटा 1280 से 1300, चना बेसन 3140 से 3150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स-निफ्टी डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले

मुंबई। महंगाई से निपटने के लिए केंद्रीय बैंकों की सख्त नीति की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से लगातार दूसरे दिन बढ़त बरकरार रखते हुए आज सेंसेक्स और निफ्टी ने डेढ़ प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 934.23 अंक उछलकर 52 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 52,532.07 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 288.65 अंक चढ़कर 15,638.80 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक तेजी रही। मिडकैप 2.42 प्रतिशत की उछाल लेकर 21,507.66 अंक और स्मॉलकैप 2.99 उछलकर 24,121.65 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3462 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2502 में तेजी जबकि 832 में गिरावट रही वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 48 कंपनियां हरे वहीं दो लाल निशान पर रही। बीएसई के सभी 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान बेसिक मैटेरियल्स 2.86, सीडीजीएस 2.23, ऊर्जा 4.95, हेल्थकेयर 2.01, इंडस्ट्रियल्स 2.86, आईटी 3.05, दूरसंचार 2.26, यूटिलिटीज 3.58, कैपिटल गुड्स 2.24, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.93, धातु 3.90, तेल एवं गैस 5.96, पावर 3.38, रियल्टी 3.79 और टेक समूह के शेयर 2.82 चढ़ गए। विदेशी बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.83, जर्मनी का डैक्स 0.95, जापान का निक्केई 1.84 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.87 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 300 अंक जबरदस्त तेजी के साथ 51,897.60 पर खुला लेकिन मामूली बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद यह 51,808.76 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। दमदार लिवाली शुरू होने से यह लगातार चढ़ता हुआ दोपहर बाद 52,799.40 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 51,597.84 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत चढ़कर 52,532.07 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 106 अंक की बढ़त लेकर 15,455.95 अंक पर खुला। कारोबारी सत्र के दौरान यह 15,419.85 अंक के निचले जबकि 15,707.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 15,350.15 अंक की तुलना में 1.88 प्रतिशत उछलकर 15,638.80 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान नेस्ले इंडिया की 0.26 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स की शेष 29 कंपनियों में तेजी रही। टाइटन ने सबसे अधिक 5.92 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही एसबीआई 3.79, टीसीएस 3.17, एचसीएल टेक 2.81, टाटा स्टील 2.68, विप्रो 2.59, इंफोसिस 2.49, एलटी 2.05, एनटीपीसी 1.82, रिलायंस 1.64 और मारुति के शेयर 1.58 प्रतिशत चढ़े।

## रोजी रोटी की लड़ाई : 2015 में छंटनी करके निकाला, कोर्ट से लड़कर अब वापस ली जॉब, 7 साल की सैलरी भी देगी कंपनी

नई दिल्ली। सात साल की कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद चेन्नई के IT प्रोफेशनल थिरुमलाई सेल्वन को उनकी नौकरी फिर से वापस मिल गई है। असल में थिरुमलाई सेल्वन को 2015 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। लेकिन थिरुमलाई सेल्वन ने हार नहीं मानी और अपनी नौकरी को वापस पाने के लिए वो कोर्ट पहुंच गए। 7 सालों तक लेबर कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद अब फैसला थिरुमलाई सेल्वन के हक में आया है। अदालत ने TCS को निर्देश दिया कि वह सेल्वन को फिर से नौकरी में बहाल करें और उसके सैलरी और 7 साल के बेनिफिट का पूरा पेमेंट करें।

### छंटनी के दौरान निकाले गए थे थिरुमलाई सेल्वन

रिपोर्ट के मुताबिक IT हेड थिरुमलाई सेल्वन को TCS ने 2015 में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी के दौरान निकाला था। TCS ने सेल्वन को नौकरी से निकालते वक्त कहा था कि सेलवन एक मैनेजिरियल कैडर में काम कर रहे थे, इसलिए वह लेबर की कैटेगरी में नहीं आते हैं।

### अब मिलेगा 7 सालों का वेतन और फिर से नौकरी

इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज से उठाए गए इस कदम के खिलाफ थिरुमलाई सेल्वन कोर्ट पहुंच गए। टाटा कंपनी ने कोर्ट को बताया कि थिरुमलाई सेल्वन मैनेजेरियल कैडर में IT हेड के साथ काम कर रहे थे, वो स्टाफ की कैटेगरी में नहीं आते हैं। कोर्ट में कंपनी ने यह भी कहा कि उन्हें उनके खराब प्रदर्शन को देखते हुए नौकरी से निकाला गया था।

### जानें थिरुमलाई सेल्वन की पूरी कहानी?

48 वर्षीय IT पेशेवर थिरुमलाई सेल्वन को नौकरी खोने के बाद कई अलग-अलग सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट्स पर फ्रीलांस एडवाइजर के रूप में काम किया। इसके अलावा थिरुमलाई सेल्वन को रियल एस्टेट ब्रोकरेज जैसी कई नौकरियां करने पर भी मजबूर हो गए थे।

## क्रेडिट-डेबिट कार्ड से जुड़ी गाइडलाइन के लिए आई नई डेडलाइन, 1 अक्टूबर से लागू

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रेडिट-डेबिट कार्ड से जुड़ी गाइडलाइन को लागू करने के लिए नई डेडलाइन दी है। पहले बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को क्रेडिट-डेबिट कार्ड से जुड़ी गाइडलाइन लागू करने की तिथि 1 जुलाई थी लेकिन अब तीन माह के लिए विस्तार हो गया है। आपको बता दें कि बैंकों ने शीर्ष निकाय इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) ने 6 माह के विस्तार की मांग की थी लेकिन आरबीआई ने कुछ नियमों को छोड़कर सिर्फ 3 माह की मोहलत दी है। अब कार्ड से जुड़ी गाइडलाइन लागू करने की नई डेडलाइन 1 अक्टूबर है। क्या थी गाइडलाइनः आरबीआई ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को क्रेडिट या डेबिट कार्ड से जुड़े कुछ सख्त दिशानिर्देश दिए थे। इसके मुताबिक कार्ड जारीकर्ता को क्रेडिट कार्ड सक्रिय करने के लिए कार्डधारक से वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आधारित सहमति लेनी होगी। ये सहमति तब ली जाएगी जब कार्ड जारी करने की तारीख से 30 दिनों से अधिक समय तक ग्राहक द्वारा सक्रिय नहीं किया गया हो। यदि कार्ड को सक्रिय करने के लिए कोई सहमति प्राप्त नहीं होती है, तो कार्ड जारीकर्ता को ग्राहक से पुष्टि प्राप्त करने की तिथि से सात कार्य दिवसों के भीतर बिना किसी लागत के क्रेडिट कार्ड बंद कर देना होगा। इसके अलावा, कार्डधारक से स्पष्ट सहमति प्राप्त किए बिना कार्डधारक को स्वीकृत क्रेडिट सीमा का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

# वर्ष 2027 तक देश में 50 करोड़ होंगे 5 जी धारक

**नयी दिल्ली।** देश में हालांकि अभी 5 जी सेवा की तैयारी चल रही है और इसके लिए सरकार अगले महीने स्पेक्ट्रम की नीलामी करने वाली है लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वर्ष 2027 तक भारत में कुल टेलीकॉम उपभोक्ताओं में से 40 प्रतिशत अर्थात 50 करोड़ 5 जी धारक होंगे।





आज जारी एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट में यह दावा करते हुये कहा कि भारत में अभी 5 जी सेवा शुरू नहीं हुयी है लेकिन वर्ष 2027 तक इसके 40 प्रतिशत उपभोक्ता होने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि सरकार इस सेवा को शुरू करने के लिए पूरजोर कोशिश कर रही है और इसके लिए स्वदेशी उपकरण आदि भी बनाये गये हैं। इसमें स्टार्टअप की भी भागीदारी ली गयी है और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों ने भी अपने स्तर पर परीक्षण आदि किये हैं। 5 जी को लेकर परीक्षण जारी है और इसके लिए सरकार स्पेक्ट्रम नीलाम करने की घोषणा भी कर चुकी है। सरकार की योजना इसी वर्ष इस सेवा को शुरू करना है और 26 जुलाई से स्पेक्ट्रम की नीलामी की जानी है। इसके लिए इच्छुक कंपनियों से आवेदन भी आमंत्रित किये गये हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी भारत में 4 जी सेवा ग्राहकों की हिस्सेदारी अभी 68 प्रतिशत है जो वर्ष 2027 तक घ्ज्ञटकर 55 प्रतिशत पर आ सकती है। वर्ष 2027 तक देश में 4 जी ग्राहकों की संख्या घटकर 70 करोड़ पर आ सकती है और इस सेवा को छोड़ने वाले 5 जी को अपना सकते हैं और इसके ग्राहकों की संख्या 50 करोड़ हो सकती है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के आधे से अधिक करीब 52 प्रतिशत उद्योग 5 जी सेवा के शुरू होने के 12 महीने के भीतर उपयोग करने के लिए तैयार है और 31 प्रतिशत वर्ष 2024 तक इस सेवा को अपनाना चाहते हैं। 5 जी सेवा के संभावित उपयोगकर्ता कंपनियों में से 326 पर किये गये सर्वेक्षण के आधार पर यह दावा किया गया है।

## टाटा के इन 2 शेयरों से राकेश झुनझुनवाला ने 1 दिन में ही कमाए 590 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मंगलवार को अच्छी तेजी देखने को मिली है। दिग्गज इनवेस्टर राकेश झुनझुनवाला को इस तेजी में बड़ा फायदा हुआ है। झुनझुनवाला ने एक ही दिन में टाटा ग्रुप के 2 शेयरों से 590 करोड़ रुपये की कमाई की है। टाटा ग्रुप के यह शेयर टाइटन कंपनी और टाटा मोटर्स हैं। टाइटन के शेयर मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 118.25 रुपये चढ़े हैं। वहीं, टाटा मोटर्स के हर शेयर में मंगलवार को 15.40 रुपये का उछाल आया है। इस तेजी से राकेश झुनझुनवाला की नेटवर्थ करीब 590 करोड़ रुपये बढ़ गई है।



टाइटन कंपनी के शेयर मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 6.03 फीसदी की तेजी के साथ 2079.95 रुपये पर बंद हुए। टाइटन के शेयर सोमवार को एनएसई में 1961.70 रुपये पर बंद हुए थे। यानी, मंगलवार को टाइटन के हर शेयर में 118.25 रुपये का उछाल आया है। वहीं, टाटा मोटर्स के शेयर मंगलवार को NSE में 398.10 रुपये पर बंद हुए। सोमवार के बंद स्तर के मुकाबले टाटा मोटर्स के हर शेयर में 15.40 रुपये की तेजी आई।

### राकेश झुनझुनवाला की टाइटन और टाटा मोटर्स में हिस्सेदारी

मार्च 2022 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला के पास टाइटन कंपनी के 3,53,10,395 शेयर हैं। वहीं, रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के 95,40,575 शेयर हैं। राकेश और रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के टोटल 4,48,50,970 शेयर हैं। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला के पास टाटा मोटर्स के 3,92,50,000 शेयर या 1.18 फीसदी हिस्सेदारी रही। राकेश झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन के टोटल 4,48,50,970 शेयर हैं। मंगलवार को टाइटन के शेयरों में 118.25 रुपये का उछाल आया है। यानी, इससे झुनझुनवाला फैमिली की नेटवर्थ करीब 530 करोड़ रुपये बढ़ गई है। वहीं, राकेश झुनझुनवाला के पास टाटा मोटर्स के 3,92,50,000 शेयर हैं।

टाटा मोटर्स के शेयरों में मंगलवार को 15.40 रुपये का उछाल आया है। यानी, राकेश झुनझुनवाला की नेटवर्थ करीब 60 करोड़ रुपये बढ़ गई है। दोनों कंपनियों के शेयरों में आए उछाल से झुनझुनवाला दंपति को 590 करोड़ रुपये की कमाई हुई है।

## सेल के निदेशक (वित्त) बने ए के तुल्सीआनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** श्री अनिल कुमार तुल्सीआनी ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निदेशक (वित्त) के निदेशक पद का कार्यभार संभाला है। सेल की विज्ञप्ति के अनुसार कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट (सीएमए) और एमबीए (वित्त), श्री तुलसियानी 1988 में कंपनी के दुर्गापुर स्टील प्लांट में जूनियर मैनेजर (वित्त) के रूप में शामिल हुए थे। वह सोमवार को वित्त निदेशक बने। श्री तुल्सीआनी कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, लगातार पदोन्नत होते हुए सेल में कार्यकारी निदेशक, (वित्त एवं लेखा) के रूप में अपनी सेवा दी। श्री तुल्सीआनी को सेल के विभिन्न संयंत्रों/इकाइयों में वित्त और लेखा के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे कच्चा माल प्रभाग (आरएमडी), दुर्गापुर स्टील प्लांट (डीएसपी), केंद्रीय विपणन संगठन (सीएमओ) और कॉर्पोरेट कार्यालय (सीओ) में लगभग 34 वर्षों का अनुभव है।

## अमेरिकी इकोनॉमी पर मंदी का संकटः एलन मस्क और बिल गेट्स के साथ कई बड़े लोगों को सता रहा मंदी का डर

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका में महंगाई 40 सालों के रिकॉर्ड स्तर पर है। बाइडेन प्रशासन और फेडरल रिजर्व ने रिकॉर्ड महंगाई से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाएं हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसके बाद बाजार में भारी गिरावट आई है। ब्याज दर बढ़ाने का निर्णय महंगाई को कंट्रोल तो कर सकता है लेकिन इस कदम से अमेरिका में मंदी आ सकती है।

ड्यूश बैंक और मॉर्गन स्टेनली के बाद जापानी इन्वेस्टमेंट बैंक नमूरा ने भी अमेरिकी इकोनॉमी में मंदी आने का अनुमान लगाया है। नमूरा के मुताबिक 2022 के अंत में मंदी आ सकती है।

बैंकों और बड़े कारोबारियों का ये मंदी का अनुमान सिर्फ अमेरिका के लिए परेशानी की बात नहीं है बल्कि इससे पूरा विश्व परेशान है।

अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी है और दुनिया के अधिकतर देश इससे जुड़े हुए हैं। 2008 में भी मंदी की शुरुआत अमेरिका से ही हुई थी, फिर इसके चपेट में पूरी दुनिया आ गई थी। हालांकि तब इसका असर भारत पर बहुत कम था।

### लॉरेंस समर्स

1999-2001 तक अमेरिका के फाइनेंस मिनिस्टर रह चुके लॉरेंस समर्स ने कहा है कि अमेरिकी इकोनॉमी अगले 2 सालों में मंदी देख सकती है। समर्स के मुताबिक, जब भी महंगाई 4 प्रतिशत से ज्यादा और बेरोजगारी दर 4 प्रतिशत से कम हुई है तब दुनिया की बड़ी इकोनॉमी मंदी से प्रभावित हुई हैं। अमेरिका इन दोनों मानकों को पार कर चुका है।

### एडेना फ्रीडमैन

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के एक पैनल में दुनिया के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज्स में से एक नैस्डैक की CEO एडेना फ्रीडमैन ने आगाह किया कि मंदी की प्रिडिक्शन ही मंदी की सबसे बड़ी वजह हो सकती है। प्रिडिक्शन कस्टमर्स के विश्वास को कम कर सकती है, साथ ही इससे बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहता है, जिससे मंदी का खतरा बढ़ जाता है।

### लॉयड ब्लैंकफीन

गोल्डमैन सैक्स के फाइनेंशियल सर्विसेज के सीनियर चेयरमैन लॉयड ब्लैंकफीन ने CBS के एक इंटरव्यू में बताया कि मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा है, लेकिन फेडरल रिजर्व चाहे तो इसे रोक सकती है। गोल्डमैन सैक्स के CEO डेविड सोलोमन ने CNBC को बताया कि अगले 12 से 14 महीने में मंदी आ सकती है। इनके मुताबिक मंदी आने की संभावना 30 प्रतिशत है।

### एलन मस्क

दुनिया के सबसे अमीर आदमी, टेसला और स्पेसएक्स के CEO एलन मस्क के अनुसार अमेरिका पहले से ही मंदी के दौर से गुजर रहा है। अगर कैपिटल को गलत तरीके से एलोकेट किया जाता है तो आने वाले दिनों में हालात और खराब हो सकते हैं।

### बिल गेट्स

माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स के मुताबिक रूस-युक्रेन युद्ध के चलते महंगाई बढ़ी है जिसकी वजह से अधिकतर देशों ने ब्याज दर बढ़ाई हैं। ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से इकोनॉमी स्लो हो रही है और फिर यह आर्थिक मंदी में तबदील हो जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### आंध्र प्रदेश ने जीता बधिरों की पहली टी20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप का खिताब

नयी दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ( आईडीसीए ) ने बधिरों के लिए केएफसी अंडर 19 पहली टी 20 राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप का आयोजन किया। 4 दिवसीय टूर्नामेंट में देश भर की टीमों ने खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा की। आंध्र प्रदेश डेफ ने पहले सीजन में गुजरात डेफ को 5 विकेट से हराकर टी-20 चैंपियनशिप खिताब जीता। आंध्र प्रदेश के बधिर गेंदबाजों ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करते हुए गुजरात के बधिरों को दस विकेट पर 97 रन पर रोक दिया।टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मुस्ताकिम काजी आंध्र प्रदेश के बधिर स्पिनर पी उदय कुमार के हाथों 22 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हो गए। मैन ऑफ द मैच, पी विजया भास्कर ने आंध्र प्रदेश डेफ के लिए शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवरों में 3 विकेट और 11 रन के आंकड़े के साथ समाप्त किया, साथ ही मैन ऑफ द सीरीज का खिताब भी जीता।
समापन समारोह केएफसी के सदस्यों सुमित जैन अध्यक्ष, आईडीसीए और अलग-अलग क्रिकेट समुदाय के अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा हम, केएफसी के साथ साझेदारी में भारतीय बधिर क्रिकेट संघ में, अपने पहले सत्र के लिए अपने विजेताओं की घोषणा करने के लिए बेहद रोमांचित हैं, आंध्र प्रदेश बधिर। सभी टीमों और इसके प्रतिभागियों ने बहुत मेहनत की और इस सीजन को अंतिम सफलता दिलाई। हम भविष्य में ऐसे और टूर्नामेंटों की उम्मीद करते हैं जो देश भर में ऐसी और प्रतिभाओं को और अधिक अवसर प्रदान करेंगे।

### राउंडग्लास टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण लेंगी कर्मन कौर थांडी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ की राउंडग्लास टेनिस अकादमी में प्रसिद्ध टेनिस स्टार कर्मन कौर थांडी, अकादमी के टेक्निकल डायरेक्टर (तकनीकी निदेशक), आदित्य सचदेवा के नेतृत्व में अपने प्रशिक्षण की शुरुआत करने जा रही हैं। इसकी घोषणा रॉउंडग्लास अकादमी ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर की। 23 वर्षीय कर्मन को हाल ही में थाईलैंड में आईटीएफ महिला टूर्नामेंट में खेलते देखा गया था। इस साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए कर्मन ने कहा, मैं राउंडग्लास टेनिस अकादमी में प्रशिक्षण करने को लेकर खुश हूं। आदित्य सर ने पिछले कुछ वर्षों में मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मुझे उम्मीद है कि अकादमी में विश्व स्तरीय सुविधाओं की मदद से मैं उनके मार्गदर्शन में अपने खेल को विकसित करना जारी रखूंगी। सचदेवा ने बताया कि, राउंडग्लास टेनिस अकादमी में सभी लोग कर्मन के साथ जुड़ने पर खुश हैं । वह भारतीय टेनिस की सबसे प्रतिभाशाली खिलाडियों में से एक हैं और हम उन्हें अगले स्तर तक पहुंचने में मदद करने के लिए तत्पर हैं। उसकी उपस्थिति हमारे साथ प्रशिक्षण लेने वाले युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत होगी। इससे पहले मई में, अकादमी ने देश भर से 15 युवा एथलीटों को टेनिस पेशेवरों के रूप में प्रशिक्षित करने और व्होलिस्टिक वेल्बीइंग के सिद्धांतों के तहत उनका समग्र रूप से विकास करने के लिए शामिल किया था। इनमें से प्रत्येक एथलीट को अकादमी से 100त्न कोचिंग छात्रवृत्ति मिली है, जिसमें अत्याधुनिक प्रशिक्षण, न्यूट्रिशन, स्पोर्ट्स साइंस, फिजिकल एवं मेंटल कंडीशनिंग और टूर्नामेंट में भागीदारी शामिल हैं ।

### खिलाडियों की दिनचर्या में शामिल है योग

नयी दिल्ली। आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देशभर में योग अभ्यास से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। योग हम सब के जीवन को एक नया आयाम देने का काम करता है और खासकर खिलाड़ियों के लिए योग एक विशेष महत्व रखता है। इसलिए परफेक्शन के साथ फिटनेस को बरकरार रखने के लिए खिलाड़ियों ने अब योग साधना को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। योग के प्रति संकल्पित और जागरूकता बढ़ाते हुए दिग्गज भारतीय महिला पहलवान बबीता फोगाट ने बहुभाषी माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच कू ऐप के हवाले से कहा , संपूर्ण मानवता के लिए भारतीय संस्कृति का अनमोल उपहार है योग। आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि नियमित रूप से योग करेंगे। एथलीट्स से लेकर फुटबॉलर और क्रिकेटर तक, लगभग सभी खेल व खिलाडियों के लिए योग विशेष महत्व रखता है। सभी ने अपनी दिनचर्या में योग को शामिल किया है, ताकि मैदान में किसी भी मौके पर मानसिक या शारीरिक तनाव का सामना न करना पड़े। भीम व अर्जुन अवार्ड विजेता मनु भाकर ने भी योग दिवस के मौके पर लोगों से अपील करते हुए कहा, आओ मिलकर योग करें, एक दिन नहीं, हर रोज़ करें। जाहिर है मौजूदा दौर में खिलाडियों के लिए खुद को चुस्त-दुरुस्त रखने का योग से बेहतर शायद ही कोई दूसरा विकल्प है। शूटिंग, बॉक्सिंग या शतरंज जैसे खेलों में एकाग्रता की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में योग शरीर से नकारात्मक ऊर्जा और अंदर संकीर्ण हो चुकी ऊर्जा को स्वतंत्र करके, उसे एक नई सकारात्मकता और सक्रियता देता है।

### चेन्नईयिन एफसी में शामिल हुए आकाश सांगवान, सजल बाग

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के चेन्नईयिन फुटबॉल क्लब ने आईएसएल के आगामी सीज़न से पहले डिफेंडर आकाश सांगवान और मिडफील्डर सजल बाग के साथ दो साल का अनुबंध किया है। एक तरफ जहां 26 वर्षीय सांगवान इस सीज़न में चेन्नईयिन में शामिल होने वाले चौथे डिफेंडर हैं, वहीं पश्चिम बंगाल के युवा बाग क्लब में शामिल होने वाले सातवें मिडफील्डर बन गए हैं। दोनों खिलाड़ी आईएसएल में पहली बार खेलने जा रहे हैं। सांगवान इससे पहले राउंडग्लास पंजाब में थे, जिसे पहले मिनर्वा पंजाब के नाम से जाना जाता था। उन्होंने इस टीम के साथ 2018 में आई-लीग का खिताब जीता था। दूसरी ओर, संतोष ट्रॉफी में उपविजेता टीम पश्चिम बंगाल के लिये शानदार प्रदर्शन के बाद बाग को चेन्नईयिन में शामिल किया गया है। हरियाणा में जन्मे सांगवान के पास अपने पेशेवर करियर में 66 मैचों का अनुभव है। 2016 में द वॉरियर्स के लिए पदार्पण करने के बाद से, उन्होंने उनके लिए पांच आई-लीग सीज़न खेले हैं, जिसमें एक गोल किया और दो असिस्ट किये। वह कुछ समय के लिये चर्चिल ब्रदर्स एफसी के साथ भी रहे, जहां उन्होंने राउंडग्लास पंजाब लौटने से पहले 2019-20 आई-लीग सीज़न के दौरान तीन मुकाबले खेले।

### कोविड पॉज़िटिव होने की वजह से इंग्लैंड नहीं जा सके अश्विन

मुम्बई। भारतीय हरफ़नमौला रविचंद्रन अश्विन कॉविड पॉज़िटिव पाए गए हैं, जिसकी वजह से वह अभी तक इंग्लैंड नहीं जा पाए हैं। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ भारत को एक से पांच जुलाई तक पांचवां टेस्ट खेलना है। अश्विन अभी क्वारंटीन हैं और सभी प्रोटोकॉल पूरे करने के बाद ही वह टीम के साथ जुड़ पाएंगे। बाक़ी भारतीय टीम के सदस्य 16 जून को इंग्लैंड पहुंच चुके हैं। अश्विन बाक़ी टीम के सदस्यों के साथ इंग्लैंड नहीं जा सके हैं, क्योंकि वह रवाना होने से पहले कोविड पॉज़िटिव पाए गए हैं। हालांकि उम्मीद है कि वह एक जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट से पहले ठीक हो जाएंगे। लेकिन , वह लीस्टरशायर के ख़िलाफ़ होने वाले अभ्यास मैच में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय टीम के बाक़ी सदस्य लीस्टरशायर में ही मौजूद हैं और गेंदबाज़ी कोच पारस म्हांब्रे और बल्लेबाज़ी कोच विक्रम राठौड़ के नेतृत्व में अभ्यास कर रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ ख़त्म होने के बाद राहुल द्रविड़, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर लंदन पहुंच चुके हैं और मंगलवार को लीस्टरशायर के लिए निकलेंगे। वीवीएस लक्ष्मण के निर्देशन में आयरलैंड जाने वाली टीम के सदस्य 23 या 24 जून को डबलिन के लिए निकलेंगे। भारत को आयरलैंड के ख़िलाफ़ 26 और 28 जून को दो टी20 मैच खेलने हैं। पिछले साल पांच मैचों की सीरीज़ का पांचवां टेस्ट नहीं हो पाया था।

# भारत के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए श्रीलंकाई दल की हुई घोषणा

कोलम्बो। इस हफ़्ते भारत के ख़िलाफ़ हो रही सीरीज़ के लिए श्रीलंका ने अपने 19 सदस्यीय दल में छह नए चेहरों को जगह दी हैं। यह छह खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के दौरे का हिस्सा नहीं थी। 21 वर्षीय बाएं हाथ की तेज़ गेंदबाज़ तारिका सिवंदी,16 वर्षीय ऑलराउंडर विश्मी गुणारत्ना, 22 वर्षीय सत्या संदीपनी, मल्शा शेहनी के अलावा अनकैप्ड लेग स्पिनर रश्मि डिसिल्वा और विकेटकीपर कौशनी नुत्यांगना को टीम में शामिल किया गया है। पाकिस्तान दौरे पर अंतिम समय बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल की गई हंसिमा करुणारत्ना अपनी जगह बरक़रार रखने में सफल हुई हैं।
इस टीम में अनुभवी विकेटकीपर प्रसादिनी वीराकोड़ी और बाएं हाथ की युवा स्पिनर सचिनी निसंसला को जगह नहीं मिल पाई हैं। सभी अनकैप्ड खिलाड़ियों में रश्मी के पास डेब्यू करने का अच्छा मौक़ा होगा क्योंकि श्रीलंका क्रिकेट लंबे समय से एक दाएं हाथ की लेग स्पिन की तलाश कर रहा है। युवा विश्मी ने स्ट्रोक लगाने की अपनी क्षमता से सभी को प्रभावित किया हैं लेकिन कोचिंग स्टाफ़ उन्हें राष्ट्रीय टीम का नियमित सदस्य बनाने में समय ले रहा है।
इतने सारे युवा खिलाड़ियों को टीम में जगह देने के पीछे का मुख्य कारण यह है कि बोर्ड अपनी टीम की औसतन आयु को कम करने का प्रयास कर रहा है। टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी आयु 30 वर्ष से ज़्यादा है।
चमारी अटापट्टू इस टीम का नेतृत्व करेंगी जिसमें उदेशिका प्रबोधनी और ओशादी रनासिंघे तेज़ गेंदबाज़ी का भार संभालेंगी। रश्मि की लेग स्पिन के अलावा टीम के पास इनोका रनावीरा और सुगंधिका कुमारी की बाएं हाथ की स्पिन का विकल्प मौजूद है।
भारत के ख़िलाफ़ श्रीलंका को तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे मैचों की सीरीज़ खेलनी है। टी20 सीरीज़ के मैच 23, 25 और 27 जून को दांबुला में खेले जाएंगे। इसके बाद एक, चार और सात जुलाई को तीन वनडे मैच खेलने के लिए टीमें पल्लेकेले जाएंगी।
भारत के ख़िलाफ़ सीरीज़ के लिए श्रीलंकाई दल : चमारी अटापट्टू (कप्तान), नीलाक्षी डिसिल्वा, कविशा दिलहारी, विश्मी गुणारत्ना, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ना, अचिनी कलासूर्या, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता मडावी, हसिनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रनासिंघे, इनोका रनावीरा, सत्या संदीपनी, अनुष्का संजीवनी, तारिका सिवंदी, मल्शा शेहनी, कौशानी नुत्यांगना, रश्मि डिसिल्वा।

### युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर को 'जोहार' कहने का मौक़ा दे रहा है जेपीएल

रांची। झारखंड प्रीमियर लीग (जेपीएल) में छह टीमें शामिल हुई हैं। छह टीमें जिस इंटेंसिटी के साथ मैदान पर खेल रही हैं, वह देखते ही बन रहा है। कुछ युवाओं का प्रदर्शन आला दर्जे का है। टूर्नामेंट के तीसरे मैच में बोकारो के सत्या सेतु ने रांची के ख़िलाफ़ 53 गेंदों में 80 रनों की पारी खेली। उनकी उस पारी में वह हर गुण था जो एक युवा खिलाड़ी में होना चाहिए। बढ़िया बॉडी पोज़ीशन, बेहतरीन टाइमिंग, बढ़िया रणनीति। वह मैदान के चारों तरफ़ शॉट लगाने में सक्षम हैं। उनकी टीम भले ही हार गई लेकिन सत्या ने अपनी पारी से एक सकारात्मक छाप छोड़ी है। सत्या लगातार अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं की नज़र में रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में हर तरफ़ उनकी बल्लेबाज़ी की तारीफ़ भी हो रही है। जेपीएल जैसा घरेलू टूर्नामेंट सत्या जैसे खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। इसके अलावा कुमार सूरज, कुमार कुशाग्र जैसे बल्लेबाज़ भी लगातार बढ़िया बल्लेबाज़ी कर रहे हैं। दूसरी ओर सचिन यादव और अर्पित यादव जैसे खिलाड़ी अपनी गुणवक्ता पूर्ण गेंदबाज़ी से लगातार विकेट झटक रहे हैं। झारखंड के पूर्व बल्लेबाज़ और जमशेदपुर जगलर्स के कोच इशांक जग्गी कहते हैं, इन युवाओं के खेल को देख कर लग रहा है कि हमारे राज्य की टीम का भविष्य बहुत बढ़िया है। मैं रणजी के दौरान जब टीम के साथ था तो मैंने देखा कि युवा खिलाड़ी अब टीम में ज़िम्मेदारी लेने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस बार के जेपीएल में ऐसे खिलाड़ियों की भरमार है जो बहुत ही बढ़िया और ज़िम्मेदारी के साथ खेल रहे हैं। झारखंड क्रिकेट में इस तरह की प्रतियोगिता होने से हमारे राज्य की टीम को काफ़ी मज़बूती मिल रही है। टूर्नामेंट का दूसरा मैच दुमका और रांची के बीच खेला जा रहा था। दुमका ने पहली पारी में सिर्फ़ 118 का स्कोर बनाया। ऐसा लग रहा था कि मैच रांची आराम से जीत जाएगा लेकिन असली तस्वीर अभी आना बाक़ी थी। दुमका के गेंदबाज़ों ने एक आसान मैच को कठिन बना दिया। पहले पॉवरप्ले में दुमका ने कसी हुई गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ 30 रन दिए और एक विकेट भी लिया। 10वें ओवर के बाद रांची ने 2 विकेट के नुकसान पर सिर्फ़ 55 रन बनाए थे। 18वें ओवर तक मामला 8 विकेट के नुकसान पर 95 रन तक पहुंच गया। अब मैच दुमका के पाले में था लेकिन रांची हार मानने के मूड में बिल्कुल नहीं थी। मैच ऐसा बना कि रोमांच शब्द भी एक बार के लिए मात खा जाए। अंतिम ओवर में 10 रन चाहिए थे।

## मुझे नहीं लगता धवन टी20 विश्व कप खेलेंगे : गावस्कर



नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अनुभवी बल्लेबाज़ शिखर धवन इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप में जगह नहीं बना पाएंगे।

धवन इससे पहले 2014 और 2016 टी20 विश्व कप में टीम का हिस्सा रह चुके हैं। इस साल आईपीएल में अच्छे प्रदर्शन के बाद टीम में उनकी वापसी पर चर्चा शुरू हो गयी थी, लेकिन उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज़ के लिये टीम में शामिल नहीं किया गया। आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 श्रंखलाओं के लिये भी धवन का चयन नहीं किया गया है।

गावस्कर ने टीम में धवन की वापसी की संभावनाओं को नकारते हुए स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे नहीं लगता उनका नाम ऊपर आएगा। यदि ऐसा होना होता तो वह आयरलैंड दौरे के लिये टीम में होते।

उन्होंने कहा, इंग्लैंड के लिये कई खिलाड़ी रवाना हुए हैं, वह उस टीम में भी हो सकते थे। अगर वह इस टीम में नहीं हैं, तो मुझे नहीं लगता कि वह टी20 विश्व कप के लिये चुने जाएंगे।

अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रंखला में केएल राहुल और रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में इशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ को बतौर सलामी बल्लेबाज़ टीम में शामिल किया गया था, और दोनों बल्लेबाज़ों ने इस अवसर का फायदा उठाया। किशन ने पांच मैचों में 40 की औसत से कुल 206 रन जोड़े।

गावस्कर ने कहा, मेरे अनुसार विश्व कप में पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और केएल राहुल को करनी चाहिये, अगर वह फिट हैं।

## अपनी ही टीम के खिलाफ खेलेंगे नीदरलैंड के माइकल रिपन

ऑकलैंड। नीदरलैंड के पूर्व लेग-स्पिन गेंदबाज़ माइकल रिपन को न्यूज़ीलैंड के सफेद-बॉल दौरे के लिये 15 सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया गया है। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

इस दौरे पर न्यूज़ीलैंड क्रिकेट टीम आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी।

30 वर्षीय रिपन 2013 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूज़ीलैंड आये थे। वह नीदरलैंड के लिये 31 मैच खेल चुके हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ हुए मुकाबले में भी नीदरलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। आईसीसी नियमों के अनुसार, एक खिलाड़ी किसी पूर्ण सदस्य राष्ट्र के लिये उपलब्ध होते हुए भी एक संबद्ध या सहयोगी राष्ट्र के लिये खेल सकता है।

न्यूज़ीलैंड क्रिकेट ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी पात्रता नियम एक खिलाड़ी को किसी पूर्ण सदस्य राष्ट्र के लिये उपलब्ध होते हुए भी किसी संबद्ध या सहयोगी राष्ट्र के प्रतिनिधित्व की अनुमति देते हैं, हालांकि यदि उन्हें पूर्ण सदस्य राष्ट्र की टीम शीट में शामिल कर लिया जाता है, तो वह सहयोगी राष्ट्र के लिये अगले तीन साल तक नहीं खेल सकते। रिपन के अलावा अनकैप्ड विकेटकीपर डेन क्लीवर को भी पहली बार टीम में शामिल किया गया है।

इस दौरे पर न्यूज़ीलैंड आयरलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मुकाबले खेलेगी। इसके बाद कीवी टीम एडिनबर्ग में दो टी20 और एक एकदिवसीय मुकाबले में स्कॉटलैंड का सामना करेगी, और अंतत: वे डच टीम के खिलाफ दो टी20 खेलेंगे।

# इथियोपिया में भयंकर गोलीबारी में 320 लोगों की मौत, हमले के पीछे ओरोमो लिबरेशन आर्मी का हाथ?

नई दिल्ली। इथियोपिया के पश्चिमी ओरोमिया क्षेत्र में बंदूकधारियों के हमले में संदिग्ध मौत का आंकड़ा बढ़ गया है। नए गवाहों की गवाही से पता चलता है कि 18 जून को करीब 320 लोग मारे गए थे। इथियोपिया में इसे अब तक से सबसे बड़े नरसंहारों में से बताया जा रहा है। इस बात का कोई संकेत नहीं मिला है कि हमला टिगरे के उत्तरी क्षेत्र में एक संघर्ष से जुड़ा था जो नवंबर 2020 में शुरू हुआ था और इसके कारण अब तक हजारों लोगों की मौत हुई है। घटना का वर्णन करने वाले दो लोगों के मुताबिक पीड़ित जातीय अम्हार थे, जो इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक थे।



#### इथियोपिया के पीएम ने हमले को बताया भयानक कृत्य

इथियोपिया के पीएम अबी अहमद ने ओरोमिया में हुए हमले को भयानक कृत्य बताते हुए निंदा की है लेकिन हिंसा का कोई विवरण नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों पर हमले और अवैध और अनियमित ताकतों द्वारा आजीविका को नष्ट करना अस्वीकार्य है।

#### ओरोमो जातीय समूह राजनीतिक हाशिए पर?

ओरोमिया, इथियोपिया के सबसे बड़े जातीय समूह, ओरोमो के साथ-साथ अन्य जातीय समूहों के सदस्यों के साथ राजनीतिक हाशिए पर है और केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे उपेक्षाओं के कारण अस्थिरता से टूट गया है। अबी ओरोमो और इथियोपिया के पहले पीएम हैं। हालांकि कुछ ओरोमोस का मानना है कि उन्होंने समुदाय के हितों को छोड़ दिया है।

#### ओरोमो लिबरेशन आर्मी को दोषी ठहराया गया

घटना ओरोमिया के पश्चिमी वोलेगा के गिंबी क्षेत्र में हुई। एक निवासी ने बताया कि 260 लोग मारे गए थे, जबकि दूसरे ने कहा कि 320 लोग थे। नागरिकों ने अपनी सुरक्षा के मद्देनजर अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। ओरोमिया क्षेत्रीय सरकार ने एक बयान में ओरोमो लिबरेशन आर्मी को दोषी ठहराया गया है।

#### ओरोमो लिबरेशन आर्मी के बारे में जानिए

ओरोमो लिबरेशन आर्मी, ओरोमो लिबरेशन फ्रंट का एक प्रतिबंधित समूह है जो कि पूर्व में भी प्रतिबंधित रहा है।
2018 में अबी की सरकार बनने के बाद से ग्रुप को निर्वासन से मुक्ति मिली थी। पिछले साल टिगरे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ने इथियोपिया के उत्तरी क्षेत्र में संघीय सरकार ने समूह के साथ गठबंधन किया। शनिवार को गिंबी में हुए हमले में टिगरे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट के शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

### चीन में भीषण बारिश से 12 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के हेनान प्रांत में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने से 12 लोगों की मौत हो गयी जबकि हजारों लोगों को बाढ़ और भूस्खलन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। 'ग्लोबल टाइम्स' ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि शनिवार रात आठ बजे से लेकर मंगलवार रात आठ बजे तक झेंगझोऊ में प्रतिघंटे 617.1 मिमी बारिश हुई। इससे वर्षा का 60 वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया। सीएनएन ने बताया कि दक्षिणी प्रांत के गुइझोऊ, जिआंगश, अनहुइ, झेजियांग और गुआंगशी में मंगलवार तक बारिश होने की पूर्वानुमान लगाए गए हैं। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन का राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को राष्ट्रीय स्तर पर मौसम संबंधी पांच अलर्ट जारी किए हैं, जिसमें लू और अचानक आई बाढ़ के लिए ऑरेंज चेतावनी, जबकि बारिश के लिए नीली चेतावनी और गरज चमक के साथ बिजली, तेज हवा, ओले और कोहरे के लिए दो अन्य येलो चेतावनी शामिल हैं।

## 'झोलाझाप स्टाफ' करा रहा था महिला की डिलीवरी, गर्भाशय में ही काट दिया बच्चे का सिर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के एक ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य केंद्र के गैर-प्रशिक्षित कर्मियों ने गर्भवती महिला का प्रसव कराते समय गर्भाशय में बच्चे का सिर काट दिया। घटना के बाद 32 वर्षीय हिंदू महिला की हालत बेहद नाजुक हो गई थी। सिंध सरकार ने मामले की जांच करने और दोषियों का पता लगाने के लिए चिकित्सकीय जांच बोर्ड का गठन किया है।
जमशोरो स्थित लियाकत यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल एंड हेल्थ साइंसेज (एलयूएमएचएस) में स्त्रीरोग विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राहील सिकंदर ने बताया, भील हिंदू समुदाय की महिला थारपरकर जिले के एक दूरदराज गांव की रहने वाली है। वह पहले अपने इलाके के ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र (आरएचसी) पहुंची, लेकिन वहां कोई महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं थी और केंद्र के गैर-प्रशिक्षित कर्मियों ने प्रसव के दौरान उसे बहुत तकलीफ पहुंचाई।

#### बच्चे का सिर गर्भाशय में ही काट दिया

सिकंदर के मुताबिक, आरएचसी के कर्मियों ने रविवार को सर्जरी की और बच्चे का सिर गर्भाशय में ही काट दिया। इससे महिला की तबीयत काफी खराब हो गई और उसे मीठी में पास के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके उपचार की कोई व्यवस्था नहीं थी।
सिकंदर ने बताया कि इसके बाद महिला के परिजन उसे लेकर एलयूएमएचएस पहुंचे, जहां बच्चे का शेष शरीर बाहर निकाला गया। दरअसल, बच्चे का सिर अंदर फंसा था और मां का गर्भाशय क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके चलते डॉक्टरों को महिला की जान बचाने और बच्चे का सिर निकालने के लिए उसके पेट की सर्जरी करनी पड़ी।

#### घटना के जांच के आदेश

सिंध स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक डॉ. जुमन बहोटो ने जच्चा-बच्चा के जीवन के साथ खिलवाड़ से जुड़ी इस घटना के जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा, जांच समिति इस बात का पता लगाएगी कि मामले में क्या हुआ था। वह खासतौर पर यह जानने की कोशिश करेगी कि छाचरो स्थित आरएचसी में कोई महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ या कर्मचारी क्यों नहीं थी।
बहोटो ने बताया कि जांच समिति उन खबरों पर भी गौर करेगी कि महिला जब स्ट्रेचर पर थी, तब उसके वीडियो बनाए गए। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारियों ने स्त्री रोग वार्ड में अपने मोबाइल से महिला की तस्वीरें लीं, वीडियो बनाए और उन्हें लोगों के साथ साझा किया।

### भारत का संचार उपग्रह जीसैट-24 कल फ्रेंच गुयाना से प्रक्षेपण के लिए तैयार

चेन्नई। भारत का चार हजार 180 किलोग्राम वजनी जीसैट-24 संचार उपग्रह 24 केयू यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) एरियन रॉकेट द्वारा बुधवार को फ्रेंच गुयाना के कोरू से प्रक्षेपित किया जायेगा। ईएसए एरियनस्पेस ने कहा कि यह उपग्रह भारतभर में डीटीएच प्रसाण की सभी जरूरतों को पूरा करेगा। ईएसए ने कहा कि कल सुबह होने वाली एरियन वी वीए 257 की उड़ान से इस उपग्रह के साथ मेलेशिया का संचार उपग्रह एमइएसएटी-3डी भी प्रक्षेपित किया जायेगा। वर्ष के पहले एरियन पांच के साथ एरियनस्पेस का 2022 का दूसरा प्रक्षेपण होगा।यह अपने साथ ले जा रहे उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में स्थापित करेगा। यह रॉकेट अपने साथ कुल दस हजार 863 किलोग्राम वजन को लेकर जा रहा है। अंतरिक्ष मिशन सुधारों के बाद पहले मांग के अनुरुप चलने वाले मिशन के तहत अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) ) के तहत आने वाले उपक्रम न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआइएल) ने जीएसएटी 24 मिशन को लिया है। एनएसआईएल ने डीटीएच सेवाओं में अग्रणी मैसर्स टाटा प्ले को संपूर्ण उपग्रह क्षमता पट्टे पर दी है। इस उपग्रह की बदौलत टाटा प्ले अपने ग्राहकों को बेहतर और विश्वसनीय सेवाएं देने में सक्षम होगा। इसरो द्वारा एनएसआईएल के लिए निर्मित जीसैट-24 एक केयू-बैंड 4-टन वर्ग का संचार उपग्रह है। यह उपग्रह उच्च गुणवत्ता वाला टेलीविजन, दूरसंचार और प्रसारण सेवाएं प्रदान करेगा साथ ही भारतीय ग्राहकों की डीटीएच जरूरतों को भी पूरा करेगा। एरियनस्पेस द्वारा प्रक्षेपित किया जाने वाला 25 वां भारतीय उपग्रह और जीसैट श्रृंखला का 11वां उपग्रह है और यह अंतरिक्ष में 15 साल काम करेगा। प्रक्षेपण के मामले में इसरो और एरियनस्पेस के बीच 1981 से संबंध है।

### श्रीलंका के जाफना हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें होंगी बहाल

कोलंबो। श्रीलंका के जाफ्फना हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें एक जुलाई से बहाल हो जायेंगी। 'डेली मिरर' ने मंगलवार को यह खबर दी। बंदरगाह, नौवहन और उड्डयन मंत्री निमल सिरिपाला डी सिल्वा ने हवाई अड्डे का निरीक्षण किया और अधिकारियों को एक जुलाई से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें दोबारा से शुरू करने के निर्देश दिए। जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत के समर्थन से पुनर्विकास परियोजना के पूरा होने के बाद साल 2019 में जाफना (पलाली) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दोबारा से खोल दिया गया। शुरुआत में भारत की एलायंस एयर ने चेन्नई से पलाली के लिए तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित की थीं और साल के अंत तक यह अचानक बंद कर दी गयीं। फिलहाल, रनवे केवल 75 सीटों वाली उड़ानों को समायोजित कर सकता है, इसलिए हवाईअड्डे के अधिकारियों को भारतीय सहायता से रनवे के विकास के लिए जमीनी कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। मंत्री ने उन्हें हवाई अड्डे के परिसर के अंदर एक निशुल्क केंद्र स्थापित करने की भी सलाह दी। इसी दौरान, मंत्री ने जाफना हवाई अड्डे और जाफना प्रायद्वीप में कांकेसंथुराई बंदरगाह के विकास और उभरते व्यावसायिक अवसरों में निवेश करने के लिए तमिल डायस्पोरा को खुला निमंत्रण भेजा है।

### ब्रिटेन में पिछले 30 वर्षों में सबसे बड़ी रेल हड़ताल

लंदन। ब्रिटेन में मंगलवार को 11 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग को लेकर यूनियन के 50,000 सदस्यों के हड़ताल पर जाने के बाद इसे 30 साल में सबसे बड़ी रेलवे कर्मचारी हड़ताल माना जा रहा है। इस बीच, ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन (टीएफएल) ने लोगों से किसी भी तरह की यात्रा से बचने की अपील की है क्योंकि यहां की ट्यूब रेल की सेवाएं अभी भी बाधित हैं। बीबीसी के मुताबिक देशव्यापी इस हड़ताल से लंदन ओवरग्राउंड और एलिजाबेथ लाइन की सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इसके अलावा हड़ताल से ट्राम सेवाएं भी बाधित है। इस हड़ताल से प्रभावित लोग सफर करने के लिए निजी वाहनों या बसों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे सड़कों पर भीड़ होने से समस्या पैदा हो गई है। खासकर, ग्रीनविच में ब्लैकवॉल टनल का हाल सबसे बुरा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# ये स्कॉलरशिप करेंगे आपके विदेश अध्ययन का सपना पूरा

**ग्लोबल एजुकेशन एक छात्र के जीवन को बदल सकती है, यही वजह है कि हर साल लाखों छात्र विदेशों में पढ़ते हैं। यह उनके लिए नए अवसर और नए आयाम लेकर आता है। इन अवसरों तक पहुंचने के लिए छात्रों को स्कॉलरशिप के रूप में कुछ राशि दी जाती है ताकि वे विदेशों में जाकर पढ़ाई करें और अपने सपने साकार करें। ये स्कॉलरशिप कुछ खास टेस्ट के बाद दिए जाते हैं या मेरिट के आधार पर भी प्रदान किए जाते हैं। आइए इस लेख के माध्यम से जानते हैं कि उन स्कॉलरशिप के विषय में जो छात्रों की मदद करते हैं।**

## इरास्मस मुंडस ज्वाइंट मास्टर डिग्री

यह एक इंटरनेशनल स्टडीज प्रोग्राम है जो यूरोप और बाकी दुनिया के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए यूरोपियन यूनियन द्वारा बनाया गया है। यह प्रोग्राम कॉलेज में ज्वाइंट मास्टर डिग्री हासिल करने के इच्छुक सभी छात्रों के लिए इरास्मस मुंडस के माध्यम से उपलब्ध है। इरास्मस यूरोप और यूके में दी जाने वाली सबसे बड़ी स्कॉलरशिप है जिसमें ट्रैवल अलाउंस और मासिक भत्ते सहित सभी लागतों को कवर किया जाता है। सितंबर में इस प्रोग्राम के लिए फॉर्म उपलब्ध होते हैं।

## ओंटारियो ट्रिलियम

यह हर साल सात व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने अपनी मास्टर की पढ़ाई पूरी कर ली है और अपनी अंतिम दो परीक्षाओं में औसतन 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। ओंटारियो, कनाडा में डॉक्टरेट करने के इच्छुक लोगों के लिए स्कॉलरशिप उपलब्ध हैं। अगस्त और सितंबर माह में इस प्रोग्राम के लिए एप्लीकेशन फॉर्म भरा जा सकता है।

## वानियर कनाडा ग्रेजुएट

वानियर कनाडा ग्रेजुएट उन लोगों के लिए उपलब्ध है जो एक कैनेडियन इंस्टीट्यूट से नेशनल साइंस, हेल्थ रिसर्च, इंजीनियरिंग रिसर्च और सोशल साइंस के फील्ड में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। जुलाई से नवंबर तक इस प्रोग्राम के लिए एप्लीकेशन फॉर्म उपलब्ध होते हैं।

## ऑक्सफोर्ड एंड कैंब्रिज सोसायटी ऑफ इंडिया

सभी शैक्षणिक स्तरों के छात्रों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसका लक्ष्य है ऑक्सफोर्ड या कैम्ब्रिज जैसे कॉलेजों में आगे की शिक्षा प्राप्त करने में भारतीय छात्रों को फाइनेंशियल सहायता देकर सक्षम बनाना है। छात्र ध्यान दें कि आवेदकों की आयु 30 वर्ष होनी चाहिए और इसके लिए मई महीने में अप्लाई किया जा सकता है।

## टाटा स्कॉलरशिप कॉर्नेल यूनिवर्सिटी

जो छात्र बिना फाइनेंशियल दिक्कतों के कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेकर पढ़ना चाहते हैं उनके लिए टाटा स्कॉलरशिप फंड डिजाइन किया गया है। छात्रों को ग्रेजुएशन की अवधि के लिए स्कॉलरशिप वार्षिक रूप में दी जाएगी। इस प्रोग्राम के लिए छात्र अक्टूबर-नवंबर की महीने में अप्लाई कर सकते हैं।





# आईएएस-आईपीएस बनने के लिए कितनी देर पढ़ना जरूरी? एग्जाम क्लियर करने की महत्वपूर्ण टिप्स



**सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा है। हर साल हजारों उम्मीदवार परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसके लिए केवल तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है। इस परीक्षा के लिए तैयारी के साथ-साथ सही रणनीति की भी जरूरत होती है।**

संघ लोक सेवा आयोग हर साल कई सरकारी विभागों के पदों पर भर्तियां करता है। सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा है। इसके लिए केवल तैयारी की आवश्यकता नहीं होती है। इस परीक्षा के लिए तैयारी के साथ-साथ सही रणनीति की भी जरूरत होती है। एक अच्छी रणनीति परीक्षा में आपकी सफलता निश्चित कर सकती है। सिविल सेवा परीक्षा में 3 चरण होते हैं: प्रारंभिक परीक्षा (उद्देश्य), मुख्य परीक्षा (लिखित) और साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण)। हर साल, हजारों उम्मीदवार परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

## 6 से 7 घंटे पढ़ाई करें

अगर आप नौकरी करते हैं तो ऐसे में दिनभर की थकान की वजह से एक साथ 5 से 6 घंटे पढ़ पाना मुश्किल होता है। ऐसे में यूपीएससी की तैयारी के लिए पढ़ाई को दो हिस्सों में बांट लें। आप सुबह 2 से 3 घंटे पढ़ाई करें और बाकी पढ़ाई शाम को पूरी करें।

## पढ़ाई के बीच ब्रेक लेना जरूरी

पढ़ाई के बीच में ब्रेक लेना जरूरी होता है। फिर 25 मिनट की पढ़ाई के बाद आपको पांच मिनट का ब्रेक लेना चाहिए। इससे आपको थकान नहीं होगी और ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी। वीकेंड पर आप 8 से 10 घंटे तक पढ़ सकते हैं।

## ऑफिस और पर्सनल टाइम के बीच बैलेंस

अगर आप यूपीएससी की तैयारी करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको नौकरी छोड़ने की जरूरत नहीं है। आपको बस अपने ऑफिस और पर्सनल टाइम के बीच बैलेंस बनाना होगा। इससे आप नौकरी के साथ यूपीएससी की अच्छी तैयारी कर सकेंगे।

## 9 से 10 महीने का प्लान बनाएं

यूपीएससी प्रीलिम्स परीक्षा की तैयारी के लिए आपको कम से कम 9 से 10 महीने का प्लान बनाना होगा। इस दौरान आप अपने मुख्य विषयों जैसे इतिहास, राजनीति और अर्थशास्त्र को मजबूत करने पर ध्यान दें। पहले की छह महीनों के लिए प्रीलिम्स और मेंस दोनों परीक्षाओं को ध्यान में रखकर पढ़ाई करें।

## पैटर्न का अध्ययन करें

उम्मीदवारों को पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को जरूर देखना चाहिए। यह प्रश्नों के प्रकार को निर्धारित करने में मदद करता है, और तैयारी के लिए उपयुक्त स्टडी मटेरियल चुनने में मदद करता है। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण से पाठ्यक्रम को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है जिनसे अधिक प्रश्न पूछे गए हैं। उम्मीदवारों के लिए अभ्यास परीक्षण काम में आते हैं। ये परीक्षण न केवल मुख्य परीक्षा की तैयारी में सभी उम्मीदवारों की मदद करते हैं, बल्कि टाइम मैनेजमेंट सीखने में भी मदद करते हैं। दैनिक आधार पर लिखने का अभ्यास करें। एक अखबार या पाठ्यक्रम के एक विषय से एक संपादकीय उठाएं, और उस पर एक प्रश्न फ्रेम करें और उसका उत्तर लिखें।



# क्या जल्दी-जल्दी नौकरियां बदलना है सही? क्या हो सकते हैं फायदे और नुकसान

**क्या आप बहुत जल्दी-जल्दी नौकरियां बदल रहे हैं या बदले की चाह रखते हैं तो यह जान लीजिए कि इससे कंपनी को आपकी कुछ आदतों के विषय में पता चलता है। ऐसा करने से कंपनी को लगता है कि आप अच्छी सैलरी और पॉजिशन की चाह रखते हैं या नौकरी को लेकर आप गंभीर नहीं हैं। हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं कि डेवलपमेंट के लिए सभी जगहों के कार्य का एक्सपीरियंस होना बेहद जरूरी है। किसी भी करियर में एक अवधि ऐसी भी होनी चाहिए जहां आप खुद को जांच सकें कि अगर आपको मदद करने वाला वातावरण मिले, तो आपका प्रदर्शन कैसा होगा। कंपनी किसी को भी हायर करने से पहले कुछ खास संकेतों का ध्यान रखती है जिसपर आपका करियर निर्भर कर सकता है। नीचे उन संकेतों के उदाहरण दिए गए हैं-**

- एक कर्मचारी काम के दौरान लिए गए गलत निर्णयों के आधार पर या काम से बचने के लिए भी बार-बार जॉब बदल सकते हैं। अक्सर ऐसा होता है कि बड़े लेवल पर कोई निर्णय लेने में समय लगता है। उस निर्णय के आने तक कर्मचारी कंपनी में रूकेगा।
- अगर कंपनी छोड़ने वाले के पास कोई बड़ा कारण न हो तो बार-बार चेंज करने पर कंपनी यह सोचती है कि वह एक ऐसा कर्मचारी है जिस पर पूरी तरह से निर्भर नहीं हुआ जा सकता है।
- इंडस्ट्री के एक्सपर्ट मानते हैं कि करियर में ब्रेक लेना पॉजिटिव है लेकिन केवल सैलरी और अच्छी पोजीशन इसके पीछे कारण न हो।
- इसके साथ ही शॉर्ट कॉन्ट्रैक्ट के पूरा हो जाने, ट्रेवलिंग, खुद का काम आदि जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए करियर में ब्रेक लेना हो तो यह पॉजिटिव रूप में कार्य करेगा।
- चयन करते समय कंपनी ध्यान देती है कि अगर उम्मीदवार किसी भी तरीके से पिछली कंपनी के बारे में नेगेटिव बातें करता है तो यह भी आपकी छवि को कम करने का कार्य करता है।

# दिल्ली में 'ब्यूटी एजूकेशन सेमिनार' और 'अवॉर्ड शो' का शानदार आयोजन सम्पन्न

## भारत की नामी हस्तियों ने 'आर्या ऑडिटोरियम' में शिरकत कर नवयुवतियों को सिखाये मेकअप के नये गुर







नई दिल्ली। भारत के फैशन और ब्यूटी जगत में बहुत ही तेजी से नये-नये चेहरों का आगमन हो रहा है, जिसमें नयी उम्र की लड़कियां भी ब्यूटी के क्षेत्र में अपना कैरियर बना रहीं हैं। नये चेहरों को एक अच्छा प्लेटफार्म देने के लिए एक सैलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट सोनिया वर्मा ने यूरोप गर्ल्स 'कविता पटेल' के सहयोग से निशापधारिया सहयोगी रश्मि जी यूरोप गर्ल से भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पॉश क्षेत्र ईस्ट ऑफ कैलाश में स्थित 'आर्या ऑडिटोरियम' में 'ब्यूटी एजूकेशन सेमिनार' का आयोजन किया गया।

इस सेमिनार की मुख्य चीफ गेस्ट ब्यूटी जगत की जानी मानी हस्ती 'कविता पटेल' जोकि गुजरात के सूरत से सम्बंध रखती हैं। जैसे ही कविता पटेल ऑडिटोरियम में पहुंची तो उनके पहुंचते ही पूरा आडिटोरियम तालियों की गड़गडाहट से गूंज उठा और उनके चाहने वालों ने उन्हें घेर लिया। वीवीआईपी गेस्ट के रूप वायलन वादक 'उस्ताद जोहर अली खान', डॉक्टर ज्योत्सना जैन, डॉ. संदीप मारवाह, आरती वर्मा, एसीपी दिनेश कुमार, अभय सिन्हा, डॉक्टर संगीता मैडम की तरफ से आई बा टीम, प्रांजल जैन, डॉ.दीपक, बॉलीवुड एक्टर जावेद मुर्तजा, अली खान, बॉलीवुड एक्टर मो. जुनार्द हुसैन, जी टीवी स्टार दिल्ली डार्लिंग पूजा दुआ, लाभ सिंह एजूकेटर, कोमल प्रीत, फूल सिंह डागर, विशाल-निशा चिकारा लेजेंड गुरू, पंजाबी सिंगर अभीरवल्ड, सहसहयोगी निशा पधारिया मुंबई, इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट विषु चौधरी, सपना, भूमिका, ज्ञानवती द्वारका, राजेश चौहान, कविता, पारुल, रश्मि, चेतना शर्मा आदि का पूरा-पूरा सहयोग रहा।

कार्यक्रम में बेहतरीन मेकअप आर्टिस्टों द्वारा मेकअप लाइव दिखाया गया, जिसको युवा लड़कियों ने लाईव देखकर कुछ नये मेकअप टेक्निक्स सीखी। इसके साथ-साथ नये-नये मेकअप आर्टिस्टों को उनकी योग्यता के अनुसार विशेष अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर 'कविता पटेल' ने कार्यक्रम में कहा कि मेकअप करना एक कला नहीं, महान कला है, हम लोगों की सुंदरता को ही नहीं निखारते, हम उनको अन्दर से सुंदर बनाने का भी कार्य करते हैं। सोनिया वर्मा द्वारा इस प्रकार की पहल एक अनोखी पहल है, साथ ही इनके द्वारा ये प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं, इन्होंने बहुत ही कम उम्र और अपने अकेले दम पर इतना बड़ा कार्यक्रम किया। सोनिया की बैक बोन के रूप में यामिनी सोनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्मा सोनिया ने बताया यामिनी सोनी के सहयोग के बिना यह कार्यक्रम अधूरा रहता साथ ही मुंबई से निशा पधारिया ने कार्यकम की शुरूआत की शुरूआत भी करायी। भारत वर्ष से चुन-चुनकर सभी को एकत्रित किया, हमें इनका धन्यवाद करना चाहिये और हम उम्मीद करते हैं कि आगे भी शीघ्र ही इनके द्वारा कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। सोनिया वर्मा ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखें और नये पीढ़ी को आगे बढ़कर अपनी पहचान और अपने द्वारा तय किये गये मुकामों को हासिल करने के लिए घर से निकलकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। साथ ही ये कहा कि मेरे द्वारा किये गये इस अथक प्रयास से एक भी लड़की या महिला को कुछ नया या जिंदगी में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है तो मैं अपने इस कार्यक्रम को सफल मानूंगी।

कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। बतौर मीडिया पार्टनर के रूप में ऑल ओवर इंडिया न्यूज चैनल एवं समाचार पत्र मेरठ न्यूज जनता की आवाज से नगमा, जनभावना पत्रिका से वीरेन्द्र सैनी, वी भारत से विकास शर्मा, दैनिक दर्पण आकाश शाह, जी टाइम्स न्यूज से सुनिल कुमार, बीएमसी न्यूज (भ्रष्टाचार मुक्त सेल दिल्ली लाईव), डी.डी.न्यूज राजेश चौहान, वी.भारत विश्वसनीय खबरें, शॉर्ट न्यूज प्रज्ञा शर्मा, जतिन भारतीय मैगजीन सावन गोयल, वैडजिला मैगजीन लीना गुप्ता, मन्नत मैगजीन लोकेश, लोकल एक्सप्रेस हरियाणा दीपक, लाईव 24 न्यूज सच की आईना अर्शद जाकी आदि ने भूमिका अदा की। सैम सिक्योरिटी टीम पूरा और फोटोग्राफी पार्टनर रवि का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम को अंतिम समय तक सफल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सोनिया के हसबैंड विकास वर्मा ने निभाई।